www.lagatar.in * * रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित रांची, मंगलवार 04 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 56 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



543 लोस सीट | 272 बहुमत

मुख्य मुकाबला एनडीए बनाम इंडिया

जनादेश 2024

समय पर एक नजर

› 8:00 बजे सुबह से मतगणना शुरू › 10:00 बजे से मिलने लगेंगे रुझान › 12:00 बजे तक साफ होगी तस्वीर

## लोकसभा चुनाव : सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना की प्रक्रिया, चुनाव आयोग की व्यापक तैयारी

# किसका मंगल, फैसला आज

लगातार न्यूज नेटवर्क। नई दिल्ली

इंतजार समाप्त हुआ. करीब 80 दिन तक चली लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया मंगलवार को मतगणना के साथ समाप्त हो जाएगी. तपती जेठ के दूसरे मंगलवार को किसका मंगल होगा, किसका अमंगल, ये चुनाव नतीजे के बाद साफ हो जाएगा. दिल्ली की सत्ता पर पीएम नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार काबिज हो जाएंगे या वर्ष 2004 की तरह चमत्कार होगा और इंडिया गठबंधन के सिर पर ताज सजेगा, इसका फैसला होने में कुछ घंटे का वक्त ही बचा है. चुनाव नतीजों पर पूरे देश की नजरें हैं.

**सबसे पहले होगी पोस्टल बैलेट की गिनती:** चुनाव आयोग ने मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस करके जानकारी दी कि मतगणना के दौरान सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी. मतगणना भी बिना किसी दबाव के पारदर्शी तरीके से कराई जाएगी. उन्होंने विपक्ष के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने एक भी सबूत नहीं पेश किये हैं. नतीजों का रुझान 12 बजे से आने लगेगा.

**इंडिया गठबंधन चौकन्ना है:** एग्जिट पोल एकतरफा एनडीए के पक्ष में आने के बाद से इंडिया गठबंधन चौकन्ने हैं और उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं-प्रत्याशियों को निर्देश दिया है कि वोट की अंतिम गिनती होने तक वो किसी भी हालत में मतगणना केंद्र को न छोड़ें.

**अब चुनाव प्रक्रिया पर नजर डालें** तो 19 अप्रैल से 1 जून तक सात फेज में वोटिंग हुई. यह प्रक्रिया कुल 43 दिन तक चली. पूरी प्रक्रिया में 80 दिनों तक चली. इस बार 8360 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई है. एडीआर के मुताबिक, 1333 नेशनल, 532 स्टेट, 2580 गैर मान्यता प्राप्त पार्टी से व 3915 निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा. 2019 में 7928 और 2014 में 8205 ने चुनाव लड़ा था. 751 पार्टियों ने कैंडिडेट उतारे थे. 2019 में आकंड़ा 677 व 2014 में 464 था.

### एक नजर

- 542 सीटों पर मतदान
- 07 चरणों में चुनाव
- 80 दिन चली प्रक्रिया
- 8000 से ज्यादा प्रत्याशी
- 90.99 करोड़ मतदाता
- 67.11% ने वोट डाले

ऐलान से नतीजों तक 80 दिन चली प्रक्रिया

751 पार्टियों के 8360 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा

फाइनल रिजल्ट शाम 6 बजे तक संभावित

### झारखंड: 14 सीटों के लिए होगी मतों की गिनती



### एग्जिट पोल के नतीजे क्या कहते हैं

एग्जिट पोल्स में पीएम मोदी हैट्रिक लगाते नजर आ रहे हैं. एक पोल में तो एनडीए 400 के पार तक पहुंच रहा है. 13 एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 365 और इंडिया को 145 सीटों का अनुमान् है. अन्य को 32 सीटें मिल सकती हैं. इस बार भाजपा 2019 में मिली 303 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है.

### किस नेता ने की कितनी रैलियां

चुनाव में पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा 206 रैलियां और रोड शो किए. 90 इंटरव्यू दिए. अमित शाह ने 118 रैलियां व जेपी नड्डा ने 88 रैलियां कीं. राहुल गांधी ने 107, प्रियंका गांधी ने 108 रैलियां और रोड समेत बाकी चुनावी कार्यक्रम किए. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 100 से ज्यादा इवेंट में हिस्सा लिया.

### क्या होगी मतगणना की प्रक्रिया

मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी. चुनाव आयोग ने कहा है कि मतगणना में सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती होगी. पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी होने के बाद ही ईवीएम के वोट गिने जाएंगे. पहले सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और ऑफिसर्स के वोट काउंट होंगे. सेकेंड कैटेगरी में चुनाव ड्यूटी कर रहे लोगों के पोस्टल बैलट काउंट होंगे. इन सभी पोस्टल बैलट वोट को सबसे आखिर में ईवीएम के वोट के साथ जोड़ा जाएगा. आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी काउंटिंग 4 जून को सुबह आठ बजे शुरू होगी. विस उपचुनाव में झारखंड की गांडेय समेत 26 सीटों के लिए गिनती होगी.

### इन चेहरों पर रहेगी नजर

पीएम नरेंद्र मोदी (वाराणसी), राहुल गांधी (वायनाड और रायबरेली), गृह मंत्री अमित शाह (गांधीनगर), रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (लखनऊ), कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा (खूंटी), केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), कल्पना सोरेन (गांडेय विस उपचुनाव), केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह (बेगूसराय), तारिक अनवर (कटिहार), फिल्मस्टार पवन सिंह (काराकाट), अखिलेश यादव (कन्नोज), कन्हैया कुमार (उत्तर पूर्वी दिल्ली), निशिकांत दुबे (गोड्डा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), फिल्म स्टार रविकिशन शुक्ला (गोरखपुर), अभिनेत्री हेमा मालिनी (मथुरा), केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी (अमेठी), मेनका गांधी (सुल्तानपुर), अभिनेत्री कंगना रानौत (मंडी), अरुण गोविल (मेरठ), क्रिकेटर यूसुफ पठान (बहरामपुर), प्रज्वल रेवन्ना (हासन), शशि थरूर (तिरुअनंतपुरम), दिग्विजय सिंह (राजगढ़), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), भूपेश बघेल (राजनादगांव), सुप्रिया सुले (बारामती).

### चुनाव के फैक्ट

- इस बार 121 अनपढ़ उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा. 3482 ऐसे थे जिनकी शिक्षा 5वीं ज्यादा और 12वीं से कम है. 14 ने तो यह बताया ही नहीं कि वे कितने पढ़े-लिखे हैं.
- **11 ऐसे हैं जिनकी उम्र 80 साल से ज्यादा है. 2640 ऐसे हैं जो 25 से 40 साल के बीच हैं.**
- कुल 797 महिलाओं ने चुनाव लड़ा, जिनका ओवर ऑल प्रतिशत महज 10% रहा. भाजपा से 69, कांग्रेस से 41 और बसपा से 37 महिलाएं उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहीं.
- **324 उम्मीदवार ऐसे रहे जो दोबारा सांसद पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं.**
- बड़े नेताओं में कांग्रेस के राहुल गांधी अकेले नेता हैं, जो दो लोस सीटों केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 |
| चांदी (किलो) | 95,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### टी20 विश्व कप के लिए इनाम का ऐलान

**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11 . 25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रुपये) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है, जिसमें से विजेता को 2.45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रुपये) व उपविजेता को 1.28 मिलियन डॉलर मिलेंगे. जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जायेंगे.

#### विपक्ष को सारे आरोपों का सबूत देना चाहिए: सीईसी

**नयी दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके.-पेज 12 भी देखें


# चुनाव खत्म, अब बढ़ेगी महंगाई

## टोल टैक्स बढ़ा, दूध, दाल, सब्जी और आटा भी महंगा

लगातार न्यूज नेटवर्क। रांची

लोकसभा चुनाव बीतते ही मतगणना से पहले ही उपभोक्ताओं पर महंगाई की जोरदार मार पड़ी है. दिल्ली की मदर डेयरी ने अपने दूध के दामों में प्रति लीटर दो रुपए की बढ़ोतरी कर दी है. इसके पहले अमूल ने अपने दूध के दामों में बढ़ोतरी की थी. इसका असर राज्यों की सहकारी डेरियों तक पहुंचेगा और दूध के दाम बढ़ा दिये जाएंगे.

एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल दरों में 5% की वृद्धि कर दी है, जिससे लोगों का सफर महंगा हो गया है. आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम भी बढ़ सकते हैं. इससे उपभोक्ताओं पर महंगाई की चौतरफा मार पड़ेगी. महंगाई के बीच बेरोजगारी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. दिल्ली में मदर डेयरी ने नए मूल्य जारी करते हुए बताया है कि टोंड दूध अब 54 की बजाय 56 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा. गाय का दूध भी अब 56 की जगह 58 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा. फुल क्रीम दूध अब 66 की बजाय 68 रुपए प्रति लीटर और भैंस का दूध 70 की बजाय 72 रुपए प्रति लीटर मिलेगा. टोल प्लाजा पर अब वाहन चालकों को ज्यादा पैसे देने होंगे. नई दर 3 जून की रात से लागू हो गयी है. जानकारी के मुताबिक, टोल टैक्स में वैसे सालाना संशोधन 1 अप्रैल से ही लागू करना था, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आचार संहिता लगने के कारण टोल टैक्स में बढ़ोतरी नहीं की गयी थी. लोकसभा चुनाव खत्म होते ही इसे लागू कर दिया गया है.




### आलू-टमाटर और अन्य सब्जियां महंगी

इस सीजन में टमाटर और गर्मी में आने वाली सब्जियां अपेक्षाकृत कम दामों पर मिलती थीं, लेकिन इस बार सब्जियों के दामों में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है. आलू के कम उत्पादन का सीधा असर इस सबसे प्रमुख सब्जी पर पड़ी है. आलू 30-35 रुपए में मिल रहा है, तो टमाटर भी 30 से 40 रुपए किलो मिल रहा है. दूसरी सब्जियां भी महंगी हुई हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. आटा और चावल की कीमतों में भी वृद्धि देखने को मिल रही है.

### दाल के दामों में बेतहाशा वृद्धि



अरहर दाल के मूल्य में पिछले 15 दिनों के बीच 50 रुपए प्रति किलो से ज्यादा की वृद्धि हुई है. खुले बाजार में सबसे कम कीमत वाली अरहर दाल का मूल्य भी 170 रुपए प्रति किलो के करीब है. यदि बेहतर क्वॉलिटी की दाल लेते हैं, तो यह 200 रुपए प्रति किलो या इससे ज्यादा पर बिक रही है. इस तरह आम उपभोक्ताओं के लिए दाल-दूध, सब्जी हर आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर महंगाई की जबरदस्त मार पड़ी है. चना-मटर के दामों में वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा है.

### कहते हैं एक्सपर्ट

बाजार के विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों के मुताबिक चुनाव के बाद नई सरकार से महंगाई पर तुरंत लगाम कसने की उम्मीद हो, तो संभल जाइए. चुनावी वर्षों के ट्रेंड से साफ है कि हर चुनाव के बाद महंगाई बेतहाशा बढ़ती है. चुनाव के ठीक बाद कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स उछल जाता है. इसका सीधा असर महंगाई बढने से होता है. यानी राजनीतिक दल कितने भी बड़े दावे करें, चुनाव बाद आम लोगों का सामना बढ़ी हुई महंगाई से ही होगा. इसका असर इस चुनाव में भी देखने को मिल रहा है. चुनाव खत्म होते ही महंगाई का तड़का लगना शुरू हो चुका है. आने वाले समय में डेटा से लेकर आटा तक महंगा होने का अनुमान लगाया जा रहा है.


## एग्जिट पोल के बाद झूमा बाजार

# निवेशकों की रही बल्ले-बल्ले सेंसेक्स-निफ्टी में भारी उछाल

एजेंसी। मुंबई

एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर बाजार ने रिकॉर्ड छलांग लगाई है. सोमवार को सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा. दूसरी ओर, निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया. बैंक निफ्टी पहली बार 50000 के आंकड़े को पार कर गया.

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के बाद सेंसेक्स 2,507.47 (3.39%) अंक उछल कर 76,468.78 पर पहुंच गया. दूसरी ओर, निफ्टी 733.21 (3.25%) अंक मजबूत होकर 23,263.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ. सोमवार को रुपए में भी डॉलर के मुकाबले पिछले पांच महीनों यानी दिसंबर 2023 के बाद की सबसे बड़ी छलांग दिखी. रुपया सोमवार को 28 पैसे या 0.4% की बढ़त के साथ 83.1425 पर बंद हुआ. कारोबारी सत्र के दौरान रुपया 82.9575 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा. सोमवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में 27 शेयर हरे निशान पर बंद हुए.



### निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ बढ़ी

मोदी की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से शेयर बाजार के 3% से अधिक उछल जाने से निवेशकों की संपत्ति में एक ही सत्र में 13.78 लाख करोड़ की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गयी. एक समय यह 2,777.58 अंक यानी 3.75% तक उछल कर 76,738.89 अंक पर पहुंच गया था. इस तेजी से सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 13,78,630.4 करोड़ बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया. यह तेजी मोदी के पक्ष में एग्जिट पोल का नतीजा है.

सरगर्मी

# मतगणना के लिए बनी रणनीति, जश्न की तैयारी दोनों तरफ

### जीत का जश्न मनाएगी भाजपा, हो गई है तैयारी

**नयी दिल्ली।** एग्जिट पोल के अनुमान के बाद जीत को लेकर आश्वस्त बीजेपी ने जश्न की तैयारी शुरू कर दी है.



खबर आ रही है कि मंगलवार शाम नतीजे आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी अपने आवास से लेकर बीजेपी हेडक्वार्टर तक रोड शो करेंगे. यह पहली बार होगे जब पीएम मोदी जीत से बाद इस तरह से जश्न मनाएंगे. इसी कड़ी में सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जेपी नड्डा के आवास पर लंबी बैठक की. बैठक में जश्न की तैयारी पर चर्चा हुई. साथ ही मतगणना को लेकर फूलप्रूफ रणनीति भी बनाई गई.

### मोदी और शाह से मिले नीतीश, लग रहे कयास

**नयी दिल्ली।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को पीएम मोदी से 35 मिनट तक मुलाकात की और शाम को वो



अमित शाह से भी मिले. इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं. कहा तो यहां तक जा रहा है कि नीतीश कुमार बिहार के सीएम की कुर्सी छोड़ेंगे और पीएम मोदी कैबिनेट में शामिल होंगे. खबरों की मानें तो अगर नीतीश कुमार ऐसा करते हैं तो पहली बार राज्य में कोई भाजपा नेता सीएम बनेगा. भाजपा आलाकमान से हुई इस मुलाकात में उन्हें मोदी मंत्रिमंडल किसी बड़ी जिम्मेदारी दी जाने की बात की बात कही जा रही है. हालांकि ये सब कयास ही हैं. इस पर दोनों तरफ से चुप्पी है.

### फेल होंगे एग्जिट पोल के नतीजे, इंतजार करो

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एग्जिट पोल्स के नतीजों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. सोनिया ने



सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि चुनाव के असल परिणाम एग्जिट पोल्स के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे. उन्होंने कहा, हमें प्रतीक्षा करनी होगी, बस इंतजार करें और देखें. हमें पूरी उम्मीद है कि हमारे नतीजे एग्जिट पोल्स के बिल्कुल उलट होंगे. उधर, कांग्रेस मुख्यालय में तैयारियां जोरों पर हैं. मुख्यालय परिसर में टेंट लगाया जा चुका है. कांग्रेस समर्थक पार्टी की इन तैयारियों को इंडिया गठबंधन की जीत की स्थिति में जश्न की तैयारी के रूप में देख रहे हैं.

### इंडिया की ही जीत होगी हम पूरी तरह आश्वस्त हैं

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एग्जिट पोल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है और दावा किया कि



एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियां सिर्फ भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही हैं. मतगणना से पहले यादव ने कहा, हमारे गठबंधन की जीत, देश और जनता की जीत होगी. हम और आप (मीडिया) लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोगों के बीच थे.देश-प्रेमी 140 करोड़ जनता की शक्ति के आगे भ्रष्ट और संकीर्ण सोच के चंद देश-विरोधी लोग टिक नहीं सकते हैं. देश का युवा फिर से कफ़न सिर पर बांध कर कह रहा है, मेरा रंग दे बसंती चोला.

### किसी का भी कॉल आए आप निष्पक्ष रहें, वरना...

**पटना।** राजद के कार्यालय में बिहार में महागठबंधन के नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस किया. सभी नेताओं ने बिहार में 25



से अधिक सीटें जीतने का दावा किया. इसके बाद राजद के प्रवक्ता मनोज झा ने बड़ी धमकी दी है. कहा कि हर चरण की मतगणना के बाद सारे प्रत्याशी को संतुष्ट नहीं कर पाएं, तब तक दूसरे चरण की गिनती शुरू नहीं होनी चाहिए. अगर इस बार भी 2020 की तरह पोस्टल बैलेट का तमाशा देखा गया, तो इस बार कड़ा प्रतिकार होगा. मतगणना शुरू होने से पहले स्ट्रॉंग रूम से काउंटिंग टेबल तक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की अनुमति दी जाए या एक-एक ईवीएम की गिनती की पूरी जानकारी दी जाए.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** किया गया कार्य का लाभ होगा. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है. समय का लाभ लें. मंगलस्त्रोत का पाठ करें.

**वृषभ** खर्च अधिक होगा पर कोई बड़ा लाभ होगा. दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य पूर्ण होगा. पारिवारिक चिंता दूर रहेगी. कीमती वस्तुएं का लाभ होगा. इतर का दान शिव मंदिर में करें.

**मिथुन** धन आगमन होगा. विदेश से लाभ होगा. पर खर्च अधिक होगा. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. किया गया छोटा निवेश शुभ रहेगा. आय होगी.

**कर्क** आय के लिए दिन बहुत अच्छा है. नई योजना बनेगी. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**सिंह** परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. आपके कार्य और प्रभाव से कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. मंदिर में सेवा करें.

**कन्या** समय सामान्य है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** पुराना रोग उभर सकता है. कार्य को लेकर भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. यदि संभव हो तो कर्ज लेने से बचना चाहिए. मंगलस्त्रोत का पाठ करें.

**वृश्चिक** मौसमी बीमारियों से बचें. कारोबार में लाभ होगा. कोई नया कार्य बनेगा. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. व्यर्थ भागदौड़ होगी. कार्य में विलंब होगा. चिंता तथा तनाव रहेंगे. गणेश का मंत्र जप करें.

**धनु** प्रेम में धोखा मिल सकता है. कार्य अवरुद्ध भी हो सकता है. पर मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा. आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा. माता का सेवा करें.

**मकर** माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. संतान से लाभ मिल सकता है. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** कार्य के प्रति सजग रहें साथ ही आलस त्यागें. आय में वृद्धि होगी. पराक्रम बढ़ेगा. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा.

**मीन** पराक्रम से कार्य बन सकता है. सुख के साधन जुटेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. स्त्री पक्ष से लाभ होगा. अज्ञात भय रहेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे.

### भाजपा खूंटी और राजमहल सीट को लेकर लेकर आश्वस्त नहीं

# सात लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की रस्साकशी

**राजमहल, खूंटी, सिंहभूम, धनबाद, लोहरदगा, गोड्डा और कोडरमा में हैं गठबंधन की नजरें टिकी**

**प्रवीण कुमार। रांची**

झारखंड की सात लोकसभा सीटों पर फाइट और पांच पर इंडिया गठबंधन जीत की आस लगाए हुए हैं.इसमें खूंटी, राजमहल, कोडरमा, सिंहभूम और धनबाद लोकसभा सीटें शामिल हैं. वहीं भाजपा राजमहल और खूंटी सीट को लेकर आश्वस्त नहीं है. बहरहाल यह आस कितनी गहरी है, यह तो मंगलवार की सुबह ही स्पष्ट हो पाएगा. हालांकि राजनीतिक दलों के अपने-अपने दावे होते हैं. मतदान के बाद भाजपा ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों की समीक्षा की, जिसमें पाटर्टी के शीर्ष नेता खूंटी और राजमहल में टफ फाइट मान रहे हैं. हार- जीत का आकलन नहीं कर पा रहे हैं. पार्टी दोनों सीटों को लेकर आश्वस्त नहीं है. दोनों सीटें भाजपा जीतती है, तो पार्टी पदाधिकारी और नेताओं के लिए भी अप्रत्याशित जीत होगी. हालांकि इस बात को आधिकारिक रूप से पार्टी के पदाधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं.

### राजमहल और सिंहभूम को लेकर झामुमो आश्वस्त

पार्टी नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार, बात करें तो राजमहल से झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा की जीत हो सकती है. वजह बताई जा रही है कि लोबिन हेंब्रम अपने विधानसभा में ही सिमट कर रह गए हैं. लोबिन फैक्टर नहीं चल पाया है. वहीं सिंहभूम में जोबा मांझी के समर्थन में झामुमो विधायक सहित इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी. इस लोकसभा के अंतर्गत आनेवाले सभी विधानसभा क्षेत्र से झामुमो और कांग्रेस के ही विधायक हैं. यह इलाका झामुमो का गढ़ माना जाता है.

### कांग्रेस को धनबाद, खूंटी और लोहरदगा सीट पर परचम लहराने का भरोसा

धनबाद, खूंटी और लोहरदगा लोकसभा सीट जीतने की उम्मीद कांग्रेस नेता कर रहे है. पिछले चुनाव में खूंटी लोकसभा सीट से अर्जुन मुंडा ने 1450 मतों से जीत हासिल की थी. इस बार गठबंधन के नेताओं ने ज्यादा वोट मिलने की उम्मीद जताई है. बताया जा रहा है कि खूंटी में कुर्मी वोटों का भी बिखराव हुआ है, जिसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा. वहीं भाजपा को खरसावां से बड़ी बढ़त मिलने की उम्मीद की जा रही है. कोलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस के बीच जोरदार टक्कर माना जा रहा है. दावा किया जा रहा कि लोहरदगा लोस सीट से झामुमो विधायक चमरा लिंडा कुछ खास नहीं कर पाये हैं,ऐसे में कांग्रेस हो सकता है इस सीट से जीत जाए.

**कोडरमा साफ छवि के उम्मीदवार के भरोसे जीत की उम्मीद** | इंडिया गठबंधन के तहत माले उम्मीदवार बिनोद सिंह की साफ छवि, जातिगत वोट ध्रुवीकरण न होना और कोयरी वोटों में बिखराव से माकपा माले जीत की उम्मीद कर रहा है. वहीं भाजपा प्रत्याशी के पिछले पांच साल में इलाके के लिए कुछ खास नहीं करने से नाराजगी भी है.

### राजेश ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता में रखी बात, कहा-

# एग्जिट पोल सत्य और तथ्य से परे मीडिया घराने अपनी भूमिका तय करें

**विशेष संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस ने देश के बड़े मीडिया घरानों के द्वारा जारी किये गये एक्जिट पोल को सत्य और तथ्य से परे करार दिया है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अब तो अति हो गया है, अब समय आ गया, देश के बड़े मीडिया घराने अब तो अपनी भूमिका अदा करें, यह तय करें कि वह लोकतांत्रिक देश में जनता के साथ है या फिर किसी विशेष पार्टी, सट्टा बाजार और पूंजीपतियों के साथ. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रमुख मीडिया घरानों के द्वारा जारी एक्जिट पोल के फैक्ट ही उस पर सवाल खड़ा कर रहा है.

उदारहण स्वरूप झारखंड में गठबंधन के तहत माले केवल कोडरमा सीट पर चुनाव लड़ रहा है. मगर एक्जिट पोल इन्हें दो से तीन सीट दिखा रहा है. ठीक इसी प्रकार से तमिलनाडु में कांग्रेस केवल 9 सीट पर चुनाव लड़ रही है. मगर वहां पर कांग्रेस को 13-15 सीट दिखाया जा रहा है. यही स्थिति कर्नाटक में है, कर्नाटक में कांग्रेस डीएमके साथ गठबंधन के तहत 9 सीट पर चुनाव लड़ रही है, वहां भी कांग्रेस को 13-15 सीट दिखाया जा रहा है. अब ऐसे में कैसे इस एक्जिट पोल पर यकीन किया जाए. इसलिए अब अति हो गया है, देश के प्रमुख मीडिया घरानों को अपनी भूमिका तय करनी चाहिए नहीं तो यह लोकतंत्र नहीं बचेगा. उक्त बातें ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.



पत्रकारों से मुखातिब राजुश ठाकुर.

### हम मुद्दे पर चुनाव लड़ें, परिणाम हमारे पक्ष में आएगा

ठाकुर ने कहा कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पूरा चुनाव मुद्दे के आधार पर लड़ा. जबकि भाजपा और प्रधानमंत्री ने पूरे चुनाव अभियान में एक भी मुद्दे की बात नहीं की. देश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी पर कोई भी भाजपा का नेता या उनके पीएम नरेंद्र मोदी ने एक शब्द नहीं कहा. पूरा चुनाव अभियान नरेंद्र मोदी और उनकी टीम ने दिशाविहिन व मुद्दाविहिन आधार पर चलाया. इसलिए हम यह कह सकते हैं कि परिणाम हमारे पक्ष में आएगा और 4 जून के बाद दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी.

### एक्जिट पोल के जरिए अफसरों पर दबाव बनाया जा रहा है

ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी बॉयोलिजिकल नहीं हैं, उसी प्रकार से एक्जिट पोल भी है. यह एक्जिट पोल एक प्रेशर पॉलिटिक्स है, इसके जरिए अफसरों पर दबाव बनाया जा रहा है. उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है, एक सायकोलॉजिकल प्रेशर बनाने के लिए यह प्री-प्लांड एक्जिट पोल है. उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग बिना किसी के दबाव में आए निष्पक्ष मतगणना कराएगा, ताकि इस लोकतांत्रिक देश में उनकी साख बची रह सके.

### अगर मोदी आए तो 80 करोड़ से अधिक और गरीब बढ़ेंगे

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम 80 करोड़ गरीब को पांच किलो मुफ्त राशन दे रहे हैं. अगर सत्ता में आए तो इसकी संख्या और बढ़ाएंगे, इसका साफ मतलब हुआ कि आने वाले दिनों में देश से गरीबी कम होने वाली नही है. गरीबी और बढ़ेगी. बेरोजगारी और महंगाई और बढ़ेगी. ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी बॉयोलिजिकल नहीं है, उसी प्रकार से एक्जिट पोल भी है. यह एक्जिट पोल एक प्रेशर पॉलिटिक्स है, इससे अफसरों पर दबाव बनाया जा रहा है.

**अगर मोदी आए तो 80 करोड़ से अधिक और गरीब बढ़ेंगे** | ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम 80 करोड़ गरीब को पांच किलो मुफ्त राशन दे रहे हैं. अगर सत्ता में आए तो इसकी संख्या और बढ़ाएंगे,इसका साफ मतलब हुआ कि आने वाले दिनों में देश से गरीबी कम होने वाली नहीं है. गरीबी और बढ़ेगी. बेरोजगारी और महंगाई और बढ़ेगी.

### देश की जनता विपक्ष को इस बार करवा रही है पॉलिटिकल एग्जिट: प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को कांग्रेस और झामुमो की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर विपक्ष बहाने खोज रही है. मीडिया को टारगेट किया जा रहा है. चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न किया जा रहा है। एग्जिट पोल पर इनको विश्वास नहीं है. अब तो इनको राजनीतिक रूप से देश की जनता एग्जिट करवाने वाली है. पहले विपक्ष ईवीएम हैक का नारा लगाती थी. फिर गृह मंत्री पर डेढ़ सौ डीएम से बात करने की बिना सुबूत का बेबुनियाद आरोप लगाया. विपक्ष हार के बहाने भी ठीक से खोज नहीं पा रही. कभी ईवीएम हैक की बात कर रही है तो कभी डीएम हैक की. कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन अपने शहजादे के नेतृत्व में एक और बड़ी हार को झेलने जा रहा है.

- इंडी गठबंधन को अधिकांश एग्जिट पोल में 80 से 140 सीटें ही, तो क्या बाकी सीट अब्दुल टेंट हाउस से मंगवाएगी कांग्रेस?

**कांग्रेस स्पष्ट करें कि कहां से लाएंगी 295 सीटें :** प्रतुल ने कहा कि तमाम एग्जिट पोल बता रहे हैं कि एनडीए गठबंधन 400 सीटों के आंकड़े को छूएगी या पार करेगी. यही एग्जिट पोल इंडि गठबंधन को 80 से 140 सीट तक दे रहे हैं. अब कांग्रेस स्पष्ट करें कि वो अपने दावे के 295 सीटें कहां से लायेगी? क्या बाकी बची हुई सीटों को अब्दुल टेंट हाउस से कांग्रेस मंगवाएगी? क्योंकि इसी अब्दुल के नाम पर इन्होंने चुनाव लड़ा था और इसी अब्दुल को आरक्षण देने की बात भी कही थी. प्रतुल ने कहा की कल तक झारखंड की 14 सीटों पर जीत की बात करने वाला विपक्ष अब झारखंड में 10 सीटों पर उतर आया है, जबकि इनका यहां खाता भी नहीं खुलने वाला है. एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है.

### झारखंड : आचार संहिता लागू होने के बाद 134 करोड़ के सामान व कैश जब्त

**शुभम किशोर। रांची**

चुनाव आयोग ने 16 मार्च 2024 को 18वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा की थी. चुनावी बिगुल बजने के बाद झारखंड समेत पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी थी. झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 1 जून तक विभिन्न एजेंसियों ने 134 करोड़ 75 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की. इसमें 45 करोड़ 90 लाख कैश, 4 करोड़ 38 लाख की शराब, 68 करोड़ 74 लाख के ड्रग्स, 1 करोड़ 32 लाख के बहुमूल्य मेटल, 16 लाख के मुफ्त के सामान और 14 करोड़ 77 लाख के अन्य वस्तु जब्त शामिल हैं. हालांकि सही ब्यौरा देने पर 134 करोड़ 75 लाख में से लगभग 7 करोड़ 65 लाख नकद और सामान छोड़ दिये गये.

**जानें किस जिले में कितने रुपये जब्त हुए**

| जिला | अमाउंट सीज (रुपये में) |
|---|---|
| साहिबगंज | 5,47,548 |
| पाकुड़ | 12,09,537 |
| दुमका | 29,90,131 |
| जामताड़ा | 31,94,374 |
| देवघर | 1,81,85,238 |
| गोड्डा | 1,61,16,895 |
| कोडरमा | 1,72,13,572 |
| हजारीबाग | 4,35,91,238 |
| रामगढ़ | 21,71,185 |
| चतरा | 22,22,70,336 |
| गिरिडीह | 73,54,620 |
| बोकारो | 2,66,16,097 |
| धनबाद | 2,54,30,268 |
| पूर्वी सिंहभूम | 1,53,03,733 |
| सरायकेला खरसावां | 75,16,490 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 12,94,77,079 |
| रांची | 58,35,74,765 |
| खूंटी | 9,07,30,527 |
| गुमला | 4,12,468 |
| सिमडेगा | 8,64,899 |
| लोहरदगा | 4,04,347 |
| लातेहार | 2,13,72,460 |
| पलामू | 3,07,21,991 |
| गढ़वा | 17,24,039 |
| कुल | 127,09,93,837 |

# जयराम महतो के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** जेबीकेएसएस के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी जयराम महतो को रांची सिविल कोर्ट से मिली राहत बरकार है. पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने जयराम महतो के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया था, जिसे सोमवार को विस्तार दिया गया है. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त की कोर्ट में सुनवाई के दौरान जयराम महतो के अधिवक्ता ने बहस के लिए समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और जयराम के खिलाफ पीड़क कार्रवाई के आदेश को 10 जून तक विस्तार दे दिया. अब इस मामले में कोर्ट 10 जून को सुनवाई करेगा. बता दें कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट लिया है.

# पंडरा के मतगणना स्थल पर है चार लेयर की सुरक्षा व्यवस्था

**संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट को लेकर रांची पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. पंडरा स्थित मतगणना स्थल पर चार लेयर की सुरक्षा की गई है. साथ ही पूरे पंडरा बाजार समिति कैंपस में पुलिस बल की तैनाती की गई है. सुरक्षा के लिए रांची जिला बल के जवानों के अलावा सीआरपीएफ जवानों को भी लगाया गया है. अतिरिक्त एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है. रविवार को रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और डीसी राहुल सिन्हा ने पूरी सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लिया था.

**तीन आईपीएस स्तर के अधिकारी और दो डीएसपी की प्रतिनियुक्ति की गई है :** मतगणना को लेकर पंडरा बाजार समिति में तीन आईपीएस स्तर के अधिकारी, दो डीएसपी और छह इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है. दो घेरे की सुरक्षा का जिम्मा जिला बल और एक घेरा जैप के जिम्मे रहेगा. वहीं चौथे घेरा मतगणना स्थल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ जवानों की होगी. मतगणना केंद्र के आसपास और शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता की गयी है. मतगणना के लिए पहुंचे अधिकारियों और प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट के लिए जो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं, वहां मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे. प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर भी लगा है. पूरी चेकिंग के बाद ही वहां लोग प्रवेश कर पाएंगे.



### सचिव से डीसी रैंक के अफसर इधर से उधर किये जा सकते हैं, राजनीतिक गहमागहमी भी रहेगी

# चुनाव नतीजे के बाद सरकारी महकमे में हो सकता है बदलाव

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव की मतगणना संपन्न होने के बाद झारखंड के सरकारी महकमे में तेजी से बदलाव होगा. इसकी वजह यह बताई जा रही है कि चंपाई सरकार का कार्यकाल लगभग छह महीने ही बचा है. इस लिहाज से भी ब्यूरोक्रेसी में बदलाव किया जा सकता है. सूत्रों के अनुसार, डीसी से लेकर सचिव रैंक के अफसर इधर से उधर किए जा सकते हैं. पथ एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव मनीष रंजन ईडी जांच के रडार पर हैं. उन्हें पद से हटाया जा सकता है. ईडी जांच का दायरा बढ़ने पर कुछ अन्य आइएएस भी इधर-उधर किए जा सकते हैं.

**मंत्री पद के लिए फिर शुरू होगी लॉबिंग :** झारखंड सरकार में नंबर दो की हैसियत वाले कांग्रेसी मंत्री आलमगीर आलम को टेंडर कमीशन घोटाला में ईडी ने गिरफ्तार किया था. उनके जेल गए 17 दिन से अधिक हो गए हैं, लेकिन उन्होंने अब तक मंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है. जानकारी के अनुसार, लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद पार्टी और सरकार उनसे इस्तीफा मांग सकती है. आलमगीर के जेल में होने की वजह से ग्रामीण विकास विभाग की कई योजनाओं पर विराम लग गया है. विभाग में पेंडिंग फाइलों की संख्या बढ़ रही है. ऐसे में आलमगीर आलम की जगह कांग्रेस कोटे से किसी अन्य विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है. इसे लेकर फिर से एक बार मंत्री पद के लिए लॉबिंग भी शुरू हो जाएगी.

### योजनाओं के क्रियान्वयन को मिलेगी रफ्तार

चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद झारखंड में विकास की रफ्तार तेज होगी. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बनाई गई योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा. इसके लिए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिवों को पत्र लिखा है. पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगनी है. ऐसे में सभी विभाग वैसी नई योजना की पूरी तैयारी कर के रखें, जिसकी आचार संहिता से पहले स्वीकृति मिल सके और फिर टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो जाए. लोकहित संबंधित योजनाओं को आगामी छह माह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य है. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 216 योजनाएं तैयार की गई हैं.

### विधायकों पर दल- बदल का मामला भी हो सकता है शुरू

चुनावी नतीजों के बाद विधायकों पर दल-बदल का मामला भी शुरू हो सकता है. दुमका से भाजपा के टिकट पर किस्मत आजमा रहीं सीता सोरेन ने विधायक पद से इस्तीफा तो दे दिया है, लेकिन अब तक इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है. उन्होंने इस्तीफा अपनी बेटी के मेल से भेजा था. स्पीकर न्यायाधिकरण ने सीता सोरेन से इस्तीफा की मूल प्रति मांगी है. उन्होंने अब तक मूल प्रति नहीं दी है, इसलिए इस्तीफा पर फैसला नहीं लिया जा सका है. वहीं कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपा विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के विरुद्ध स्पीकर के न्यायाधिकरण में शिकायत दर्ज हो चुकी है. न्यायाधिकरण से उन्हें नोटिस जारी हो चुका है. उन्हें चार मई तक नोटिस का जवाब खुद या अधिवक्ता के माध्यम से भेजना था. मगर, उन्होंने जवाब देने के लिए समय की मांग की थी.

### आचार संहिता खत्म होते ही झारखंड में होगा बड़ा बदलाव

## बड़े पैमाने पर होगा आईपीएस का तबादला, हटाये जाएंगे कई एसपी

**संवाददाता। रांची**

आचार संहिता खत्म होते झारखंड में बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों का तबादला होगा. साथ ही कई जिलों के एसपी का भी तबादला होगा. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, छह जिलों के एसपी बदले जाएंगे. साथ ही आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारियों का भी तबादला किया जाएगा. ऐसा माना जा रहा है कि अगले सप्ताह आईपीएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट जारी हो जाएगी.

**तेज तर्रार आईपीएस को जिम्मा सौंपने पर चल रहा मंथन :** जानकारी के अनुसार, झारखंड सरकार राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर गंभीर है. ऐसे में बेहतर परिणाम नहीं देने के वाले कई आईपीएस अफसर बदले जाएंगे. ऐसे अधिकारियों के काम की समीक्षा की जा रही है. जिले में कप्तान बदलने के लिये अपराध का ग्राफ भी देखा जा रहा है. लगातार बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों को जिम्मा सौंपने पर भी मंथन चल रहा है.

**झारखंड पुलिस में आईपीएस के 15 पद खाली :** डीजी ट्रेनिंग, डीजी रेलवे, एडीजी विशेष शाखा, आईजी एसीबी, आईजी ट्रेनिंग, डीआईजी एसआईबी, डीआईजी बजट, आईजी एससीआरबी, एसपी एससीआरबी, एसपी सीआईडी, एसपी सीआईडी, एसपी एसीबी, एसपी जेएपीटीसी, एसपी जंगल वारफेयर, डीजीपी स्पेशल असिस्टेंट.



**एक साल में रिटायर हो जाएंगे ये सात आईपीएस**

एसएन प्रधान
अजय भटनागर
अजय कुमार सिंह
अनुराग गुप्ता
आरके मलिक
मुरारीलाल मीणा
राजकुमार लकड़ा

# रांची जिला प्रशासन ने मतगणना को लेकर तैयारी की पूरी

**रांची।** चार जून को 18 वीं लोकसभा के लिए हुए मतगणना किया जाएगा. रांची लोकसभा क्षेत्र का मतगणना पंडरा बाजार समिति के भवन में किया जायेगा. सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पंडरा के स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया. साथ ही जिले के मतगणना में प्रतिनियुक्त सभी वरीय पदाधिकारी, कर्मी और सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया. साथ ही मतगणना की पूर्ण प्रक्रिया का रिहर्सल भी किया गया. मतगणना प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने और अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी को निर्देश दिए गए. केवल वे वरीय पदाधिकारी, कर्मी और सुरक्षा कर्मी जिनकी ड्यूटी मतगणना प्रक्रिया में प्रतिनियुक्त है और जिनके पास प्रवेश पास होगा, वे ही हॉल में प्रवेश कर सकेंगे. किसी अन्य व्यक्ति को हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी. मतगणना हॉल में केवल आवश्यक सामग्री जैसे कि आधिकारिक दस्तावेज, पहचान पत्र और ड्यूटी संबंधी उपकरण ले जाने की अनुमति होगी. किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, कैमरा या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रवेश निषिद्ध होगा. मतगणना हॉल में प्रवेश से पूर्व सभी जितने भी व्यक्तियों का मतगणना हॉल के लिए प्रवेश पत्र होगा, उसकी गहन जांच की जाएगी, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.



मतगणना के संबंध में जानकारी देते उपायुक्त राहुल सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा.

**क्लासिफाइड**









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, मंगलवार 04 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 56 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### सोनारी के ज्वेलर्स लूटकांड में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 35 लाख का सोना बरामद चार लुटेरे भी पकड़े गए

## आरोपियों से देसी कारबाइन, तीन पिस्टल व 17 गोली भी मिली

**संवाददाता | जमशेदपुर**

सोनारी थाना अंतर्गत एमबी ज्वेलर्स में 23 मई को हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. इस संबंध में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में पलामू जिले के चैनपुर निवासी ऋषि राज उर्फ सोनी, गोविंदा पासवान, राहुल शर्मा और अभिषेक गुप्ता शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 431.73 ग्राम गला हुआ सोना, 50 हजार नकद, घटना में प्रयुक्त एक देसी कार्बाइन, तीन पिस्टल, 17 कारतूस, सोना गलाने का उपकरण और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है. बरामद सोने की कीमत 35 लाख रुपये आंकी गई है. पुलिस ने ऋषि राज की गिरफ्तारी रांची से की, जबकि अन्य की गिरफ्तारी पलामू से की गई है.

सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि 24 मई को हुई घटना के बाद डीएसपी मुख्यालय 1 और मुख्यालय 2 के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया. टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान की. पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक आरोपी रांची में छुपा है, जिसके बाद रांची पुलिस की मदद से पहले ऋषि राज को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में अन्य आरोपियों की भी पहचान पर पलामू से गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपियों की निशानदेही पर रांची के एक मकान से गला हुआ सोना और हथियार बरामद किया गया. मकान को किराए पर लिया गया था. वहीं लूटे ए गहनों को सीलींग फैन में छुपा कर रखा गया था. उसे बाद में बेचकर रुपये का बंटवारा कर लेते.

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी पूर्व में भी जेल जा चुके हैं और आभूषण कारोबार से ही जुड़े हैं. पलामू जेल में बंद सोनारी के हेते के साथ सभी की एक साल पूर्व मुलाकात हुई थी, जहां से उन्हें सोनारी की जानकारी मिली. अक्टूबर 2023 में गिरोह के सदस्यों ने सोनारी में रेकी की और लूट के लिए एबी ज्वेलर्स को चिह्नित किया, क्योंकि यहां लूट को अंजाम देने के बाद सभी आराम से मरीन ड्राइव होते हुए हाइवे की ओर से फरार हो जाते. एसएसपी ने बताया कि जमशेदपुर में घटना को अंजाम देने के पूर्व सभी गढ़वा में एक लूट की घटना को अंजाम दे चुके हैं.

गिरोह में कुल 6 सदस्य हैं. दो सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जी रही है. पुलिस सभी को रिमांड में लेकर पूछताछ करेगी.



एमबी ज्वेलर्स में हुई लूट का खुलासा करते एसएसपी कौशल किशोर, साथ में सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत, डीएसपी निरंजन तिवारी.

- पुलिस ने एक को रांची से गिरफ्तार किया, तीन अन्य पलामू से धराए
- गिरोह के दो अन्य सदस्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी

### गहनों को गलाकर पंखे में छुपाया था सोना



घटना के लिए जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव से एक दिन पहले की तारीख 24 मई चुनी. इस वक्त पुलिस चुनाव में व्यस्त थी. 23 मई को गिरोह के सदस्यों ने दुकान की रेकी भी की थी. सभी ने रांची के बरियातू बक्सा गली और लोअर बाजार में एक-एक किराए का मकान ले रखा था, जहां हथियार छुपा कर रखा था. इनमें से ऋषि और गोविंदा बस से हथियार लेकर शहर पहुंचे और राहुल और अभिषेक बाइक से शहर पहुंचे. यहां सभी एक हुए. एक बाइक पर गोविंदा, ऋषि और राहुल शर्मा सवार हुए और दुकान पहुंचे. अभिषेक बाहर रेकी कर रहा था. घटना को अंजाम देने के बाद तीन लोग बाइक से मरीन ड्राइव होते हुए भागे और बुंडू के पास एकजुट हुए. यहां से राहुल हथियार लेकर बस से रांची पहुंचा. सभी ने गहनों को गला दिया और गले हुए सोने को पंखे में छिपा दिया.

### कदमा के भोलू हत्याकांड के दो आरोपी भेजे गए जेल, वर्चस्व की लड़ाई में की थी हत्या

**जमशेदपुर |** कदमा थाना अंतर्गत कदमा बाजार में 23 मई को भोलू कुम्हार की हत्या कर दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने आदित्यपुर विद्युत नगर निवासी राहुल पंडित और कदमा शास्त्रीनगर निवासी प्रशांत कुमार कापड़ी उर्फ बिट्टू कापड़ी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा और तीन गोली बरामद किया है. मामले में विक्की नंदी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी. हालांकि जांच के क्रम में अन्य लोगों के नाम भी सामने आए. पुलिस ने पहले राहुल को आदित्यपुर से गिरफ्तार किया. राहुल की निशानदेही पर प्रशांत कुमार पुलिस के हत्थे चढ़ा. पुलिस ने प्रशांत के वाशिंग सेंटर से हथियार बरामद किया. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि भोलू की हत्या वर्चस्व को लेकर की गई है.

**ब्रीफ खबर**

### प्रेमिका का हत्यारा दोषी करार, सजा आज

**जमशेदपुर |** बोड़ाम के बोटा गांव में प्रेमिका समोला सिंह की हत्या के आरोपी सुकू सिंह को कोर्ट ने दोषी करार दिया है. मामले की सुनवाई करते हुए प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश एके मिश्रा की अदालत में सोमवार को सुकू को दोषी पाया गया. अदालत मंगलवार को सजा की बिंदू पर सुनवाई करेगी. घटना 13 जून 2019 की है. बता दें कि समोला सिंह की हत्या कर सुकु ने जंगल के एक कुंए में फेंक दिया था. बाद में पुलिस ने शव को बरामद किया.

### आंधी प्रभावित लोगों से मिले संजीव सरदार

**जमशेदपुर |** बागबेड़ा क्षेत्र में पिछले रविवार को आंधी तूफान व बारिश के दौरान तबाही की सूचना पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं झामुमो बागबेड़ा कॉलोनी इकाई अध्यक्ष अजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार को दी. इसके बाद संजीव सरदार ने उत्तरी बागबेड़ा पंचायत के गांधीनगर शाखा मैदान एवं उतरी बागबेडा पंचायत कीत नया बस्ती का दौरा किया. इस दौरान विधायक संजीव सरदार ने स्थानीय लोगों से मिल कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली.

### जमशेदपुर का तापमान 39.5, बारिश से राहत

**जमशेदपुर |** शहर में सोमवार की शाम भी बारिश ने गर्मी और उमस से राहत दिलायी. इस दौरान सबकुछ सबकुछ सामान्य रहा. कहीं से किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है. मौसम विभाग के अनुसार अभी एक-दो दिन तक इसी तरह शाम के समय बारिश की संभावना है. विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम 39.5 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक था.

### चैम्बर व ज्वेलर्स एसोसिएशन ने एसएसपी का जताया आभार

**संवाददाता | जमशेदपुर**

जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत एयरोड्रम बाजार के पास स्थित एमबी ज्वेलर्स में बीते दिनों बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था. सोमवार को मामले के खुलासे के बाद सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं जमशेदपुर ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी किशोर कौशल से मुलाकात की.

प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी और उनकी पूरी टीम के प्रति आभार प्रकट किया. सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने कहा कि चुनावी माहौल के बीच इतनी बड़ी घटना को अंजाम देना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी. जिला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लूटकांड में को अंजाम देने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही लूट का सामान भी बरामद किया है.

वहीं एसएसपी किशोर कौशल ने व्यापारियों और चैम्बर के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारियों की सजगता और साथ के कारण ही आज जिला पुलिस बदमाशों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है. एसएसपी ने भरोसा दिलाया है कि जल्द की चैंबर, व्यापारियों संग बैठक कर बाजारों की विधि व्यवस्था समेत कई अहम समस्याओं पर चर्चा करेंगे.

प्रतिनिधिमंडल में सिंहभूम चैंबर के उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, ज्वेलर्स एसोसिएशन से बिपिन अडेसरा, कमल सिंघानिया, चैम्बर सचिव, भरत मखानी, लिप्पू शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल रिंगसिया, सुरेश जैन, कृत अडेसरा, संजय जैन, पीयूष गोयल, कौशल जैन, मुकेश जैन, सन्नी संघी, प्रीतम जैन, कृष्णा सोनी उपस्थित थे.

### डॉ. अशोक अविचल बने अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष

**जमशेदपुर |** मैथिली और हिंदी के साहित्यकार एवं शहर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक अविचल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैथिली भाषा मिथिला राज आदि के लिए काम करने वाली सशक्त संस्था अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया है. डॉ अविचल इससे पहले 2003 से 2006 तक परिषद के केंद्रीय सचिव एवं 2006 से 2009 तक केंद्रीय संगठन मंत्री रह चुके हैं. फिलहाल में वह परिषद के केंद्रीय साहित्य मंच के अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे थे.

देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्थान साहित्य अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार में भी वह पांच वर्ष मैथिली सलाहकार समिति के सदस्य एवं पांच वर्ष सामान्य एवं कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में मैथिली का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. डॉ अविचल पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के भी को-ऑर्डिनेटर रहे हैं.

# ईवीएम से आज निकलेगा फैसला

## सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना, जमशेदपुर में विद्युत व समीर समेत 25 सिंहभूम में गीता व जोबा समेत 14 प्रत्याशियों के समर्थकों की धड़कनें तेज

**जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र**

| विधानसभा क्षेत्र | टेबल | राउंड |
|---|---|---|
| बहरागोड़ा | 14 | 19 |
| घाटशिला | 15 | 20 |
| पोटका | 16 | 21 |
| जुगसलाई | 20 | 20 |
| जमशेदपुर पूर्वी | 15 | 20 |
| जमशेदपुर पश्चिमी | 16 | 21 |

- सुबह 4 बजे खुलेगा ईटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम
- सुबह 7 बजे ईवीएम स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे
- सुबह 7 :59 बजे तक प्राप्त किये जाएंगे सर्विस वोटर के पोस्टल बैलेट
- सुबह 8 बजे से शुरू होगी पोस्टल बैलेट व ईटीबीएस की गणना
- सुबह 8 :30 बजे से शुरू होगी ईवीएम में पड़े मतों की गिनती

**सिंहभूम संसदीय क्षेत्र**

| विधानसभा क्षेत्र | टेबल | राउंड |
|---|---|---|
| सरायकेला | 18 | 24 |
| चाईबासा | 14 | 21 |
| मझगांव | 14 | 20 |
| जगन्नापुर | 14 | 17 |
| मनोहरपुर | 14 | 19 |
| चक्रधरपुर | 14 | 17 |

**मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर**

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत पिछले 25 मई को जिले में संपन्न मतों की गिनती मंलगवार (04 जून) होगी. इसके साथ ही जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से इस बार चुनाव मैदान में उतरे 25 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा. मतगणना की घड़ी नजदीक आते देख प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धड़कनें तेज होती जा रही है.

यहां सांसद व एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है. इसे लेकर दोनों ही खेमे में अपनी-अपनी जीत के दावों के साथ ही जीत के जश्न की तैयारी भी की जा रही है. दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के बीच कयासों व दावों के साथ ही उत्साह का माहौल है.

**मतगणना के लिए 96 टेबल**

मतगणना के लिए सभी छह विधानसभा की ईवीएम की गिनती के लिए कुल 96 टेबल लगाये गये हैं. प्रत्येक टेबल पर एक सुपरवाइजर, एक मतगणना सहायक, एक माइक्रो आब्जर्वर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी है. पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 42 टेबल लगाये गये हैं. वहीं 7 टेबल पर ईटीपीबीएस के मतों की गणना होगी. प्रत्याशी अपने काउंटिंग एजेंट की प्रतिनियुक्ति कर सकेंगे. पहचान पत्र बगैर किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी. एजेंटों को कॉपी, पेन एवं कागज, किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, खाने-पीने की वस्तु या अन्य कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं दी गयी है. ईवीएम स्ट्रांग रूम से काउंटिंग हॉल के बीच ईवीएम लाने के अलग से बैरिकेडिंग की गयी है. पर्याप्त संख्या में 360° मूवमेंट वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही और हर स्पॉट पर निगरानी के लिए वीडियोग्राफर प्रतिनियुक्त किये गये हैं, ताकि मतगणना केंद्र परिसर में कहीं भी शैडो एरिया न रहे. चप्पे-चप्पे पर निगरानी की व्यवस्था की गयी है.

**पुलिस ने किया फ्लैग मार्च**

लोकसभा चुनावों की मंगलवार सुबह से शुरू होने वाली काउंटिंग के पूर्व सोमवार की दोपहर शहर में पुलिसकर्मियों ने फ्लैग मार्च किया. शहर के संवेदनशील इलाकों में अत्याधुनिक हथियारों के साथ पुलिस ने फ्लैग मार्च किया.

साकची में डीएसपी सिटी सुधीर कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी, साकची थाना प्रभारी समेत पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला. सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि वोटों की गिनती के पहले जनसुरक्षा को लेकर पुलिस ने यह पैदल फ्लैग मार्च किया है. स्थानीय पुलिस बल के जवानों के अलावा अन्य टुकड़ियों को भी शामिल किया गया था. जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में हुए मतदान के लिए को-ऑपरेटिव कॉलेज में मतणनना होनी है.

**स्वास्थ्य टीम रहेगी तैनात**

जमशेदपुर लोकसभा चुनाव मतगणना के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने चार टीम बनाई है. सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम का भी गठन किया गया है. इस टीम में डॉक्टर, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं. वहीं मतगणना के दौरान को-ऑपरेटिव कॉलेज में चार 108 नंबर की एंबुलेंस एवं हंस फाउंडेशन की तीन एंबुलेंस को तैनात किया गया है, ताकि मतगणना के दौरान किसी की तबीयत खराब होने पर तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के साथ एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जा सके. अस्पतालों को भी सतर्क कर दिया गया है. दो टीम मतगणना केंद्र के पास रहेगी, जबकि दो टीम को-ऑपरेटिव कॉलेज गेट के पास रहेगी.

**अधिक से अधिक लोगों का मुंह मीठा कराने की तैयारी**

भाजपा जिला कमेटी के महामंत्री अनिल मोदी ने बताया कि एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो की जीत सुनिश्चित है. इसे लेकर जश्न की तैयारी भी की गयी है. सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में जश्न मनाया जायेगा. मिठाइयां बांटी जायेंगी. साथ ही जिला कमेटी के स्तर से भी खुशियां मनायी जायेंगी. मंडल से जिला कमेटी तक का यही प्रयास होगा कि अधिक से अधिक लोगों का मुंह मीठा कराया जाये.

**जीत के जश्न की तैयारी, घोषणा का इंतजार**

इंडी गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने बताया कि जीत के जश्न की सारी तैयारी की गयी है. पिछली बार वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के परिणामों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में जश्न की तैयारी थी. लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद पता चला कि एक ही राज्य में हमने जीत दर्ज की है.

अतः परिणाम की घोषणा तक हम इंतजार करेंगे. जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में बने मतदान केंद्रों से आये 1887 ईवीएम को-ऑपरेटिव कॉलेज भवन में बने स्ट्रांग रूम में रखे गये हैं, जहां मतगणना भी होगी. मतगणना कार्य पूरी निष्पक्ष एवं पारदर्शी रहे, इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के मार्गदर्शन में सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है. इस क्रम में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मतगणना संबंधी गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन किया गया है. राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा मतगणना हॉल के प्रत्येक टेबल के लिये काउंटिंग एजेंट रखे जा सकते हैं.

### सिंहभूम सीट पर अटकलों का बाजार तेज

**संवाददाता | चाईबासा**

लोकसभा चुनाव का परिणाम मंगलवार को सामने आयेगा. सिंहभूम लोकसभा सीट से 14 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं. एनडीए गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा तथा इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी पर सबकी नजरें टिकी हैं. दोनों के बीच कांटे की टक्कर है. दोनों पार्टी के नेता अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा भी कर रहे हैं. चुनाव परिणाम पर तरह-तरह के अटकलें लगाई जा रही हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर चुनाव एनडीए गठबंधन प्रत्याशी (गीता कोड़ा) जीतती है, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा पर तरह-तरह के सवाल खड़े हो सकते हैं. भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी ने अपने-अपने कार्यकर्ताओं संग बैठक कर मंगलवार को होने वाले मतगणना के संबंध में रणनीति बनाई. दूसरी ओर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी और एसपी आशुतोष शेखर ने चुनाव कार्य से जुड़े दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग की.



मतगणना की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च करती जमशेदपुर पुलिस.

### मंदिर होकर मतगणना केंद्र जायेंगे समीर



इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी वह सुबह नित्यकर्म के निवृत होने के पश्चात मंदिर जायेंगे. वहां ईश्वर का आशीर्वाद लेकर मतगणना केंद्र की ओर से निकलेंगे. सुबह करीब 9:00 से 10:00 के बीच मतगणना केंद्र पहुंचेंगे. मतगणना केंद्र परिसर में जाकर वहां का हाल जानेंगे. उसके बाद बाहर आकर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से मिलेंगे. उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान जिस प्रकार उन्हें जनसमर्थन मिला है उसे देखते जीत के प्रति आश्वस्त हैं.

### सुबह पूजा-अर्चना कर घर से निकलेंगे विद्युत



एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी वह नित्यकर्म से निवृत होने के पश्चात पूजा-अर्चना कर घर से निकलेंगे. इस क्रम में वे पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से मिलेंगे. मतगणना केंद्र भी जायेंगे. उन्हें इस बार भी जनता का आशीर्वाद मिला है. अतः अपनी जीत के प्रति आशान्वित हैं. जीत की घोषणा के पश्चात कार्यकर्ताओं से मिलेंगे. चुनाव में उन्होंने दिन-रात मेहनत की है. अतः उनसे मिल कर उनका भी आभार जतायेंगे.





**कार्रवाई** दलमा वनक्षेत्र के बांधडीह जंगल में आग जला कर बैठे थे कुछ लोग, वनकर्मियों को देखते ही भागे

# बगैर अनुमति दलमा में प्रवेश करने पर दो वाहन जब्त

**संवाददाता | चांडिल**

दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में एक कार और एक बोलेरो से कुछ लोगों के जबरन घुसने और जंगल में आग लगाने की घटना प्रकाश में आयी है. इस मामले में कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने दलमा क्षेत्र से कार व बोलेरो को जब्त कर लिया है. वाहन के मालिक के नाम मामला दर्ज करने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है.

इस संबंध में दलमा रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया कि वन विभाग की टीम पूरे मामले की गहन जांच कर रही है. उन्होंने बताया कि दोनों वाहन के साथ टीम ने एक छोटा गैस सिलेंडर भी बरामद किया है. जब्त वाहन और गैस सिलेंडर को माकुलाकोचा चेकनाका परिसर में सुरक्षित रखा गया है.



वन विभाग के दलमा फॉरेस्टर सागर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार की रात चाकुलिया चेकनाका में एक मारुति कार और एक बोलेरो नाइट गार्ड के साथ बदसूलीकी करते हुए बगैर अनुमति के जबरन दलमा में प्रवेश कर गए. नाईट गार्ड द्वारा रोकने पर बोलेरो सवार ने उसके साथ धक्का-मुक्की भी की. नाइट गार्ड ने इसकी सूचना रेंजर समेत अपने वरीय पदाधिकारियों को दी. सूचना मिलने के बाद दलमा वन विभाग की गश्ती टीम ने पूरी रात दलमा में वाहनों की तलाश की. सोमवार को अहले सुबह करीब तीन बजे दलमा के कोर एरिया बांधडीह के जंगल में सभी अभियुक्त को जंगल में आग जलाते हुए पाया गया. वन विभाग की टीम को देखकर सभी लोग मौके से फरार हो गए. गश्ती दल ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया. वाहन से एक छोटा गैस सिलेंडर भी बरामद हुआ है. गश्ती दल में अचिंत कुमार राणा, हरि प्रसाद अग्रवाल, नाइट गार्ड निमाई सिंह, सृष्टि चरण महतो, मार्शल बास्के समेत अन्य शामिल थे.

वन विभाग ने महिंद्रा बोलेरो (जेएच 05डीए 8877) व मारुति इग्निस (जेएच 05बीयू 0940) और उसमें बरामद गैस सिलेंडर को जब्त कर वाहन मालिक जमशेदपुर के डोरकासाई निवासी दीन दयाल भकत और जोजोबेड़ा निवासी वीरेंद्र कुमार के नाम पर मामला दर्ज कर लिया है. रेंजर ने बताया कि प्रायः दलमा के जंगलों में आग की घटना सामने आती हैं, जिसमें स्थानीय को दोषी ठहराने का प्रयास किया जाता है.

### दो पहिया वाहनों पर भी है रोक

दलमा प्रभारी वनपाल सागर कुमार ने कार्रवाई करते हुए अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी चांडिल को मामले की लिखित जानकारी देते हुए जांच प्रतिवेदन सौंपने की बात कही है. दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में दो पहिया वाहनों के प्रवेश पर भी रोक है. बगैर अनुमति के प्रवेश करने पर वन विभाग नियमानुसार कार्रवाई करती है. दलमा में प्रवेश के लिए शाम पांच बजे तक ही अनुमति दी जाती है. पांच बजे के बाद प्रवेश पर पूरी तरह रोक है.

# धालभूमगढ़ के भैरवपुर गांव में बाल विवाह होने से बचाया

**संवाददाता | घाटशिला**

समाजसेवी संस्था कला मंदिर एवं कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन ने सोमवार को धालभूमगढ़ प्रखंड के पावड़ा नरसिंहगढ़ पंचायत के भैरवपुर गांव में बाल विवाह होने से रोक दिया.

बताया जा रहा है कि 15 वर्षीय सबर लड़का ने 15 वर्षीय सबर लड़की को शादी की नीयत से पश्चिम बंगाल के बांस पहाड़ी गांव से भागाकर अपने घर भैरवपुर ले आया था. जब इसकी सूचना संस्था के प्रखंड समन्वयक लखन बेसरा को मिली तो उसके गांव जाकर आंगनबाड़ी सेविका और ग्रामीणों के साथ बैठक कर लड़का के माता-पिता एवं लड़की के माता-पिता को समझाया कि जब तक लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 वर्ष नहीं होती है तब तक दोनों की शादी नहीं करवा सकते हैं और न ही पति-पत्नी के रूप में रह सकते हैं.



इसके बाद लड़का पक्ष एवं लड़की पक्ष में समझौता हुआ कि जब लड़का 21 वर्ष और लड़की 18 वर्ष की होगी तभी दोनों की शादी कराएंगे. तब तक लड़की अपने माता-पिता के घर बांस पहाड़ी में रहेगी. लड़की को उसके माता-पिता के साथ घर भेज दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### सिंहभूम में लहराएगा झामुमो का झंडा : पुरेन्द्र

**आदित्यपुर ।** एग्जिट पोल के नतीजे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद के प्रदेश महासचिव सह पूर्व उपाध्यक्ष आदित्यपुर नगर परिषद पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि आम जनता के सर्वे में इंडिया महागठबंधन को बहुमत मिलने की उम्मीद है. पुरेंद्र ने कहा कि कार्यकर्ताओं एवं जनता से मिले रुझान के अनुसार झारखंड में भी महागठबंधन को लगभग 10 सीटें मिलने की उम्मीद है. सिंहभूम से झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी की जीत के प्रति पूर्ण रूप से आशान्वित पुरेंद्र ने कहा कि 4 जून की शाम को जनता के साथ जीत का जश्न मनाएंगे.

### जॉर्ज फर्नांडीस की 94वीं जंयती मनाई गई

**बहरागोड़ा ।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने अपने आवासीय कार्यालय में भारतीय राजनेता, श्रमिक संगठन के पूर्व नेता, पत्रकार तथा लोकसभा एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य जॉर्ज फर्नांडीस की 94वीं जयंती मनाई. डॉक्टर षाड़ंगी व अन्य लोगों ने फर्नांडीस के फोटो पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर डॉक्टर दिनेश कुमार षाड़ंगी ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला. मौके पर जयंत कुमार दास, रवि दे, हुकूम महतो, सागीर हुसैन, मृत्युंजय साउ, पवन कालिंदी आदि उपस्थित थे.

### नीलांचल एक्स. में ओवरहेड वायर से घायल की मौत

**जमशेदपुर ।** आनंद विहार से चलकर पुरी जाने वाली नीलांचल एक्सप्रेस में एक जून को ओवरहेड वायर की चपेट में आकर रायबरेली के राम शंकर और राहुल कुमार घायल हो गए थे. इधर, सोमवार को रांची के रिम्स में इलाज के दौरान राहुल कुमार की मौत हो गई. राहुल के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया. वहीं राम शंकर का इलाज चल रहा है. एक जून को सुईसा और तिरुलडीह स्टेशन के बीच नीलांचल एक्सप्रेस पर ओवर हेड वायर टूटकर गिर गया था. इस दौरान ट्रेन के इंजन का पेंटोग्राफ भी टूट गया था.

### भुइंयाडीह सड़क दुर्घटना में चालक के खिलाफ प्राथमिकी

**जमशेदपुर ।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइंयाडीह बर्निंग घाट के पास सड़क दुर्घटना में गुड्डू भुइयां की मौत हो गई थी, जबकि चंदन राम घायल हो गया था. इधर चंदन के भाई कुंदन के बयान पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. इधर, पुलिस ने ट्रक चालक प्रशांत गांगुली को हिरासत में लेकर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया है. बता दें कि रविवार देर रात बर्निंग घाट के पास ट्रक ने अनियंत्रित होकर तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया था. घटना में गुड्डू भुइयां की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चंदन और कुंदन घायल हो गए थे. लोगों ने ट्रक में तोड़-फोड़ की थी.

### मतगणना के दौरान आज ड्राई डे की घोषणा

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर में मतगणना के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा ड्राई डे घोषित किया गया है. इस दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी खुदरा उत्पाद दुकानें, होटल, रेस्तरां एवं बार सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बन्द रहेंगे. किसी प्रकार के होटल, रेस्तरां, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जायेगा और न ही वितरित किया जायेगा.

### कदमा मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज, एक गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** कदमा थाना अंतर्गत राम नगर रोड नंबर एक में रविवार शाम हुए मारपीट और फायरिंग मामले में पुलिस ने स्थानीय निवासी पतली कर्मकार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है. वहीं पुलिस ने फायरिंग करने के आरोपी मुकेश धीबर को भी गिरफ्तार किया है. पुलिस ने एक देसी पिस्टल और एक जिंदा गोली भी बरामद किया है. पुलिस ने पतली कर्मकार के बयान पर मुकेश धीबर, राजा मछुआ, विरेंद्र सरदार, राजन, सुजल, मेगरो, सागर, गोंडा समेत अन्य 50-60 को आरोपी बनाया है.

---

### आदित्यपुर पुलिस ने सुलझाई 18 मई को बोरी में मिले शव की गुत्थी

# भांजी से प्रेम पड़ा महंगा, गंवानी पड़ी जान

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर थाना क्षेत्र के केंदू गाछ के पास बीते 18 मई को बंद बोरे में फेंक गए शव के मामले में आदित्यपुर पुलिस के हाथ सफलता लगी है. पुलिस ने इस पूरे मामले की गुत्थी सुलझा ली है.

बोरे में मिले शव की पहचान रणवीर शर्मा नवगछिया, बिहार निवासी के रूप में की गई है. उसकी चार पुत्री और एक पुत्र है. वह अपने गांव में ही बढ़ई का काम करता था. इस मामले में मृतक की साल्डीह बस्ती निवासी रूबी देवी तथा उसके पति पूर्ति शर्मा को आदित्यपुर पुलिस ने रविवार रात को गिरफ्तार कर लिया है. आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार के अनुसार प्रेम प्रसंग में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था. पुलिस के अनुसार रणवीर का अपनी भांजी से ही प्रेम संबंध था. वह अपनी भांजी से गांव से मिलने के लिए मांझी टोला (जमशेदपुर) स्थित उसके घर आया था. पूर्ति शर्मा ने वहां 16 मई की रात रणवीर को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया.

इसके बाद उसने रणवीर शर्मा को चाकू से मारकर और कपड़ा से गला दबाकर हत्या कर दी. हत्या के बाद बोरे में शव को भरकर केंदू गाछ मोड़ के पास नाली में फेंक दिया. बताया जाया रहा है कि रणवीर की हत्या में विशेश्वर शर्मा और उसकी पत्नी भी आरोपी हैं, दोनों फरार हैं. थाना प्रभारी ने जल्द मामले का खुलासा करने का दावा किया है.


मृतक


हत्यारोपी

**खास बातें**

- भांजी व उसका पति पूर्ति शर्मा गिरफ्तार, दो आरोपी फरार
- बिहार के नवगछिया का रहने वाला था मृतक रणवीर शर्मा

# बीएसएफ के बर्खास्त जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- घरेलू विवाद से था परेशान पूर्व में भी काट लिया था नस

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर थाना क्षेत्र के दिंदली बस्ती निवासी मुकेश कुमार पांडेय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. मुकेश मूल रूप से जमशेदपुर के सिदगोड़ा के बारीडीह में रहता था. फिलहाल वह पारिवारिक विवाद के कारण डेढ़ माह पूर्व ही वह दिंदली बस्ती में कुड़मी सेना के अध्यक्ष लालटू महतो के घर में किराए पर रहने आया था.

मुकेश सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था. हालांकि वह बीएसएफ का पूर्व में जवान था. 109 दिन ड्यूटी से गायब रहने पर अगस्त 2021 में उसे डिसमिस किया गया था. इस घटना के बारे में कुड़मी सेना के नेता लालटू महतो ने बताया कि रविवार को मुकेश नशे की हालत में घर आया. उसे कमरे में सोने के लिए कहा. इसके बाद मुकेश अपने कमरे में सोने के लिए चला गया था. सोमवार की सुबह मुकेश का शव कमरे में चादर से लटका पाया गया. इस संबंध में मुकेश की पत्नी ने बताया कि मुकेश नशे का आदी था और अक्सर नशा कर उसे मारता पीटता था. मुकेश पारिविरिक विवाद से परेशान था. 12 मार्च 2024 को भी मुकेश ने पारिवारिक विवाद में फिनाइल पीकर हाथ की नस काट लिया था. इसके बाद उसे एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

### मतगणना के लिये रांची रवाना हुए ईचागढ़ के कार्यकर्ता

**चांडिल ।** रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का मतगणना रांची में होगा. मतगणना में शामिल होने के लिए ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सोमवार को ही रांची रवाना हो गए है. मतगणना के पूर्व सोमवार को भाजपा और कांग्रेस मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण दिए. मतगणना के दौरान किन बातों का ध्यान रखना है, किसपर अधिक फोकस करना है इसकी जानकारी दी गई.

लोकसभा चुनाव के दौरान रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में छठे चरण में मतदान हुआ है. मतदाताओं ने अपना फैसला ईवीएम में कैद कर दिया है. वहीं कुछ उम्मीदवार ईवीएम में कैद तकदीर को अपना बता रहे हैं. उम्मीदवारों का कहना है कि ईवीएम में कैद तकदीर उनकी है और वे भारी मतों से चुनाव जीतेंगे.

मतगणना पूरी होने के बाद विरोधियों को उनकी जमीनी हकीकत पता चलेगा. दूसरी ओर विरोधी भी अपना समीकरण दिखाकर चंद घंटे का इंतजार करने की बात कह रहे हैं. बहरहाल लोकसभा चुनाव के फैसले की घड़ी आ ही गई.

### रविवार की शाम चार बजे से सोमवार सुबह चार बजे तक गुल रही बिजली

# आंधी-पानी से बिजली विभाग को 25-30 लाख का नुकसान





- चार जगह पर 11 केवीए के लाइन पर पेड़ गिरे, सात पोल टूटे

संवाददाता । आदित्यपुर

रविवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश ने बिजली विभाग को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया है. रविवार शाम करीब 4 बजे से सोमवार सुबह 4 बजे तक पूरे आदित्यपुर में बिजली गुल रही. बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने बताया कि आंधी और बारिश से बिजली विभाग को लगभग 25 से 30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है. वे स्वयं पूरी टीम के साथ आंधी-पानी से चरमराई बिजली वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने में सुबह 4 बजे तक लगे रहे.

अभी भी हालात पूरी तरह नहीं सुधरा है. सुबह 4 बजे तक आंशिक रूप से वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सका था. कई इलाकों में दोपहर तक बिजली आपूर्ति बहाल हो गई.

चार जगहों पर 11 केवीए के लाइन पर पेड़ गिरे थे और 7 पोल टूट गए थे. वहीं एक ट्रांसफॉर्मर भी जला है. आज सारी वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा.

### 15 दिन के अंदर होगा ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग केंद्र का उद्घाटन

**घाटशिला ।** दामपाड़ा क्षेत्र के लोगों को विद्युत विभाग द्वारा काशिदा पंचायत के माहलीडीह गांव में बन रहे विद्युत पावर सब स्टेशन और ट्रांसफर्मर रिपेयरिंग केन्द्र का 15 दिनों के अंदर एक साथ उद्घाटन होगा. इसकी तैयारी अंतिम चरण में है. विद्युत पावर सब स्टेशन में लगभग 80 प्रतिशत काम हो गया है.

विभागीय ठेकेदार के अनुसार पावर सब स्टेशन में 5-5 एमवीए का दो ट्रांसफार्मर में एक को लगाकर तत्काल लोगों को बिजली मुहैय्या करायी जायेगी. दूसरे ट्रांसफर्मर भी कुछ दिनों के अंदर लगा दिया जायेगा. सब स्टेशन में जितने भी काम हैं, सभी को एक सप्ताह के अंदर हर हाल में पूरा कर लिया जायेगा. इसके बाद धालभूमगढ़ पावर ग्रिड से इसमें टेपिंग कर लाइन चालू की जायेगी. विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राज किशोर ने कहा कि 15 दिनों के अंदर विभाग घाटशिला, काशिदा और दामपाड़ा के लोगों को पावर सब स्टेशन और ट्रांसफर्मर रिपेयरिंग सेंटर का शुभारंभ कर दो-दो तोहफा एक साथ देंगे.

### बहरागोड़ा के चौरंगी चौक पर वेंटीलेटर तोड़ कर तीन दुकानों से 16000 की चोरी


चोरी की सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस. (इनसेट) टूटा वेंटीलेटर

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के चौरंगी चौक में रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों के वेंटीलेटर तोड़ कर चोरी कर ली. इसकी जानकारी मिलने पर बहरागोड़ा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा मामले की छानबीन की. भुक्तभोगियों के लिखित आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिक दर्ज कर ली है.

भुक्तभोगियों के अनुसार सुजीत कुमार साव की सीमेंट दुकान से चोर ₹5000 नगद चुरा ले गए. प्रतिमा स्टूडियो के मालिक हरेन नाइक के स्टूडियो से चोर ₹8000 मूल्य का एक छोटा कैमरा लेकर भागने में सफल रहे, इसके अलावा एक बड़े कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया. विश्वजीत साहू की मोबाइल दुकान से लगभग चोरों ने करीब ₹3000 मूल्य के कई हेडफोन एवं मोबाइल एसेसरीज टपा दिये. इस चोरी की जानकारी दुकान मालिकों को तब हुई जब वे सोमवार सुबह अपनी-अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचे. जब वे शटर का ताला खोलकर अंदर गए तो देखा कि वेंटीलेटर तोड़ा हुआ है तथा सामान बिखरे पड़े हैं.

### टीबी के मामलों की जांच के लिये सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण

नीमडीह में चलेगा एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान

संवाददाता । चांडिल

यक्ष्मा यानी टीवी को जड़ से मिटाने और वर्तमान में सभी एक्टिव मामलों की पड़ताल करने के लिए सरकार की ओर से एसीएफ यानि एक्टिव केश फाइंडिंग अभियान चलाया जाएगा.

नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को इस अभियान को लेकर प्रखंड के सभी सहिया को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में नीमडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अनंत कुमार महतो, जेएसएलपीएस के बीपीएम, बाल विकास परियोजना कार्यालय से महिला पर्यवेक्षिका आदि भी उपस्थित थे. इस अवसर पर बताया गया कि सात से 20 जून तक क्षेत्र में एसीएफ कार्यक्रम चलाया जाना है. इस दौरान टीबी के लक्षण वाले लोगों को चिन्हित कर उनका बलगम का सैंपल लेना है. बलगम की जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि उनको टीबी की बीमारी है या नहीं है. सैंपल का कलेक्शन संबंधित क्षेत्र की सहिया और वॉलिंटियर करेंगे.

सहिया को प्रशिक्षण देने के बाद प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड मुख्यालय में हुई. बैइक में नीमडीह के बीडीओ कुमार एस अभिनव ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सभी सहिया को उनके काम के बारे में बताया गया. इस काम में महिला स्वयं सहायता ग्रुप का भी सहयोग लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि अब टीबी मुक्त पंचायत अभियान चलाया जाएगा.



### मतगणना में घाटशिला विस क्षेत्र से एनडीए के 20 कार्यकर्ता होंगे शामिल


घाटशिला में पेड़ के नीचे बैठकर वोटों के जोड़-घटाव में लगे एनडीए के कार्यकर्ता.

**घाटशिला ।** इंडिया गठबंधन एनडीए की ओर से कार्यकर्ता लगातार जोड़ घटाव में लगे हुए हैं. मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को नेताओं ने बताया कि इंडिया गठबंधन के 5-5 कार्यकर्ता प्रत्येक प्रखंड से मतगणना के लिए अभिकर्ता बनाए गए हैं. एनडीए की ओर से एक विधानसभा से 20-20 कार्यकर्ता मतगणना के लिए अभिकर्ता बनाए गए हैं. सोमवार की रात ही कार्यकर्ता जमशेदपुर स्थित मतगणना केंद्र में पहुंचेंगे. जानकारी के अनुसार घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल बनाया गया है.

अनुमान है कि 21 राउंड तक गिनती होगी. वैसे घाटशिला प्रखंड में किसी भी दल का चुनावी कार्यालय नहीं रहा. मतदान के बाद ही सभी चुनावी कार्यालय बंद हैं. नेता तथा कार्यकर्ता होटल या पेड़ के नीचे बैठकर एग्जिट पोल को लेकर जोड़ घटाव में लगे हुए हैं. वैसे इंडिया गठबंधन के नेताओं का दावा है कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से उनके प्रत्याशी 20 हजार से अधिक मतों की लीड लेंगे.

**खेतीबारी** घाटशिला प्रखंड के लिए 300 क्विंटल धान बीज की मांग, 10500 हेक्टेयर में होती है खेती

# लैंपस में धान बीज नहीं पहुंचा, बाजार से खरीदने को किसान विवश

**खास बातें**

- 15 जून तक खेतों में धान का बीच डाल देते हैं किसान
- 500 रुपये अधिक तक कीमत चुका रहे किसान


सूना पड़ा लैंपस


दुकान पर लगी लाइन

संवाददाता । घाटशिला

रोहिणी नक्षत्र के पार हुए लगभग एक सप्ताह होने को है परंतु किसी भी लैंपस में धान बीज नहीं पहुंचा है. जबकि इस नक्षत्र के बाद किसान धान की बुवाई शुरू करते हैं और एक से 15 जून तक खेतों में धान का बीज डाल देते हैं. लैंपस में बीज उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को दुकान से अधिक पैसे देकर धान बीज खरीदना पड़ रहा है. पिछले वर्ष लैंपस में रोहिणी नक्षत्र तक धान बीज उपलब्ध हो गया था.

इस संबंध में घाटशिला लैंपस के प्रबंधक सह सचिव तपन मार्डी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चुनाव के कारण टेंडर नहीं हो पाया है. उम्मीद है कि इस सप्ताह सभी लैंपस में धान का बीज उपलब्ध हो जाएगा.

घाटशिला नोडल लैंपस के लिए 300 क्विंटल धान बीज की मांग की गई है. इसमें अलग-अलग लैंपस के लिए घाटशिला नोडल लैंपस से ही वितरण किया जाएगा. जिस तरह घाटशिला लैंपस के लिए 15 क्विंटल, महुलिया 30 , बडाजुड़ी 20, बांकी 20, बेहरा 15, ज्वालकाटा 10, वनमाकड़ी 20, केंदाडीह 30, वेनाशोल 30, मुसाबनी 30, पश्चिम बादिय 30, खडिदा 15, पावड़ा 5 क्विंटल धान की मांग की गई है. घाटशिला प्रखंड कार्यालय के कृषि विभाग की मानें तो प्रखंड में खेती के लिए कुल 14500 हेक्टेयर जमीन है. जबकि धान की खेती कुल 10500 हेक्टेयर जमीन पर होती है.

**तीन प्रकार के धान की बीज की सर्वाधिक बिक्री**

घाटशिला बाजार में तीन प्रकार के धान बीज की सर्वाधिक बिक्री है. इसमें 7029 स्वर्णा धान 25 किलो बोरी 1000 से 1100 रुपये तक मिलता है, इस प्रकार सुपर श्यामली धान बीज 1100 रुपया से 1200 रुपया प्रति क्विंटल की दर पर बिक रहा है. यह धान 140-145 दिन में तैयार होता है और इसके लिए प्राप्त पानी की आवश्यकता होती है. जबकि ऊंची जमीन के लिए ललाट धन 1100 रुपये प्रति 25 किलो बोरी है. यह धान 120 दिन में तैयार हो जाता है. जबकि लैंपस में पिछले वर्ष 25 किलो धान बीज की कीमत 500 से 600 रुपये थी.

---

## न्यूज अपडेट

### एसडीजेएम ने किया राहगीरों के बीच ओआरएस वितरण



**घाटशिला ।** झालसा रांची एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश पूर्वी सिंहभूम के निर्देशानुसार सोमवार को गर्मी एवं लू से निजात दिलाने के लिए घाटशिला बस स्टैंड पर पानी की बोतल और ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया. पानी की बोतल और ओआरएस पाउडर का वितरण अनुमंडल विधिक सेवा समिति के सचिव सह अनुमंडल न्यायायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी कर रहे थे. इस मौके पर अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बस स्टैंड पर खड़े लोगों को गर्मी से बचने के लिए जागरूक किया. अधिवक्ता सुनील सिंह ने सहयोग किया.

### फाउंडेशन ने पूर्वी घाघीडीह में टैंकर से पहुंचाया पानी



**जमशेदपुर ।** पूर्वी घाघीडीह पंचायत अंतर्गत बेड़ाढीपा, घाघीडीह, हरहरगुट्टू, रानीडीह, मातलाडीह आदि बस्तियों में सोमवार से आरजे फाउंडेशन ने यहां के लोगों के लिए पानी का टैंकर उपलब्ध कराया है. 15 हजार लीटर पानी का टैंकर सोमवार से बस्तियों में भेजा जा रहा है. जल संकट दूर करने के लिए जिला परिषद की सदस्य पूर्णिमा मलिक ने आरजे फाउंडेशन और वरुण बेवरेज को पत्र लिखा था. पत्र में उन्होंने आग्रह किया था कि क्षेत्र में पानी का संकट गहराता जा रहा है. इसे दूर करने के लिए टैंकर से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करें. टैंकर से पानी मिलने के बाद बस्तीवासियों में खुशी की लहर है.

### आरवीएस में कर्मचारियों के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू



**जमशेदपुर ।** स्थानीय आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सोमवर को सप्ताहव्यापी कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम आरंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) राजेश कुमार तिवारी ने किया. इसके तहत एमएस वर्ड, एमएस पावर प्वाइंट, एमएस एक्सल, सॉफ्ट स्कील आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो (डॉ) राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि आज हर प्रोफेशनल को कंप्यूटर के इन प्रोग्रम की बेसिक जानकारी होना जरूरी है. कर्यक्रम के संचालन के लिए प्रो सदन बसर, प्रो अनिता गिरि एवं प्रो दीपक कुमार तिवारी के अधिकृत किया गया है. शामिल सभी कर्मचारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा.

### हरिणा वन संरक्षण समिति की बैठक, डीएफओ शामिल



**डुमरिया ।** पोटका के हरिणा स्थित मुक्तेश्वर धाम शिव मंदिर परिसर में सोमवार को वन संरक्षण समिति की बैठक हुई. बैठक में डीएफओ ममता प्रियदर्शी उपस्थित हुई. डीएफओ ने लोगों को वन संरक्षण की शपथ दिलाई. इस अवसर पर पेड़ों को रक्षासूत्र बांधा गया और नये पौधे लगाए गए. डीएफओ ने मुक्तेश्वर धाम परिसर में जैव विविधता उद्यान का निर्माण अगले चुनाव से पहले पूरा करने की उम्मीद जताई. मौके पर प्रभारी रेंजर दिग्विजय सिंह, विमद कुमार, हरिणा वन संरक्षण समिति अध्यक्ष अनिरुद्ध नायक, उपाध्यक्ष सागर शीट, सह सचिव सीतांशु नायक, वनरक्षी दीपक महतो, महेश्वर दास समेत विभिन्न रेंज के वनकर्मी उपस्थित थे.

### जेएमए स्टोर ने टाटा के 11 वाहनों की डिलीवरी की



**आदित्यपुर ।** टाटा मोटर्स की अधिकृत और सबसे पुरानी एजेंसी जेएमए स्टोर प्राइवेट लिमिटेड सोमवार को आदित्यपुर स्थित यार्ड से चाईबासा की कंपनी ग्रेवाल ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड को टाटा मोटर्स की 11 अत्याधुनिक वाहन 5530 की डिलीवरी दी है. यह जानकारी कंपनी के जीएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने दी. डिलीवरी के मौके पर कंपनी के सीईओ अशोक कुमार, सेल्स मैनेजर फैयाज रजा, यार्ड इंचार्ज जयशंकर कुमार, कैलाश राय, रमण कुमार आदि मौजूद थे.

### पारंपरिक खेती के लिए किसानों को दिया प्रशिक्षण



**चांडिल ।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर पंचगव्य चिकित्सालय परिसर में पारम्परिक खेती व गौ-पालन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया गया. एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान किसानों को गाय पर आधारित प्राकृतिक खेती, देशी बीज, गोबर व जैविक खाद पर आधारित खेती करने का गुर सीखाया गया. मौके पर रसायनिक खेती को छोड़कर पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गौ पालन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया. किसानों को रसायनिक खेती से हो रहे विभिन्न प्रकार के रोगों व जमीन को हो रहे नुकसान की भी जानकारी दी गई. किसानों को प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षक सिद्धार्थ जायसवाल व पंचगव्य एक्सपर्ट मदन कुशवाहा ने किसानों को हाइब्रिड बीज से हो रहे नुकसानों के संबंध में जानकारी दी.

### शासन गांव में धूमधाम से मना गाजन पर्व



**बहरोगाड़ा । बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड के साकरा पंचायत अंतर्गत शासन गाँव में गाजन पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर भक्तों ने गांव अवस्थित नए तलाव में स्नान कर पंडित शुमन मिश्र द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई.वहीं पूजा के बाद सभी भक्तों ने गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई.जो धूमधाम से गाँव के मंदिर तक पहुंची. इस विशेष अवसर पर भक्तों ने जीभ मे कील घोंपकर नीम के प्रति आस्था जाताया. जिसमें जीभ में घोंपकर नृत्य करते हुए भक्ति और श्रद्धा प्रकट की. गाजन पर्व में शामिल भक्तों की भक्ति और उत्साह देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी .शोभा यात्रा और मंदिर में पूजा के दौरान पूरे गाँव में एक उत्सव का माहौल बन गया.

## सारंडा की चिड़िया पंचायत में पेयजल व सिंचाई योजना का काम अधूरा छोड़ ठेकेदार गायब

# छह साल में भी पूरी नहीं हुई दो करोड़ की योजना


बिनुआ में बनाया गया चेकडैम.


बिनुआ के जमीन दाताओं की जमीन पर बना तालाब.


पानी फिल्टर के लिये बनाई गई कंक्रीट का टंकी.


पानी पहुंचाने के लिसे बिछाई गई पाइप बिखरी हालत में.

**संवाददाता । किरीबुरु**

अविभाजित बिहार के समय से ही सारंडा अधिकारियों व ठेकेदारों का चारागाह रहा है. जिसे बडे.पैमाने पर विकास योजनाओं में लूट करना होता है, वह सारंडा में ठेका लेता है. सारंडा का पुराना इतिहास रहा है कि यहां कई योजनायें धरातल पर बिना उतारे ही कागजों में फाइनल कर पैसे की निकासी कर ली गई. ऐसी योजनाओं में पुल-पुलिया, चेकडैम, तालाब, कच्ची सड़क आदि शामिल है.

दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतारने का प्रयास हुआ लेकिन सिर्फ जमीन छेंकने के सिवाय आज तक पूर्ण नहीं हुआ. ऐसी ही योजनाओं में से एक है सारंडा के चिड़िया पंचायत के बिनुआ, लोड़ो एवं अंकुआ गांव में शुद्ध पेयजल के साथ-साथ सिंचाई की सरकारी योजना. यह दो करोड़ की लागत से पूरी करनी है. काफी रुपये खर्च करने के बावजूद नक्सल प्रभावित मनोहरपुर प्रखंड एवं चिड़िया पंचायत अन्तर्गत उक्त तीनों गांवों में छह साल बाद भी एक बूंद पानी नहीं पहुंच सका है. इसके अब पूर्ण होने की संभावना नहीं दिखती है. काम अधूरा छोड़ ठेकेदार फरार हैं, जिससे तीनों गांवों के ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है.

2016-17 में शुरू हुई थी योजना

बिनुआ गांव के ग्रामीण अमर सिंह सिद्धू, पूर्ण चन्द्र चेरवा, चुम्बरु चेरवा आदि ने शुभम संदेश को बताया कि वर्ष 2016-17 में यह कार्य प्रारम्भ हुआ. इस कार्य को करने वाला जमशेदपुर के ठेकेदार जीतू सिंह, पांडेय एवं यादव थे. ठेकेदारों ने उन्हें बताया था कि बिनुआ, लोड़ो एवं अंकुआ गांव में शुद्ध पेयजल एवं कृषि कार्य के लिये बिनुआ गांव के समीप बागुन कोचा नाला से चेकडैम का निर्माण कर तथा तीन किलोमीटर लंबी पानी पाइप लाइन बिछाकर पानी पहुंचाना है.

यह कार्य दो करोड़ की लागत से माइनर एरिगेशन विभाग से स्वीकृत हुआ था. इसके लिये बागुन कोचा नाला पर चेकडैम का अधूरा निर्माण, बिनुआ में काफी कम गड्ढा वाला दो बड़ा अधूरा तालाब, एक तालाब में अधूरा कंक्रीट-सीमेंट का बड़ा पानी का टंकी, अंकुआ में एक अधूरा तालाब का निर्माण के अलावे कुछ स्थानों पर गड्ढा खोद प्लास्टिक का मोटा पाइप डाला गया था. जितनी पाइप बिछायी गयी थी, उनमें कुछ स्थानों पर आग लगने से पाइप जल गयीी और कुछ पाइप पानी की बहाव में उखड़कर जहां-तहां बिखरी पड़ी है. अब तक इतना ही कार्य हुआ है और ठेकेदार फरार है. किसी भी गांव में एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है.

इस योजना के लिये बिनुआ गांव में पहला तालाब निर्माण हेतु लोबो चेरवा, जोंको बोयपाई एवं चन्द्रमोहन चेरवा, दूसरा तालाब हेतु चुम्बरु चेरवा एवं चन्द्रमोहन चेरवा तथा अंकुआ स्थित तीसरा तालाब हेतु स्व. सदानंद सोय की दर्जनों एकड़ रैयत भूमि बिना किसी पैसा व मुआवजा के ली गई. इनकी जमीन पर लगभग तीन फीट गड्ढा जेसीबी मशीन से खोदकर उसी की मिट्टी निकाल चारों तरफ मेड़ बना तालाब का रूप दिया गया. जबकि तालाब कम से कम 10 फीट गहरा खोदा जाना चाहिए था. जमीन मालिक चन्द्रमोहन चेरवा ने बताया कि तालाब गहरा खोदा गया होता तो हम कम से कम उसमें मछली पालन कर रोजगार प्राप्त कर सकते थे. लेकिन अब यह जमीन न हमारे किसी काम की है और न ही योजना से समस्त ग्रामीणों को लाभ पहुंचा.

पूरे कार्य योजना क्षेत्र में घूमकर शुभम संदेश संवाददाता ने पड़ताल की तो पाया कि कहीं भी इस योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगा है, जिससे यह जानकारी मिल सके कि यह योजना किस वित्त वर्ष में प्रारम्भ हुआ. कार्य कब खत्म होगा, किस विभाग से बनाया जा रहा है, इसका उद्देश्य क्या है, कितने की प्राक्कलन राशि इस योजना पर खर्च होनी थी, किन-किन गांवों में योजना का पानी पहुंचाया जाना था, कितनी दूर तक पानी पाइप लाइन बिछाया जाना था.

इन अनेक सवालों का जवाब न तो हमें मिल पाया और न ही ग्रामीणों के पास था. ग्रामीणों द्वारा इस कार्य को कराने वाले जमशेदपुर के एक ठेकेदार पांडेयजी का दिये गये नम्बर पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया.

### 2016-17 में शुरू हुई थी योजना

बिनुआ गांव के ग्रामीण अमर सिंह सिद्धू, पूर्ण चन्द्र चेरवा, चुम्बरु चेरवा आदि ने शुभम संदेश को बताया कि वर्ष 2016-17 में यह कार्य प्रारम्भ हुआ. इस कार्य को करने वाला जमशेदपुर के ठेकेदार जीतू सिंह, पांडेय एवं यादव थे. ठेकेदारों ने उन्हें बताया था कि बिनुआ, लोड़ो एवं अंकुआ गांव में शुद्ध पेयजल एवं कृषि कार्य के लिये बिनुआ गांव के समीप बागुन कोचा नाला से चेकडैम का निर्माण कर तथा तीन किलोमीटर लंबी पानी पाइप लाइन बिछाकर पानी पहुंचाना है.

यह कार्य दो करोड़ की लागत से माइनर एरिगेशन विभाग से स्वीकृत हुआ था. इसके लिये बागुन कोचा नाला पर चेकडैम का अधूरा निर्माण, बिनुआ में काफी कम गड्ढा वाला दो बड़ा अधूरा तालाब, एक तालाब में अधूरा कंक्रीट-सीमेंट का बड़ा पानी का टंकी, अंकुआ में एक अधूरा तालाब का निर्माण के अलावे कुछ स्थानों पर गड्ढा खोद प्लास्टिक का मोटा पाइप डाला गया था. जितनी पाइप बिछायी गयी थी, उनमें कुछ स्थानों पर आग लगने से पाइप जल गयीी और कुछ पाइप पानी की बहाव में उखड़कर जहां-तहां बिखरी पड़ी है. अब तक इतना ही कार्य हुआ है और ठेकेदार फरार है. किसी भी गांव में एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है.

### खास बातें

- 2016-17 में शुरू हुई थी योजना
- बिना मुआवजा दिये ग्रामीणों से ले ली भूमि
- योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया

## न्यूज अपडेट

### मतगणना कक्ष का डीसी ने किया निरीक्षण



**चाईबासा ।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र मतदान के पश्चात अब मंगलवार को मतगणना आरंभ होगी. सुबह 8 बजे से मतगणना कार्य शुरू हो जाएगा. सबसे पहले पोस्ट बैलेट पेपर की गणना होगी. मतगणना स्थल महिला कॉलेज चाईबासा में दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है. चप्पे चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का भुगतान इंतजाम किया गया है. सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में मतगणना हेतु प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों को ब्रीफिंग की गई. -------

### किसी की भावना को आहत न पहुंचाएं : मुनाजीर



**किरीबुरु ।** किरीबुरु थाना प्रभारी मुनाजीर हसन की अध्यक्षता में किरीबुरु थाना परिसर में मतगणना के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई. थाना प्रभारी ने कहा कि 4 जून को मतगणना है. मतगणना के बाद कोई एक प्रत्याशी की जीत एवं बाकी सभी की हार होगी. लोकतांत्रिक व्यवस्था व लोगों के दिये मत का सभी को सम्मान करना है. जीते हुये प्रत्याशी के समर्थक शालीनता के साथ खुशी मनायें. ऐसा कोई अशोभनीय हरकत या व्यंग्य हारे हुये प्रत्याशी के समर्थकों के सामने नहीं करें, जिससे उनकी भावना आहत हो, तनाव बढे. यहां सभी आपस में एक परिवार की तरह रहते हैं. एक-दूसरे के सुख- दुख में सहयोग करते हैं.

### राखा विजेता और सरना ब्रदर्स बना उपविजेता




**चाईबासा ।** आदिवासी उरांव समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय जतरा कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का सोमवार को समापन हुआ. टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सरना ब्रदर्स जमशेदपुर और राखा चक्रधरपुर के बीच खेला गया. इसमें राखा चक्रधरपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 29 रन बनाई. लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमशेदपुर सरना ब्रदर्स की टीम को निर्धारित ओवर में महज 16 रन पर ही रोककर चक्रधरपुर टीम ने खिताब जीत लिया. इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सरना ब्रदर्स की टीम ने तेलेंगाखुरी जुनियर को 27 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया.

### शनिदेव मंदिर में झारखंड शांति यज्ञ 6 जून को



**जमशेदपुर ।** शसलाई दुःखु मार्केट के पास रेलवे लाइन किनारे सत्यनारायण मंदिर रोड़ स्थित शनिदेव मंदिर में गुरूवार 06 जून को झारखंड शनि शांति यज्ञ (हवन) का आयोजन दामोदर शनि बाबा द्वारा किया जायेगा. आमवश्या के अवसर पर प्रात 8 बजे से नवग्रह पूजा एवं हवन आरंभ होगा. सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्रसाद वितरण तथा संध्या 5 से 6 बजे तक विशेष नागरिकों द्वारा हवन-पूजन किया जायेगा. पूजा के सभी कार्यक्रम पंडित अशोक शर्मा और ज्ञानी शर्मा के नेतृत्व में 11 पंडितों द्वारा किये जायेंगे. इस आयोजन की तैयारी में मनोज पुरिया, नंदकिशोर ठाकुर, सौरव अग्रवाल, अरविंद मिश्रा, अरुण गोयल, धर्मेंद्र शर्मा, विष्णु आदि लगे हुए हैं.

### मतगणना को लेकर जोबा माझी ने की बैठक



**चक्रधरपुर ।** लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. बैठक में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र से जोबा माझी के समर्थक उपस्थित हुए थे. मतगणना के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसे लेकर जोबा माझी ने कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान सभी कार्यकर्ता शांति बनाए रखेंगे. किसी तरह की गड़बड़ी होने पर उन्हें सूचित करें. इस दौरान कार्यकर्ताओं को अहले सुबह ही मतगणना स्थल पहुंचने को कहा गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### बैंक ऑफ इंडिया की गुवा शाखा सोमवार को खुली

**किरीबुरु ।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) की गुवा और जगन्नाथपुर आदि शाखा में 3-4 जून को बैंक बंद रहने का नोटिस लगा दिया गया था. इससे उपभोक्ता काफी परेशान थे. उनकी परेशानी को देखते हुए बैंक प्रबंधन ने चुनाव आयोग से कुछ अधिकारियों को प्रशिक्षण व मतगणना कार्य से मुक्त करने का अनुरोध किया. कुछ अधिकारियों को इससे मुक्त करने के बाद बैंकों में उन्हें भेजा गया जिससे सोमवार को बैंक खुला और कामकाज शुरू हो सका.उल्लेखनीय है कि सेल की गुवा खदान से अधिकतर सेलकर्मियों व सप्लाई मजदूरों का वेतन बैंक ऑफ इंडिया की गुवा शाखा में आता है. माह के प्रथम सप्ताह में इस बैंक में लोगों की काफी भीड़ रहती है. ऐसे में अगर दो दिन बैंक बंद रहते तो ग्राहकों को काफी परेशानी होती.

### मारवाड़ी युवा मंच का रक्तदान शिविर 9 को

**चक्रधरपुर।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाखा की ओर से 9 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. इस संबंध में मंच के चक्रधरपुर शाखा के अध्यक्ष प्रतीक शाह ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं होता है. इसे लेकर ही स्व. सांवरमल केजरीवाल की स्मृति में चक्रधरपुर के सीकेपी दरबार होटल में मंच की ओर से 9 जून को रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है. उन्होंने लोगों से अपील की कि इस शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाएं. शिविर में अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें. इससे शहर के अस्पतालों में रक्त की कमी नहीं होगी. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मंच की ओर से अन्य सामाजिक कार्य किए जाएंगे. इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं.

### शाम में हल्की बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत

**चक्रधरपुर ।** पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच सोमवार की शाम हल्की बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली. तपिश भरी गर्मी से लोग बेहाल थे. सोमवार सुबह से ही तेज धूप निकली हुई थी, जिससे लोग परेशान थे. शाम लगभग साढ़े चार बजे आसमान में अचानक बादल छा गए. इसके बाद लगभग 20 मिनट बारिश हुई. लोगों को उम्मीद थी कि बारिश तेज होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. हालांकि थोड़ी देर की बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया और लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली. इधर बंदगांव, सोनुवा, गोइलकेरा में भी सोमवार शाम हल्की हवा के चलने के साथ बारिश हुई. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी उमस भरी गर्मी दूर हुई. बारिश होने से किसान भी खुश हैं.

## जंगली क्षेत्र होने के कारण रात के अंधेरे में सांप-बिच्छू के साथ-साथ जानवरों का भी खतरा

# छह महीने से बिजली ट्रांसफॉर्मर खराब

**संवाददाता । चक्रधरपुर**


खराब बिजली ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग को लेकर समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई को पत्र सौंपते ग्रामीण.

- छह केवी का बिजली ट्रांसफॉर्मर नहीं ले पाता है लोड
- गांव में 25 केवी का बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड स्थित सुदूरवर्ती क्षेत्र घाटी पर स्थित चाकी गांव में पिछले छह महीने से बिजली ट्रांसफॉर्मर खराब पड़ा है. इस कारण ग्रामीण को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

ग्रामीणों का कहना है कि जंगली क्षेत्र होने के कारण खासकर रात के वक्त ज्यादा दिक्कतें होती है. सांप-बिच्छू के साथ-साथ जंगली जानवरों का भी खतरा रहता है. बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है. भीषण गर्मी में बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है.

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ग्रामीणों की अधिक आबादी रहने के बावजूद 16 केवी का बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है, जो ज्यादा लोड होने के कारण छह महीने पहले ही खराब हो गया था. इसकी जानकारी स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व विभाग को दिये जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है. इस बीच छह महीने से बिजली ट्रांसफॉर्मर खराब रहने की सूचना पर पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई सोमवार को चाकी पहुंचे.

ग्रामीणों ने बिजली की समस्या से अवगत कराते हुए डॉ. गागराई को पत्र सौंपा. ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगा बिजली ट्रांसफॉर्मर बार-बार खराब होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इसे देखते हुए अब 25 केवी का बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए. डॉ. गागराई ने ग्रामीणों को आश्वासन किया कि वह विभाग के वरीय अधिकारियों सेगांव में 25 केवी का बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग करेंगे. ताकि जल्द से जल्द गांव में बिजली की आपूर्ति बहाल हो सके. इस मौके पर गांव के बिरसा बोदरा, सुगना बोदरा, बलदेव बोदरा, भीमसेन बोदरा, विकास बोदरा समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

### गोलमुरी लोहार लाइन में एसी के इनडोर यूनिट में लगी आग

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर में इन दिनों भीषण गर्मी से लगातार आग लगने की घटना सामने आ रही है. मामला सोमवार का है. गोलमुरी लोहार लाइन निवासी रमाशंकर शर्मा के घर में एसी के इनडोर यूनिट में अचानक आग लग गई. इससे कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी मच गयी. घटना दोपहर करीब 1.45 बजे की है.

घटना के बाद तुरंत स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी. सूचना पाकर अग्निशमन विभाग का एक गोलमुरी लोहार लाइन घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गया. थोड़ी देर बाद दमकल के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया.

एसी का इनडोर यूनिट पूरी तरह जलकर खाक हो गया. दमकल के पहुंचने से बड़ी घटना टल गई. हालांकि घर में अन्य सामान को नुकसान नहीं पहुंचा.

# सांप ने काटा तो उसे मारने के बाद गमले से ढंककर सो गया

## सुबह अस्पताल ले जाने के दौरान हुई मौत

**संवाददाता। चक्रधरपुर**



मनोहरपुर प्रखंड के पुराना मनोहरपुर में सर्पदंश से कमल नायक नामक व्यक्ति की मौत हो गई. वह रविवार रात को अपने घर के बाहर सो रहा था, तभी उसे सांप ने काट लिया. सोमवार सुबह हालत बिगड़ने पर घरवाले उसे राउरकेला अस्पताल के लिये लेकर निकले. लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना मनोहरपुर निवासी कमल नायक गर्मी की वजह से अपने घर के बाहर सो रहा था. देर रात लगभग ढाई बजे कमल के बाएं हाथ की कलाई में एक सांप ने काट लिया. जब उसे हाथ में हल्का जलन सा एहसास हुआ तो वह उठ गया और खटिया के नीचे जहरीले सांप को देखा. इसके बाद उसने सांप को मार दिया और मरे सांप को एक गमला से ढंक कर सो गया. सोमवार सुबह जब कमल नायक की तबियत ज्यादा बिगड़ने लगी तो उसने घर वालों को जानकारी दी कि संभवतः रात में उसे सांप ने काट लिया था, जिस कारण हाथ में जलन हो रही थी और अब तबीयत बिगड़ रही है. इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए मनोहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर राउरकेला रेफर कर दिया.

राउरकेला ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. इधर मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर ने बताया कि अगर कमल नायक को इलाज के लिए जल्दी अस्पताल जाया जाता तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी.

## दो दिवसीय तुरतुंग स्टेज-2 का जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता संपन्न

# खेल में भी करियर बना सकते हैं युवा : मंगल सिंह

**संवाददाता । चाईबासा**



तांतनगर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय खेड़िया टांगर में दो दिवसीय तुरतुंग स्टेज-2 की जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता संपन्न हुई. प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि टांगरपोखरिया पंचायत के मुखिया मंगल सिंह पूर्ति व विशिष्ट अतिथि टाटा कॉलेज चाईबासा के प्रोफेसर रिंकी दोराई ने संयुक्त रूप से तीर चला कर उद्घाटन किया. प्रतियोगिता में तुरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र सिकुरसाई (चाईबासा), सेल किरीबुरू चिड़िया, चिल्ड्रेन पार्क प्ले स्कूल लमझारी (मंझारी), रिकर्व और इंडियन राउंड कैटेगरी (सरायकेला) के प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय प्रशिक्षक सह पश्चिम सिंहभूम तीरंदाजी संघ के सचिव महर्षि महेंद्र सिंकू व अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज रीता सावैंया ग्रुप ने किया.

इसका सफल संचालन शैलेन्द्र सावैंया ने किया. प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि मंगल सिंह पूर्ति ने कहा कि वर्तमान समय में युवा खेल के क्षेत्र में भी अच्छा करियर बना सकते हैं. उसके लिए अनुशंसित होकर हमेशा मेहनत करते रहें.

**खेल हमें अनुशासन व बौद्धिक क्षमता से जोड़ता है : रिंकी दोराई**

विशिष्ट अतिथि रिंकी दोराई ने कहा कि खेल हमें अनुशासन बौद्धिक क्षमता से जोड़ता है, और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को विकसित करता है. उन्होंने खिलाड़ियों को हमेशा सकारात्मक सोच, विचार व ऊर्जा के साथ निरंतर प्रयास एवं कड़ी मेहनत करने की सलाह देते हुए खिलाड़ियों को आशीर्वचन व शुभकामनाएं दीं. मंच संचालन विजय कुदादा व राम नारायण पुरती ने किया. मैकलीन बारी धन्यवाद ज्ञापन किया. इस अवसर पर प्रताप सिंह पूर्ति, अभिराम हेंब्रम, सुरेन्द्र देवगम, सुप्रभात कुसुम देवगम, सुधीर पाठ पिंगुवा, मानकी कुदादा, रीता सावैंया, बसमती पूर्ति, जेमा हेंब्रम शीतल जारिका, रामेश जेराई, संध्या रानी गोप, सुषमा हेंब्रम, योगेंद्र हेस्सा आदि मौजूद थे. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को मेडल से सम्मानित किया गया.

## समस्या | सेल के खदानों में लागू एसएपी सॉफ्टवेयर ने कर्मियों की बढ़ाई परेशानी

# समय पर पैसा नहीं मिलने से परेशान हैं ठेकेदार

**संवाददाता । किरीबुरु**

सेल की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, गुआ, चिड़िया आदि खदानों व उपक्रमों में एक साथ सिस्टम एनालिसिस प्रोग्राम डेवलपमेंट (एसएपी) सॉफ्टवेयर से कार्य प्रारम्भ किया गया है. एसएपी से खदान प्रबंधन, ठेकेदारों आदि की परेशानी काफी बढ़ गई है.

इस सॉफ्टवेयर पर काम प्रारम्भ होने तथा खदान के अधिकारियों को इस सॉफ्टवेयर से संबंधित अधिक जानकारी नहीं होने की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसका व्यापक असर सेल के ठेकेदारों पर पड़ रहा है. ठेकेदारों द्वारा विभिन्न कार्यों से संबंधित बिल महीनों पूर्व जमा करने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं हो पा रहा है. इस कारण ठेकेदारों को अपने मजदूरों का वेतन मैटेरियल आदि से संबंधित पैसों का भुगतान करने में दिक्कतें आ रही हैं. ठेकेदार लगातार पैसा भुगतान हेतु प्रबंधन पर दबाव बना रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें एसएपी से जुड़ी समस्या बताकर टाल दिया जा रहा है.

प्रबंधन का कहना है कि अभी इससे थोड़ी परेशानी अवश्य हो रही है, लेकिन आने वाले दिनों में इससे सारा कार्य आसान व बेहतर हो जायेगा. वहीं कुछ लोगों का मानना है कि एसएपी आने से खदान व उपक्रमों में मैन पावर कम होगा, जिससे प्रबंधन को लाभ पहुंचेगा.एसएपी के बाबत जानकारों का कहना है कि पारंपरिक व्यवसाय मॉडल अक्सर डेटा प्रबंधन को विकेंद्रीकृत करते हैं, जिसमें प्रत्येक व्यवसाय फ़ंक्शन अपने स्वयं के परिचालन डेटा को एक अलग डेटाबेस में संग्रहीत करता है. इससे विभिन्न व्यावसायिक कार्यों के कर्मचारियों के लिए एक-दूसरे की जानकारी तक पहुँचना मुश्किल हो जाता है. इसके अलावा, कई विभागों में डेटा के दोहराव से आईटी भंडारण लागत और डेटा त्रुटियों का जोखिम बढ़ जाता है. डेटा प्रबंधन को केंद्रीकृत करके, एसएपी सॉफ्टवेयर सत्य के एकल दृश्य के साथ कई व्यावसायिक कार्य प्रदान करता है.


यह कंपनियों को विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को पूरे उद्यम में वास्तविक समय की जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करके जटिल व्यावसायिक प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करता है. परिणामस्वरूप, व्यवसाय वर्कफ्लो को तेज कर सकते हैं, परिचालन दक्षता में सुधार कर सकते हैं, उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, ग्राहक अनुभव को बेहतर बना सकते हैं, और अंततः लाभ बढ़ा सकते हैं.




### खास बातें

- ठेकेदारों को मजदूरों को वेतन देने में हो रही परेशानी
- प्रबंधन पर बिल भुगतान के लिए बना रहे हैं दबाव
- प्रबंधन एसएपी से जुड़ी समस्या बता टाल रहा

# गीता कोड़ा व जोबा मांझी पर सबकी नजरें टिकीं


गीता कोड़ा


जोबा मांझी

**संवाददाता ।चाईबासा**

लोकसभा चुनाव का परिणाम मंगलवार को सामने आयेगा. पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा सीट से 14 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं. एनडीए गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा तथा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी पर सबकी नजरें टिकी हैं. दोनों के बीच कांटे की टक्कर है. दोनों पार्टी के नेता अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा भी कर रहे हैं. चुनाव परिणाम पर लोग तरह-तरह के अटकलें लगाई जा रही हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर चुनाव एनडीए गठबंधन प्रत्याशी (गीता कोड़ा) जीतती है, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा पर तरह-तरह के सवाल खड़ा हो सकते हैं. लेकिन सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के पांचों विधानसभा सीट पर सदर से दीपक बिरूवा, मंझगांव से निरल पुरती, सरायकेला से चम्पाई सोरेन, चक्राधरपुर से सुखराम उरांव, मनोहरपुर से जोबा मांझी सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा जगन्नाथपुर से सोनाराम सिंकू कांग्रेस के विधायक हैं. वर्तमान सरायकेला विधानसभा से मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, सदर विधायक दीपक बिरूवा मंत्री भी हैं. वहीं मनोहरपुर विधायक जोबा मांझी तीन बार मंत्री रह चुकी हैं. इन विधायकों और मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. बल्कि अगामी विधानसभा चुनाव के लिए खलबली मच सकती है. वहीं भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा कांटे की टक्कर में यदि कम अंतर से हार भी जाती है तो जीत का जश्न तो नहीं लेकिन मतदाताओं का आभार प्रकट करने के लिए मिठाई खाकर मुंह मीठा जरूर करेंगी.

## ब्रीफ खबरें

### चिकित्सा पदाधिकारी को विशेष सम्मान

**हजारीबाग।** हैदराबाद में स्थित एआईजी फेलोशिप होस्पिटल में आयोजित दीक्षांत समारोह में हजारीबाग सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राहुल कुमार सिंह को विशेष सम्मान मिला. उन्हें एआईजी फेलोशिप होस्पिटल के अध्यक्ष डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी हाथों प्रशस्ति पत्र मिला. चिकित्सक डॉ राहुल कुमार सिंह हजारीबाग सदर अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित हैं. वे मूलतः चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड स्थित नरचाही ग्राम के रहने वाले हैं. चिकित्सक डॉ. राहुल कुमार सिंह ने चिकित्सक रिम्स से पूरी की. बतौर सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में डॉ. राहुल कुमार सिंह सेवाएं दे रहे हैं.

### बोलेरो व सवारी गाड़ी में टक्कर, 13 घायल

**डोमचांच।** थाना क्षेत्र के कोठियाराबर में सोमवार सुबह बोलेरो और सवारी गाड़ी की जोरदार टक्कर में 13 लोग घायल हो गए. घायलों में चंचला देवी, बबीता देवी, चतुर्भुज स्वर्णकार, चिंता देवी, मिथिलेश कुमार सोनी, रूपाली कुमारी, गणेश सिंह, फूलदेव कुमार सोनी, साबो देवी, रामदेव सिंह, किरण देवी, मुन्नी देवी, गीता देवी, शामिल हैं. कुछ लोगों को हल्की-फुलकी चोट लगी है. जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी में एक ही परिवार के साफी से 14 लोग सवार होकर झारखंडी धाम पूजा करने जा रहे थे. कोठियाराबार के समीप बोलेरो ने विपरीत दिशा से आकर जोरदार टक्कर मार दी. इससे दोनों वाहन पलट गए. दोनों वाहनों का परखच्चे उड़ गए.

### महिला की मौत व सड़क जाम में आरोपी गिरफ्तार

**चौपारण।** बीती 26 अप्रैल को प्रखंड के महूदी में एक ट्रेलर की चपेट में आने से एक महिला की मौत होने के बाद जीटी रोड एनएच 19 को घंटों जाम लगाने के मामले में मुख्य आरोपी राजेश भगत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बता दें कि जाम के दौरान कई यात्रियों के साथ हुड़दंगियों ने गाली गलौज, छीना झपटी और अभद्रता की थी. साथ ही जाम में फंसे कई वाहनों में भी तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था. हुड़दंगी यहीं नहीं रुके थे, बल्कि पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए अंचल अधिकारी, चौपारण को भी बंधक बनाकर रंगदारी की भी मांग की थी. इस मामले में कई नामजद और सैकड़ों अज्ञात लोगों पर चौपारण थाने में मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान कर रही थी.

### वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा का ख्याल नहीं रख रहा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन

# अस्पताल का रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद होने के कारण वरिष्ठ नागरिक परेशान

**शुभम संदेश ग्राउंड रिपोर्ट**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग



रजिस्ट्रेशन के लिए कतार में खड़े लोग और लाइन में लगा वरिष्ठ नागरिक.

एक तरफ सरकार ने वरिष्ठ नागरिक के लिए कई तरह की सुविधाएं मुहैया कराई हैं. सरकार ने ट्रेन, बस से लेकर हवाई जहाज तक के सफर में वरिष्ठ नागरिक को प्राथमिकता दी है. वहीं दूसरी तरफ अस्पताल प्रबंधक वरिष्ठ नागरिक एवं सरकार के आदेश को अनदेखा कर रहे हैं.

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से दिखाने के लिए पहले 10 रुपये का रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है. इसके लिए लगभग चार रजिस्ट्रेशन काउंटर हैं. सुबह 8:00 बजे से ही रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए लंबी कतार लगी रहती है, जिसमें महिला, पुरुष के अलावे वरिष्ठ नागरिक भी रहते हैं. वहीं रजिस्ट्रेशन काउंटर के बगल में एक वरिष्ठ नागरिक का भी काउंटर बना हुआ है, जिसमें वह अपना रजिस्ट्रेशन आसानी से करवा सकते हैं. लेकिन यह केवल दिखावा है. काउंटर है पर उसमें रजिस्ट्रेशन करने वाला कर्मी नहीं है. मजबूर होकर वरिष्ठ नागरिक को भी इस भीड़ वाली लाइन में लगकर रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है. यहां तक की दवाई के लिए भी उन्हें लाइन लगनी पड़ती है.

### क्या कहते हैं सुपरिटेंडेंट

इस संबंध में सुपरिटेंडेंट विनोद कुमार ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक काउंटर का स्टाफ सिविल सर्जन का है और हो सकता है कि आज किसी कारणवश वह छुट्टी में होगा. अगर यह जानकारी पहले मिलती तो वरिष्ठ नागरिक को अलग लाइन में लगवा कर रजिस्ट्रेशन करवा देते.

### रजिस्ट्रेशन काउंटर से दोपहर बाद 3:30 बजे कर्मी फरार था

बता दें कि सदर अस्पताल कैंपस में वरिष्ठ नागरिक के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर से सोमवार दोपहर बाद 3 :30 बजे कर्मी फरार था. दर्जन भर वरिष्ठ नागरिक भीड़ वाली लाइन में लगकर रजिस्ट्रेशन करने में जुटे थे. कई वरिष्ठ नागरिक लाइन में खड़ा नहीं हो पा रहे थे. इसके बाद इसकी शिकायत काउंटर के कर्मियों से की थी, लेकिन कर्मी इन वरिष्ठ नागरिकों को अनदेखा कर दिया. इसके बाद दर्जन भर वरिष्ठ नागरिकों ने शुभम संदेश के पत्रकार को इसकी जानकारी दी और घटना से अवगत कराया. शुभम संदेश के पत्रकार वरिष्ठ नागरिक को सहयोग करने के लिए और उनकी आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए अस्पताल पहुंचे, जहां देखा कि वरिष्ठ नागरिक का काउंटर है, लेकिन कर्मी नहीं है. दूसरे कर्मी से पूछे जाने के बाद उसने बताया कि यहां सुबह में ही एक रजिस्ट्रेशन करने वाला बैठता है और फिर उसे अस्पताल प्रबंधक दूसरी जगह ड्यूटी में लगा देते हैं. यही कारण है कि यह काउंटर खाली है और वरिष्ठ नागरिक को भी भीड़ वाली लाइन से ही रजिस्ट्रेशन करवानी पड़ती है.

**प्राइवेट अस्पताल में दिखाने को मजबूर हुए वरिष्ठ नागरिक :** वहीं इस संबंध में रिटायर्ड सीआरपीएफ के जवान गोपाल उपाध्याय, मोहन यादव, रिटायर्ड शिक्षक परमानंद, सुनीता देवी ने बताया कि स्पताल प्रबंधक सरकार के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं. अस्पताल प्रबंधन का यह दायित्व था कि जब काउंटर है तो एक कर्मी को भी काउंटर में बैठाना चाहिए था. वहीं मनोज बैठा ने बताया कि हम 85 साल के हैं और शिक्षक से रिटायर हुए हैं, कमर में दर्द था. डॉक्टर से दिखाने हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल आए थे, लेकिन तब तक काउंटर बंद हो गया और 3:00 बजे काफी लंबी लाइन थी. वरिष्ठ काउंटर में कोई रसीद काटने वाला नहीं था. इसके बाद आसपास के लोगों के अलावा वहां के गार्ड से भी पर्ची दिलाने की बात कही. प्रार्थना भी की, लेकिन किसी ने नहीं सुना. इसके बाद प्राइवेट अस्पताल में दिखाने चले गए.

### रिश्तेदार ने ही घटना को दिया था अंजाम, बहू की बहन निकली मुख्य साजिशकर्ता

# सुशीला देवी हत्याकांड का एसआईटी ने किया उद्भेदन

संवाददाता। रामगढ़



प्रेस वार्ता कर सुशीला देवी हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार.

एसआईटी ने सुशीला देवी हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. बता दें कि 30 मई को सुबह लगभग 9: 00 बजे रामगढ़ थाना अंतर्गत पतरातू बस्ती विद्यागनर में सेवानिवृत्त रेलवेकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में घुसकर अपराधियों ने उनकी पत्नी सुशीला देवी की हत्या कर नकदी एवं आभूषण की लूटपाट कर साक्ष्यों को छुपाने के उद्देश्य से घर में आग लगा दी थी. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि घटना के संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड संख्या-150/2024, दर्ज कर अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध अनुसंधान आरंभ किया गया.

कांड का उद्भेदन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं लूटी गयी संपत्ति तथा घटना में प्रयुक्त सामानों की बरामदगी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया. तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन किया गया. साक्ष्यों के आधार पर इस कांड का उद्भेदन करते हुये कांड में शामिल मुख्य साजिशकर्ता कुमारी स्नेहा एवं उनके पति-आरिफ नैयर उर्फ आर्या के अलावे कांड में शामिल एक अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के क्रम में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया एवं उनलोगों की निशानदेही पर हत्या करने में प्रयुक्त चाकू, लूटे गये जेवरात, घटनास्थल तक आने एवं जाने में इस्तेमाल किया गया वाहन, मोबाइल फोन, घटना के समय पहना गया जूता, सीसीटी का डीवीआर एवं अन्य सामानों को बरामद किया गया.

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के पीछे का मूल कारण इनकी आर्थिक तंगी और बहुत आसानी से मृतका के घर से भारी मात्रा में जेवरात/पैसा प्राप्त होने की संभावना, आपसी रंजिश एवं बदले की भावना से मृतिका की बहू की बहन एवं उसके दूसरे पति द्वारा अपने सहयोगियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया एवं साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से आगजनी की घटना की गई, लेकिन एसआईटी टीम की तत्परता से 72 घंटे में पकड़ लिये गए.

### इनकी हुई गिरफ्तारी

कुमारी स्नेहा उर्फ रिंकी ( 34 ) पति आरिफ नैयर, आरिफ नैयर उर्फ आर्या ( 30 ) , हिंदपीढ़ी रांची और अफसर अली ( 21) रहमत नगर चितरपुर रामगढ़ शामिल है.

### ये चीजें हुई बरामद

वहीं घटना को अंजाम देने में प्रयोग किये गये सामानों को भी एसआईटी ने जब्त कर लिया है, जिनमें घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल चाकू, लूटे गये जेवरात ( सोने के कान की बाली 2 अदद, टॉप्स 4 अदद, मंगलसूत्र का लोकेट 1 अदद, नाक का बेसर 1 अदद, चांदी का पायल 1 जोड़ा), घटना में इस्तेमाल इंडिगो कार एवं स्कूटी, सीसीटीवी का डीवीआर, 3 पीस एन्ड्रायड मोबाइल फोन, घटना के दौरान प्रयोग किये गए कपडे.एवं ग्लब्स का अवशेष शामिल हैं.

### छापेमारी दल में ये थे शामिल

वहीं, छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहु, पुअनि नवीन प्रकाश पाण्डेय, पुनि सत्येन्द्र कु. सिंह, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली, महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर, पुअनि मो. नौशाद, पुअनि आशुतोष कुमार सिंह, पुअनि ओमकार पाल, सअनि सुजित कुमार सिंह सहित रामगढ़ थाना, रजरप्पा थाना, बासल थाना एवं बरकाकाना ओपी के सशस्त्र बल शामिल थे.

# 17 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज

संवाददाता। हजारीबाग



बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मनीष जायसवाल.

हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कुल 17 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मंगलवार को होने जा रहा है. मतगणना के पूर्व सोमवार की रात सभी प्रत्याशियों के लिए भारी रही. क्षेत्र की जनता के बीच चौक-चौराहों, गली- मुहल्लों और शहर से लेकर गांवों तक चर्चा का माहौल गर्म रहा कि कौन जीतेगा और कौन हारेगा? वहीं प्रत्याशियों की दिनचर्या में भी कई बदलाव दिखे. भाजपा ( एनडीए समर्थित उम्मीदवार) प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने प्रति दिन की भांति अपने विधायक सेवा कार्यालय से दिन की शुरुआत जनता से मिलकर की. क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए. इसके बाद उन्होंने अपने कई मित्रों के घर जाकर उनसे मुलाकात की और मतगणना स्थल पर पहुंचने का उनसे आग्रह किया. तत्पश्चात जायसवाल कारगिल पेट्रोल पंप के समीप स्थित द फ्लोरेस्टा बैंक्वेट सभागार में आयोजित भाजपा की हजारीबाग लोकसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए. उन्होंने पूरे लोकसभा क्षेत्र से पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों को संबोधित किया. इसके बाद भाजपा प्रत्याशी ने शहर के कहानी बाजार स्थित बगीचा सभागार में मतगणना की तैयारी के लिए आयोजित भाजपा के काउंटिंग एजेंटों के मतगणना कार्य के विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया. हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से पहुंचे काउंटिंग एजेंटों के रहने खाने के विशेष इंतजाम को लेकर देर रात्रि तक जुटे रहे. जानकारी के मुताबिक मतगणना केंद्र के लिए मंगलवार की अहले सुबह भाजपा प्रत्याशी काउंटिंग एजेंटों को विदा करेंगे. इसके उपरांत मंदिर में पूजा-अर्चना करके वे खुद मतगणना केंद्र के लिए रवाना होंगे. जायसवाल के समर्थकों की ओर से विजय जुलूस की भव्य तैयारी की जा चुकी है. जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और देवतुल्य जनता - जनार्दन ( मतदाताओं) के प्रचंड समर्थन और आशीर्वाद की बदौलत हम निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे.

**खास बातें**

- पार्टी के संगठनात्मक बैठक में भाग लिया भाजपा प्रत्याशी ने
- काउंटिंग एजेंटों के प्रशिक्षण शिविर में भी की शिरकत

# टोल टैक्स, दूध और यात्री किराये में वृद्धि जनविरोधी कदम : आरसी मेहता

संवाददाता। हजारीबाग




डॉ आर सी प्रसाद मेहता.

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने देशभर में टोल दरों में बढ़ोतरी की है. वहीं दूध के मूल्य में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. लोकसभा चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स, रोड टैक्स, दूध, यात्री किराये में वृद्धि से यात्री वाहनों, माल वाहक वाहनों का किराया बढ़ेगा, जिससे सभी तरह के नागरिकों के जन-उपयोगी सामानों के मूल्य में वृद्धि होगी. महंगाई बढेग़ी. ये बातें कांग्रेस प्रमंडलीय हेल्थ अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहीं. डॉ ने कहा कि दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल, हवाई जहाज, रेल यात्रा महंगा होगी. सभी तरह के जनउपयोगी सामानों जैसे-मकान, भोजन, वस्त्र, पढ़ने लिखने की सामग्री में वृद्धि होने की संभावना है. आने वाले समय में अनेक सरकारी संस्थाओं को प्राइवेटाइजेशन करने की मंशा सरकार की है.

### उपायुक्त से गुहार लगाने के बाद भी ट्रेजरी में नहीं पहुंचा टिकट

# धंधेबाजों के हाथों में सरकारी टिकट

संवाददाता। हजारीबाग



राजकुमार राजू, अध्यक्ष, बार एसो.

पिछले तीन वर्षों से भी अधिक समय से हजारीबाग बार में काम करने वाले अधिवक्ता कोर्ट फीस के रूप में जमा करने वाले टिकट की कमी से जूझ रहे हैं. बाजार से 5, 10 और 20 के टिकट नगण्य हो गए हैं. टिकट को लेकर बार एसोसिएशन की ओर से पहल और आंदोलन की धमकी दी गई, परंतु यह भी काम नहीं आई. ऐसा नहीं है कि टिकट को लेकर प्रयास नहीं किए गए.

उपायुक्त को भी कई बार दस्तावेज नफीस संघ, बार संघ आदि के माध्यम से टिकट उपलब्ध कराने की मांग की गई. ज्ञात हो कि कचहरी के कार्य में 5, 10 और 20 के टिकट कोर्ट फीस के रूप में आवेदन पेपर के साथ संलग्न किए जाते हैं. इस संबंध में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार राजू ने बताया कि हजारीबाग जिले में तीन साल से हजारीबाग कचहरी से टिकट गायब हैं. इससे अधिवक्ताओं को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है. टिकट ब्लैक मार्केट में उपलब्ध हैं. पांच का टिकट सात रुपये में, 10 का टिकट 12 में और 20 का टिकट 25 रुपये में कचहरी में ही ब्लैक में मिल रहे हैं. अगस्त माह में टिकट की कालाबाजारी को लेकर हजारीबाग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार ने उपायुक्त से टिकट बुकिंग करने की मांग की थी और न होने पर आंदोलन करने की धमकी दी थी. तीन माह बाद भी कचहरी से टिकट गायब है और समस्या बरकरार है.

टिकट को लेकर कई बार अनुरोध किया गया. उपायुक्त से भी कई बार गुहार लगाई गई, परंतु समस्या का निराकरण नहीं हुआ. इससे न्यायिक कार्य में व्यवधान हो रहा है. हजारीबाग को छोड़कर अन्य जिलों में टिकट सर्वसुलभ है. इस दिशा में तुरंत पहल करने की जरूरत है.

**खास बातें**

- उपायुक्त से की गई मांग का भी कोई लाभ नहीं हुआ
- अधिवक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है

### 4.13 एकड़ गैरमजरुआ भूमि पर जमाबंदी होगी रद्द, अधिकारी भी नपेंगे

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू अंचल के मौजा करमा, थाना संख्या 176, खाता संख्या 6, प्लॉट संख्या 3645, कुल रकबा 4.13 एकड़ गैरमजरुआ खास किस्म जंगल भूमि पर ठाकुर महतो के नाम से संदेहात्मक रूप से कायम जमाबंदी को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार द्वारा सम्पुष्टि प्राप्त होने के उपरांत उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा कुल 1(एक) अभिलेख को मूल रूप से वापस करते हुए अंचल अधिकारी, मांडू को संबंधित भूमि की जमाबंदी को रद्द करने तथा भूमि को सरकार के दखल कब्जा में लेने का आदेश दिया है. इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा अंचल अधिकारी, मांडू को उपरोक्त जमाबंदी कायम करने में दोषी, संलिप्त कर्मियों पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने निर्देश दिया गया है.

# विकास मंच ने 135 बच्चों को किया सम्मानित

संवाददाता। हजारीबाग



छात्रा को सम्मानित करतीं थाना प्रभारी.

हजारीबाग पेलावल विकास मंच का दूसरे शैक्षिक सम्मान समारोह का आयोजन पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन परिसर में सोमवार को सुबह 9:00 बजे से आयोजित किया गया. इसमें कुल 135 बच्चों को सम्मानित किया गया.

पेलावल स्थित क्वींसलैंड ग्रामर स्कूल पेलावल के 23 बच्चे, मिलेनियम पब्लिक स्कूल पबरा रोड के 15 बच्चे, एडुका वैली पब्लिक स्कूल रोमी के 14 बच्चे, शहीद भगत सिंह सैनिक स्कूल हेदलाख के 24 बच्चे एवं न्यू कैसल इंटर कॉलेज पेलावल के 28 बच्चे शामिल रहे. इसके अलावे झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, संत स्टीफेंस स्कूल,संत जेवियर्स हाई स्कूल, संत अगस्टाइन हाई स्कूल एवं इंटर साइंस कॉलेज के 31 बच्चों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन मंच के अध्यक्ष एम. हक भारती ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में पेलावल थाना प्रभारी शाहीना परवीन तथा विशिष्ठ अतिथि में डॉ. सीपी दांगी, प्रोफेसर सोमर सुमन साहू, अशफाक अहमद, मंजू नंदनी जिपस कटकमसांडी पूर्वी, मो. अख्लाख मुखिया पेलावल उत्तरी, मो.समीर, ऐनुल हक, शाहबाज खान, करण कुमार, चंदन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे.

स्कूल टॉपरों में क्वींसलैंड ग्रामर स्कूल वर्ग 10 के मो. आतिफ फर्स्ट टॉपर, आइशा परवीन सेकंड टॉपर, साजदा परवीन थर्ड टॉपर, मिलेनियम पब्लिक स्कूल वर्ग 10 की मौसमी परवीन फर्स्ट टॉपर, सादिया परवीन सेकंड टॉपर, सना कौशर थर्ड टॉपर, एडूका वैली पब्लिक स्कूल की महजबीन नाज फर्स्ट टॉपर, दीपक कुमार सेकंड टॉपर, मंटू राणा थर्ड टॉपर, शहीद भगत सिंह स्कूल के बीरू कुमार फर्स्ट टॉपर, अफिया परवीन सेकंड टॉपर, सुमैया खनम थर्ड टॉपर एवं न्यू कैसल इंटर कॉलेज के मो. तौसीफ फर्स्ट टॉपर, अशिकिन परवीन सेकंड टॉपर, नुशरत परवीन थर्ड टॉपर को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित किया गया.

अंत में पेलावल टॉपर मो. अफ्फान अकरम संत जेवियर्स स्कूल वर्ग 12 के छात्र को भी मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र सौंप कर सम्मानित किया गया. इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सीपी दांगी,मो.समीर, अशफाक अहमद, मो.एजाज एवं मो.इमरान लाखे का भरपूर सहयोग रहा. मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर,सचिव अमित कुमार पासवान, उप सचिव इंजमामुल हक भारती,कर्मठ सदस्य चंद्रशेखर शर्मा एवं मो.आरिफ की इस कार्यक्रम में अहम भूमिका रही.


**नाराजगी** निजी कॉलेजों के संचालकों ने सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया

# निजी कॉलेजों में सीट से ज्यादा नामांकन, तो रजिस्ट्रेशन पर रोक

संवाददाता। हजारीबाग

शिक्षा विभाग ने प्राइवेट कॉलेज संचालकों को कमर तोड़ दी है. विभाग ने एक ऐसा आदेश जारी किया है, जिसमें प्राइवेट कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या कम होगी और अगर मनमाना नामांकन प्राइवेट कॉलेज में होता है, तो बच्चों का भविष्य खराब हो सकता है. सरकार का यह साफ निर्देश है कि प्राइवेट कॉलेज में लिमिट से ज्यादा नामांकन होता है तो रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई जा सकती है. वहीं सरकारी कॉलेज को सरकार ने भारी छूट दे रखी है, चाहे स्कूल हो या कॉलेज, बिल्डिंग हो या ना हो वे अनलिमिटेड नामांकन कर सकते हैं.

बताते चलें कि झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के रवि के द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2023 को पत्रांक संख्या 27/15 के तहत एक प्राइवेट कॉलेज के लिए जारी आदेश में लिखा है कि अब प्राइवेट कॉलेज मनमाना नामांकन नहीं कर सकते हैं, अनलिमिटेड नामांकन नहीं कर सकते हैं. इसमें भी प्राइवेट कॉलेज को दो कैटेगरी में बांटा गया है. पहली कैटेगरी में वैसे कॉलेज है, जिनका अस्थाई एप्लीकेटेड नहीं है. वैसे कॉलेज को सरकार ने 126, 128 विद्यार्थियों का नामांकन लेने का आदेश जारी किया था. दूसरी कैटेगरी में वैसे कॉलेजों को रखा गया है, जो परमानेंट एप्लीकेटेड हैं. ये 384 विद्यार्थियों का नामांकन अपने कॉलेज में ले सकते हैं.



के रवि कुमार का जरी चिट्ठी.

वहीं सरकारी स्कूल 10 2 और और सरकारी कॉलेज को अनलिमिटेड नामांकन लेने का 2023 में आदेश जारी किया गया था, लेकिन अब नए शिक्षा सचिव उमाशंकर ने भी 2023 के पत्र को 2024 में भी जारी किया है. ऐसे में निजी कॉलेज के संचालक नाराज हैं. वे सरकार पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगा रहे हैं. उनका कहना है कि सरकार प्राइवेट स्कूल, कॉलेज के साथ भेदभाव कर रही है. यह सच्चाई है कि सरकारी 10 2 स्कूल में ना तो बिल्डिंग है, और ना ही पर्याप्त कमरा और ना ही सब्जेक्ट के अनुसार शिक्षक हैं. इसके बावजूद सरकारी स्कूल व कॉलेज में अनलिमिटेड नामांकन करने का आदेश जारी किया है.

वहीं विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में लगे आधुनिक सुविधाओं से लैस प्राइवेट कॉलेज में अनलिमिटेड नामांकन पर सरकार ने रोक लगा दी है. सभी निजी कॉलेजों में सब्जेक्ट के अनुसार शिक्षण क्लर्क, कंप्यूटर, प्रैक्टिकल के अलावे अन्य सुविधा उपलब्धाएं हैं और सरकार से पंजीकृत भी हैं. ऐसे में सरकार विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है.

वहीं हजारीबाग के दर्जनों प्राइवेट कॉलेज के संचालकों ने अपनी दबी जुबान से सरकार पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं. उनका कहना है कि प्राइवेट कॉलेज भी सरकार का एक अंग है. हर सरकारी काम में प्राइवेट कॉलेज सहयोग करते आ रहे हैं. सरकारी आदेश का पालन भी करता है. उनका कहा है कि प्राइवेट कॉलेज में शिक्षक सब्जेक्ट के अनुसार रखते हैं. ऐसे में लिमिट नामांकन लेने से इनको भुगतान कैसे हो पाएगा.

# कोडरमा में तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

- पांच मोबाइल फोन, सात सिम, पांच एटीएम कार्ड और एक मोटरसाइकिल भी जब्त

संवाददाता। कोडरमा



साइबर अपराधियों के बारे में जानकारी देते एसपी अनुदीप सिंह व अन्य.

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा गठित टीम ने थाना क्षेत्र के मरकच्चो दक्षिणी पंचायत से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनमें गिरिडीह जिला के जमुआ थाना क्षेत्र निवासी रोहित गोस्वामी, रोहित मंडल व सतीश बर्मा शामिल हैं.

साथ ही पुलिस ने उक्त लोगों के पास से पांच मोबाइल फोन, सात सिम कार्ड, पांच एटीएम कार्ड और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है. पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेस कर बताया क उन्हें गुप्त सूचना मिली थी की साइबर अपराधियों का एक गिरोह मरकच्चो थाना क्षेत्र में सक्रिय होकर बिजली विभाग के कर्मी बनकर लोगों से संपर्क कर उनका बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर पैसों की ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है. इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. टीम द्वारा छापेमारी करते हुए इस गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया. अभियुक्तों से पूछताछ करने एवं उसके मोबाइल फोन की जांच करने पर यह पाया गया कि इनके द्वारा लोगों को फोन करके यह बताया जाता था कि उनका बिजली का कनेक्शन काटा जा रहा है. अगर उन्हें अपना कनेक्शन चालू रखना है तो इनके द्वारा दिये गए नंबर पर संपर्क करने को कहा जाता था. उसके बाद व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा जाता था, जिसपर क्लिक करते ही इन अपराधियों द्वारा मोबाइल को हैक कर पैसों की ठगी की जाती थी. इस संदर्भ में मरकच्चो थाने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

मुद्दा विशेष

झारखंड में गर्मी का प्रकोप जारी है. हालांकि आसमान में बादल मंडरा रहे हैं और कहीं कहीं बरस भी रहे हैं, लेकिन इससे राहत नहीं मिल रही है. इस गर्मी में बिजली की आंख मिचौली ने लोगों के कष्ट को और भी बढ़ा दिया है. वे कहते हैं कि लोगों को बिजली की आदत पड़ गई है. इसके बिना न तो पंखे, कूलर और न ही बिजली के अन्य उपकरण चल पाते हैं. ऐसे में अगर बिजली ठीक ठाक रहती तो भी थोड़ी राहत मिलती. पर यहां तो जिस तरह से बिजली की लोडशेडिंग की जा रही है. एक तरह से सब कुछ ठप पड़ गया है. शहर की तो हालत बुरी है ही, ग्रामीण इलाकों में भी लोग अनियमित बिजली आपूर्ति से बुरी तरह प्रभावित हैं. वे कहते हैं कि न तो ठीक से काम काज हो रहे हैं और न ही रात को सो पा रहे हैं. बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है. लोग बिजली विभाग की आलोचना कर रहे हैं. **शुभम संदेश की टीम ने इस संबंध में विभिन्न जिलों में लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.**

## भीषण गर्मी में पावर कट से लोग बेहाल, जनजीवन प्रभावित

# बिजली बिना सब कुछ सूना





01 अनियमित बिजली आपूर्ति से कामकाज प्रभावित



02 नहीं चल रहे पंप, किसानों को ज्यादा नुकसान



03 रात की लोडशेडिंग लोगों को ज्यादा खल रही है



04 लोगों में आक्रोश, विभाग को ध्यान देने की नसीहत

### रात में सोना हो जाता है मुश्किल : इदरीस




रांची के हिंदपीढ़ी निवासी मो इदरीस ने कहा कि दिन में तो बिजली कटती ही है, लेकिन कम से कम रात में तो बिजली नहीं काटनी चाहिये. रात में बिजली कटने से सोना भी मुश्किल हो जाती है. बिजली विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. ताकि गर्मी में लोगों को राहत मिल सके.

### रात में पावर कट ठीक नहीं, सुधार हो : दीपक




रांची के विद्यानगर निवासी दीपक कुमार ने कहा कि बिजली की कटौती गर्मी में अधिक परेशान करती है. रात में बिजली के कटने से काफी परेशानी हो जाती है .इसलिये गर्मी में रात में बिजली की पावरकट में सुधार की जरूरत है. उन्होंने कहा कि रात में बिजली की आपूर्ति ठीक होनी चाहिए.

### बिजली आपूर्ति में सुधार की जरूरत : कुशेश्वर



रांची के हरमू निवासी कुशेश्वर ने कहा कि बिजली की कमी रात में बहुत सताती है, हम लोग तो दिन में घर से बाहर काम के लिये निकल जाते हैं. दिन भर मेहनत करते हैं, तब घर का गुजारा चलता है. जब रात में आराम करने के लिये घर आते हैं, तो बिजली कटी होती है, तो बड़ा गुस्सा आता है.

### व्यवस्था में सुधार के लिये पहल हो : अकरम



रांची के चर्च रोड निवासी अकरम राशिद ने कहा कि गर्मी में बिजली की कटौती शुरू हो गई है, तेज गर्मी में बिजली नहीं होने से रात के समय अधिक परेशानी होती है. सरकार को राजधानी की बिजली व्यवस्था बेहतर करने की जरूरत है. इस दिशा में पहल करने की जरूरत है.

### फीडर के तार गर्मी से टूट रहे हैं : मनोज साहू



नामकुम के टाटीसिलवे निवासी मनोज साहू का कहना है कि गर्मी के कारण पंखा, कूलर, एसी के सहारे समय काटने को मजबूर हैं. हालत इतनी खराब हो गई है कि कोई भी उपकेंद्र नहीं जिसके सभी फीडर से आपूर्ति हो सके. किसी न किसी फीडर के तार दिन में दो से तीन बार टूट रहे हैं.

### आंख मिचौली से सभी त्रस्त हैं : तारकेश्वर बैठा



नामकुम के दुकानदार तारकेश्वर बैठा का कहना है कि बिजली की आंख मिचौली से सभी त्रस्त है. थोड़ी देर बिजली रहती है फिर कट जाती है. बिजली विभाग को शिकायत करने पर भी कोई असर नहीं पड़ता है. बिजली नियमित नहीं रहने पर दुकान का कार्य भी नियमित नहीं चल पाता है.

### बिजली बिना बहुत सारी समस्याएं : रामकृष्णा



नामकुम के रामकृष्णा प्रामाणिक का कहना है कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं बिल समय पर वसूलता है. लेकिन उपभोक्ता के प्रति अपना कर्तव्य का निर्वहन नहीं करता है. बिजली नियमित नहीं होने से शिक्षा, जल, सहित कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती है.

### लो वोल्टेज, पावर कट से परेशान हैं : सौमित्र




बेड़ो के सौमित्र शर्मा का कहना है कि गर्मी से पहले बिजली की आवश्यकता थोड़ी कम होती है. लेकिन गर्मी के दिनों में कम से कम 24 घंटे बिजली की जरूरत होती है. बिजली कुछ दिन ठीक रहने के बाद फिर बिगड़ गई है. यहां लो वोल्टेज और पावर कट से हम सभी परेशान हैं.

### मशीन चल नहीं पाती किसान परेशान : चरवा




बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली के चरवा उरांव का कहना है कि बिजली की सर्वाधिक आवश्यकता भीषण गर्मी के कारण महसूस होती है. बेड़ो में बिजली से सबसे अधिक परेशानी किसानों को है. लो वोल्टेज के कारण पंप चल नहीं पाती है और लो वोल्टेज में जल जाती है.

### पावर कट से सभी लोग परेशान हैं : मुकेश कुमार



बेड़ो के बारीडीह निवासी मुकेश कुमार रॉय का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण लोग परेशान हैं. सबसे अधिक परेशानी पक्के मकान वालों को है जहां नीचे और ऊपर का फर्श गर्मी से तप जाता है और घर में रहना मुश्किल हो जाता है. ऐसे में एसी कूलर और पंखा के कारण बिजली की खपत बढ़ जाती है.

### बिजली सबके लिए मूलभूत जरुरत : कैलाश




बेड़ो के डीएवी विवेकानंद पब्लिक के निदेशक कैलाश कुमार का कहना है कि बिजली सबसे मूलभूत आवश्यकता है. जिसके बगैर लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी उठानी पड़ती है. बेड़ों में पावर कट बढ़ गया है. गर्मी के दिनों में पावर कट से ज्यादा परेशानी होती है.

### पावर कट से आफत आ जाती है : सुखनाथ महतो



बेड़ो के रहने वाले सरकारी शिक्षक सुखनाथ महतो का कहना है कि इस समय बिजली नहीं रहने से क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं. बिजली नहीं रहने पर बिजली आधारित कुटीर उद्योग, फसलों की पटवन सहित अन्य कारणों से भारी परेशानी होती है.

### विभाग मनमानी करता है : तीरथ कुमार महतो




अनगड़ा के गोंदली पोखर निवासी बिजली मिस्त्री तीरथ कुमार महतो ने कहा कि मौसम ठीक रहने पर भी बिजली काट दी जाती है. दो तीन दिन से बिजली नही होने से सारे काम ठप हैं. बिजली बिना कारण का काट दी जाती है. इस मामले में विभाग मनमानी करता है.

### बिजली कटने से पढ़ाई बाधित : मुकेश महतो




अनगड़ा के मुकेश महतो का कहना है कि बिजली नहीं रहने से परेशानियां बढ़ गई है. शाम के समय बच्चों के पढ़ने का समय होता है. उसी समय बिजली काट दी जाती है . बच्चे ठीक से पढ़ नहीं पातें हैं. फिर रात दस से 11 बजे कुछ समय के लिए आती है. तब बच्चे सोने की तैयारी में होते हैं.

### विभाग की लापरवाही से पावर कट : राहुल महतो




अनगड़ा के राहुल महतो का कहना है कि बिजली को लेकर विभाग लापरवाही बरतता हैं. गर्मी ज्यादा होने से पानी की आवश्यकता पड़ती है. बिना बिजली के न तो पंप चल पाता है और न ही पंखे चलते हैं. विभाग बिल को लेकर तत्परता दिखाता है पर बिजली आपूर्ति को लेकर नहीं.

### बिना बिजली परेशानी होती है : ब्रज बिहारी




मांडर के रब्रज बिहारी ओझा का कहना है कि इन दिनों मांडर में बिजली की स्थिति ठीक नहीं हैं. लोडशेडिंग कर काम चलाया जा रहा है. इस गर्मी के मौसम में बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है. बिजली उपकरणों के नहीं चलने से काम काज प्रभावित होते हैं.

### पंखे, कूलर नहीं चलने से घबड़ाहट : अनिता देवी



मांडर के कंदरी की रहने वाली अनिता देवी कहती है कि इस गर्मी में बिजली के बिना काफी मुश्किल हो रही है. लोगों को बिजली की आदत हो गई है. पंखे, कूलर चलते हैं तो उतनी गर्मी नहीं लगती है, पर बिजली के कट होते ही घबड़ाहट होने लगती है. बच्चे भी रात को ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं.

### सरकार आपूर्ति पर ध्यान दे : विनय पाठक



मांडर के पुंगी गांव की रहने वाले विनय पाठक का कहना है कि सरकार को बिजली की आपूर्ति पर ध्यान देना चाहिए. इस समय जिस तरह से लोडशेडिंग कर काम चलाया जा रहा है, यह ज्यादा समय तक चल नहीं सकती है. बिजली के बिना सारे उपकरण भी ठप पड़ गए हैं.

### कोई कम समय पर नहीं हो रहा है : परवेज



मांडर के पुंगी निवासी परवेज अंसारी कहते हैं कि विभाग बिजली बिल के भुगतान को लेकर जितना तत्पर रहता है उतना तत्पर उसे बिजली आपूर्ति पर भी देना चाहिए. अभी बिजली की स्थिति बहुत बुरी है. लोडशेडिंग कर बिजली दी जा रही है. जिससे काफी परेशानी उठानी पड़ रही है.

### पलामू में पारा 45 डिग्री से ऊपर : रामेश्वर प्रसाद




मेदिनीनगर के पंड़वा थाना क्षेत्र के लामी पत्र गांव निवासी रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि गर्मी बहुत अधिक है. पलामू का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक है. गर्म हवा चलने के कारण राहत नहीं है. ऊपर से बिजली विभाग भी रुला रहा है. पड़वा क्षेत्र में 24 घंटे में बमुश्किल 12 से 14 घंटे ही बिजली रह रही है.

### गर्मी बढ़ने से आपूर्ति चरमराई : कुश कुमार




मेदिनीनगर के अधिवक्ता कुश कुमार ने कहा कि बढ़ती गर्मी के साथ ही बिजली आपूर्ति भी अनियमित हो गई है. बिजली नहीं रहने के कारण काफी परेशानी होती है. न दिन में सो पाते हैं न रात में ही नींद पूरी हो पाती है. वहीं गर्मी के कारण जीना मुहाल हो गया है.

### बिजली की आंख मिचौली बढ़ गई है : विकास सिंह



मेदिनीनगर के सिंगरा गांव निवासी विकास सिंह ने कहा कि इन दिनों काफी गर्मी पड़ रही है. वहीं गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली विभाग की आंखमिचौली भी बढ़ गई है. बिजली कब आएगी, कब जाएगी इसका कोई समय निर्धारित नहीं है. वहीं बिजली नहीं रहने के कारण नींद भी पूरी नहीं हो पाती है.

### व्यवस्था चरमरा गई है परेशानी बढ़ी : राधेश्याम



मेदिनीनगर के व्यवसायी राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि गर्मी के कारण घर में तो परेशानी है ही बाजार भी मंदा चल रहा है. मेदिनीनगर में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है और बिजली नहीं रहने के कारण घर के कई काम समय पर नहीं हो पाते हैं. सबसे ज्यादा परेशानी पेयजल को लेकर होती है.

### विभाग को लोडशेडिंग की पूर्व सूचना देनी चाहिए : डॉ. अजय



इस प्रचंड गर्मी में नियमित बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है. इस उमस भरी गर्मी में बिजली अनियमितता को लेकर हुसैनाबाद, हैदरनगर के भाजपा नेता सह डॉ. अजय कुमार जायसवाल ने कहा कि बिजली विभाग को लोडशेडिंग की पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देनी चाहिए . अगर किसी फीडर में कोई फॉल्ट आती है तो बिजली मिस्त्री पूरे क्षेत्र की आपूर्ति बंद करवा देते हैं .यह सरासर गलत है.

### शिकायत पर ध्यान की जरुरत : अफरोज आलम



बिजली आपूर्ति पर हुसैनाबाद के लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अल्प संख्यक प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा कि हुसैनाबाद पलामू का एक ऐसा क्षेत्र है जहां 45 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी बिजली नहीं मिल रही है. अगर बिजली विभाग के पदाधिकारियों की बात करें तो उनके पास शिकायत कर थक चुके हैं उसके बावजूद जनता की नहीं सुनी जाती है. इस भीषण गर्मी में बिजली की बहुत ही ज्यादा कटौती की जा रही है.

### सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति : प्रदीप सिंह



हुसैनाबाद के कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप सिंह का कहना है कि हुसैनाबाद के तीनों ब्लॉक हुसैनाबाद ,हैदरनगर और मोहम्मदगंज मिलकर 32 मेगावाट की बिजली की आवश्यकता है. पूरी बिजली मिलने के बाद तीनों प्रखंडों में सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति की जाती है. पूरी बिजली नहीं होने पर लोड शेडिंग के माध्यम से बिजली दी जाती है. हुसैनाबाद टाउन को लगभग 18 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती है. अगर फीडर में किसी प्रकार की कोई तकनीकी गड़बड़ी आती है, तो फीडर को बंद कर तत्काल उसे तकनीकी समस्या को हल किया जाता है.

### लगातार बिजली काटी जा रही है : अमीन अंसारी



बुढ़मू के ग्रामीण अमीन अंसारी का कहना है कि लगातार बिजली काटी जा रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है. न तो लोग ठीक से काम कर पा रहे हैं और न ही रात को ठीक से सो पा रहे हैं. बिजली, पानी की बात करने वाले नेता इस गर्मी में गायब नजर आते हैं.


### समय पर बिजली नहीं : संजय मिश्रा



बुढ़मू के ग्रामीण संजय मिश्रा ने कहा कि पवार हाउस कर्मियों की वजह से यहां के लोगों को बिजली नहीं मिलती है. बिल समय पर ले लिया जाता है. पर समय पर बिजली नहीं मिलती है. भीषण गर्मी में बिजली कट से काफी परेशानी होती है.



### नियमित बिजली मिलनी चाहिए : बीरबल साहू



भीषण गर्मी में बिजली कट पर बुढ़मू के बीरबल साहू का कहना है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए लगातर बिजली दी जानी चाहिए. जिससे हम ग्रामीणों को राहत मिले. पर इस समय लोडशेडिंग कर बिजली दी जा रही है. जिसका असर लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है. लोग ठीक से सो नहीं पा रहे हैं, साथ ही कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं.

### समय पर भुगतान चाहिए, पर बिजली नियमित नहीं मिल पाती है : रोहित



बुढ़मू के रोहित सोनी नियमित बिजली नहीं मिलने से काफी खफा हैं .उनका कहना है कि विभाग समय पर बिल भुकतान की बात करता है लेकिन समय पर बिजली नहीं मिल पाती है. इस समय जितनी गर्मी पड़ रही है. नियमित बिजली दी जानी चाहिए. लोग बिजली के आदी हो चुके हैं. समय पर बिजली नहीं मिलने से परेशानी काफी बढ़ जाती है.

## निर्णायक घड़ी

वह निर्णायक दिन आ ही गया, जब देश अगले पांच सालों के लिए अपनी सरकार का चयन करेगा. भारतीय लोकतंत्र का एक और मुकाम जो परिपक्वता के साथ अपनी मजबूती और मतदाताओं के फैसलों की स्वतंत्रता का साक्षी बनेगा. 1947 में आजादी के बाद भारत एक ऐसे मुकाम पर खड़ा था, जहां से लोकतंत्र की यात्रा आसान नहीं थी. उसी समय आजाद हुए ज्यादातर देश या तो तानाशाही के शिकार हो गए या फिर सैन्य शासन के. लेकिन भारत ने बंटवारे के रक्तरंजित जख्म के बावजूद 1952 में लोकतंत्र की अपनी यात्रा की शुरुआत की और तब से लगातार चुनावों के माध्यम से लोगों की इच्छाओं का सम्मान होता आया है. भारत के संविधान ने हम भारत के लोगों को संप्रभु माना है और चुनाव उसी संप्रभुता की गारंटी है. निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव और मतगणना को ले कर इस बार अनेक सवाल उठे हैं. चुनाव आयोग की भूमिका को ले कर भी सवाल उठे हैं. लेकिन मतगणना के ठीक एक दिन पहले चुनाव आयोग ने देश को आश्वस्त करने का प्रयास किया है कि वह देश के लोगों के जनादेश की हर कीमत पर रक्षा करेगा. 4 जून का दिन साबित करेगा कि जनादेश कितनी निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ स्थापित हुआ है. चुनाव की लंबी प्रक्रिया और थका देने वाले अभियानों के बावजूद भारत के मतदाता पूरी निष्ठा के साथ अपने भविष्य को चुनने के लिए भीषण गर्मी के बावजूद मतदान केंद्र तक गए. भारत में लोकतंत्र के भविष्य के लेकर अनेक सवाल भी उठते हैं. बावजूद इसके भारत में अब भी चुनाव जीवंत प्रक्रिया के बतौर अपना अहसास देता है. यह चुनाव जिस तरीके से लड़ा गया है, वह कई सवाल खड़े करता है. पहला तो यही कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, जिस पर निष्पक्षतापूर्वक व भयरहित वातावरण में चुनाव कराने की जिम्मेदारी थी, उसे ले कर संजीदा सवाल उठते रहे. विपक्ष का आरोप है कि उसने अपनी आंखों, कानों और मुंह को बन्द कर रखा. लोकतंत्र की रक्षा में चुनाव आयोग की भूमिका महत्वपूर्ण है. वह एक संवैधानिक संस्था है. उसे और ज्यादा स्वतंत्र और मजबूती के साथ सक्रिय बनाने के उपाय किए जाने की जरूरत है. भारत के आमलोगों को लोकतंत्र में गहरी आस्था है. इस समय दुनिया में इससे बेहतर कोई शासन प्रणाली भी नहीं है. फैसले का दिन इस बात का साक्षी बनेगा कि भारत में तमाम आरोपो प्रत्यारोपों के बावजूद भारतीय जनगण का विवेक सर्वोपरि है. एक्जिट पोल ने एक ओर जहां नरेंद्र मोदी की वापसी का संकेत दिया है, एनडीए को भारी बहुमत की संभावना को व्यक्त किया है, वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन ने भी दावा किया है कि वह बहुमत के साथ सरकार बनाने वाली है. किसका दावा सही है यह तो चुनाव नतीजों के बाद ही जाहिर होगा. लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के दौरान इंडिया गठबंधन जिस तरह रोजमर्रे के सवालों के साथ संविधान, आरक्षण, रोजगार और लोकतंत्र का सवाल पर दृढ़ता दिखाया है, वह भी अनोखा इतिहास बन गया है. लोकतांत्रिक चुनावों में हार जीत सामान्य प्रक्रिया है. महत्वपूर्ण बात तो लोकतंत्र में मतदाताओं के निर्णय की सर्वोच्चता की स्थापना है.

> चुनाव की लंबी प्रक्रिया और थका देने वाले अभियानों के बावजूद भारत के मतदाता पूरी निष्ठा के साथ अपने भविष्य को चुनने के लिए भीषण गर्मी के बावजूद मतदान केंद्र तक गए. भारत में लोकतंत्र के भविष्य के लेकर अनेक सवाल भी उठते हैं.

### सुभाषित


**अन्नदानं परं दानं विद्यादानमतः परम् ।**
**अन्नेन क्षणिका तृप्तिः यावज्जीवं च विद्यया ॥**

अन्न का दान परम दान है और विद्या का दान भी परम दान है, किन्तु दान में अन्न प्राप्त करने वाली तृप्ति कुछ क्षणों के लिए ही प्राप्त होती है, जबकि दान में विद्या प्राप्त करने वाला अपनी विद्या से आजीविका कमा कर जीवनपर्यन्त तृप्ति प्राप्त करता है.

# चार जून को जिन बातों पर नज़र होगी

**आखिरकार ठोस जमीनी हालात, रोजी-रोटी की वस्तुगत परिस्थितियों ने अपने को जोरदार ढंग से व्यक्त करना शुरू कर दिया है, लेकिन इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी कि यह अभिव्यक्ति फिलहाल अपने बिल्कुल शुरुआती दौर में है या यह इतनी मजबूत शक्ल ले चुकी है, जिससे चुनाव नतीजा निर्णायक रूप से प्रभावित होने लगे. हिंदुत्व के एजेंडे को भी ताकत, नफरत और अयथार्थ धारणाओं से मिलती रही है.**

• देश-काल



सत्येंद्र रंजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों अब यह कह चुके हैं कि "400 पार" एक जुमला था, जो "विपक्ष को उलझाने" के लिए उछाला गया था. दोनों ने अलग-अलग मीडिया इंटरव्यू में दावा किया कि भाजपा का ये दांव कारगर रहा. विपक्ष काफी समय तक इस जुमले से बनी धारणा को काटने में उलझा रह गया. उनके दावे की हकीकत में गए बगैर महत्त्वपूर्ण बात इस तथ्य पर ध्यान देना है कि अगली लोकसभा में भाजपा ने अपनी 370 और अपने गठबंधन एनडीए की सीटों के 400 पार करने की आशा छोड़ दी है. तो मेनस्ट्रीम और सोशल मीडिया में अब बहस इस बात पर आ टिकी है कि क्या भाजपा अपना 2019 का प्रदर्शन दोहरा सकेगी. कुछ विश्लेषकों ने राय जताई है कि कमोबेस ऐसा होगा, जबकि कुछ अन्य विश्लेषकों का दावा है कि 2019 की संख्या 303 तो दूर, इस बार बहुमत के लिए अनिवार्य 272 सीटें हासिल करना भी भाजपा के लिए दूभर होगा. चूंकि मीडिया और मीडियाकर्मियों को ऐसे दावेदारों के बीच बहस कराना दिलचस्प लगता है- और दरअसल इसमें उनका व्यावसायिक स्वार्थ भी शामिल रहता है, इसलिए कई दिनों तक उन्होंने चर्चा को प्रशांत किशोर बनाम योगेंद्र यादव में उलझाए रखा. (गौरतलब है चुनाव रणनीतिकार किशोर ने अनुमान लगाया है कि भाजपा अपनी 2019 की स्थिति बरकरार रखेगी या उससे कुछ बेहतर प्रदर्शन करेगी, जबकि डेढ़ दशक पहले तक सेफोलॉजिस्ट रह चुके यादव ने भाजपा के 240 से 260 सीटों के बीच सिमट जाने का दावा किया है.) महंगाई और बेरोजगारी. ये दो शब्द इस बार के चुनाव में प्रभावशाली कथानक बन गए हैं. संभवतः ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि असल में ये सिर्फ दो शब्द नहीं हैं. बल्कि इन शब्दों के अंदर करोड़ों लोगों का भविष्य छिनने और उनकी बदहाली बढ़ने की करोड़ों कहानियां छिपी हुई हैं. इन दोनों समस्याओं ने करोड़ों लोगों को गरीबी के दुश्चक्र में फिर से धकेल दिया है, जहां से निकलने के यत्न में उनकी पहले की पीढ़ियों ने अपनी जिंदगी लगा दी थी.

मतदान से पहले चरण से पहले जारी हुए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वे से सामने आया था कि लगभग 60 फीसदी मतदाताओं की निगाह में महंगाई और बेरोजगारी इस समय की सबसे बड़ी मुसीबतें हैं. सर्वेक्षणकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि लोग ना सिर्फ इन समस्याओं से पीड़ित हैं, बल्कि इसको लेकर वे सचेत भी हैं. इसके बावजूद अप्रैल के दूसरे हफ्ते में हुए उस सर्वेक्षण में



40 प्रतिशत लोगों ने भाजपा को वोट देने का इरादा जताया था. उस सर्वे रिपोर्ट के विश्लेषकों में से एक ने इसी हफ्ते एक टीवी डिस्कसन में कहा कि यह उस समय की सूरत थी. बात जब आगे बढ़ी, तो इन समस्याओं के इर्द-गिर्द एक नैरेटिव भी बनने लगा. उपरोक्त विश्लेषक ने कहा कि तब जिन 40 प्रतिशत लोगों ने भाजपा के पक्ष में राय जताई थी, उनमें 4-5 प्रतिशत ऐसे थे, जिन्होंने कहा था कि वे भाजपा को इसलिए वोट देंगे, क्योंकि विकल्प के रूप में कोई और मौजूद नहीं है. सर्वे के बाद बदले हालात पर टिप्पणी करते हुए विश्लेषक ने कहा कि ऐसा लगता है कि उन 4-5 फीसदी लोगों में से एक बड़े हिस्से ने अपना मन बदल लिया. उन्होंने शायद भाजपा को हराने के लिए मतदान करने का मन बनाया. इससे चुनावी सूरत अस्पष्ट हो गई है. अब मुमकिन है कि भाजपा को पिछली बार जैसी कामयाबी नहीं मिले. क्या ऐसा सचमुच होगा? अब तक प्राप्त संकेतों के आधार पर यह बात अभी कही जा सकती है कि हिंदुत्व के एजेंडा का विस्तार तो दूर अब संभवतः उसके प्रभाव में सिकुड़न शुरू हो गई है. आखिरकार ठोस जमीनी हालात, रोजी-रोटी की वस्तुगत परिस्थितियों ने अपने को जोरदार ढंग से व्यक्त करना शुरू कर दिया है, लेकिन इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी कि यह अभिव्यक्ति फिलहाल अपने बिल्कुल शुरुआती दौर में है या यह इतनी मजबूत शक्ल ले चुकी है, जिससे चुनाव नतीजा निर्णायक रूप से प्रभावित होने लगे.

किसी अन्य पूर्वाग्रह आधारित भावनात्मक मुद्दे की तरह हिंदुत्व के एजेंडे को भी ताकत, नफरत और अयथार्थ धारणाओं से मिलती रही है. ये धारणाएं इसलिए इतनी मजबूत हो पाईं, क्योंकि देश के शासक वर्ग ने राजनीतिक विमर्श में बुनियादी मसलों को हाशिये पर भेजने की अपनी रणनीति के तहत इन्हें हवा दी- इन्हें प्रचारित किया और इस एजेंडे की वाहक सियासी ताकत तो तमाम तरह के संसाधन उपलब्ध कराए. इस तरह भारतीय समाज के बहुसंख्यक समुदाय के बीच हिंदुत्व का वर्चस्व कायम करने की कोशिश की गई. यह कोशिश इसलिए इतनी आसानी से कामयाब हो गई, क्योंकि उसका वैचारिक मुकाबला करने वाली राजनीतिक शक्तियों का अभाव होता चला गया. 1990 के दशक में जब यह परियोजना शुरू हुई, तब कम्युनिस्ट एवं अन्य वामपंथी संगठनों ने इसका मुकाबला किया था. नवोदित दलित-बहुजन भी उसके विरुद्ध खड़ा नजर आया था. मगर हिंदुत्व के वैचारिक हमले और शासक वर्गों की व्यूह रचना के बीच वामपंथी संगठन कमजोर पड़ते चले गए. इस सदी का दूसरा दशक आते-आते राष्ट्रीय विमर्श में वे हाशिये पर पहुंच गए. उधर आरएसएस-भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग की अपनी रणनीति के जरिए दलित-बहुजन उभार को अपनी परियोजना में समाहित कर लिया. इस तरह ऐसा लगने लगा कि हिंदुत्व के एजेंडे के सामने कोई ऐसी वैचारिक रुकावट नहीं रह गई है, जिसकी कोई साख हो. इन्हीं परिस्थितियों के कारण अभी कुछ महीने पहले तक ऐसा लगता था कि इसे एंजेडे का शिकंजा और कसता रहा है. मगर इस चुनाव के दौरान संकेत मिले हैं कि रोजी-रोजी के सवालों ने इसके विस्तार पर रोक लगा दी है. ये सवाल इसके प्रभाव को किस हद तक कम कर पाए हैं, इस बारे में अभी कुछ कहने के ठोस संकेत हमारे पास नहीं हैं. इसका उत्तर मतगणना के बाद ही मिल पायेगा.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## घर बना खंडहर

एक सेठ जी थे, जो दिन-रात अपना काम-धंधा बढ़ाने में लगे रहते थे. उन्हें तो बस, शहर का सबसे अमीर आदमी बनना था. धीरे-धीरे पर आखिर वे नगर के सबसे धनी सेठ बन ही गए. इस सफलता की ख़ुशी में उन्होंने एक शानदार घर बनवाया. गृह प्रवेश के दिन, उन्होंने एक बहुत शानदार पार्टी का आयोजन किया. जब सारे मेहमान चले गए तो वे भी अपने कमरे में सोने के लिए चले आए. थकान से चूर, जैसे ही बिस्तर पर लेटे, एक आवाज़ उन्हें सुनायी पड़ी..."मैं तुम्हारी आत्मा हूं और अब मैं तुम्हारा शरीर छोड़ कर जा रही हूं!!" सेठ घबरा कर बोले, "अरे! तुम ऐसा नहीं कर सकती! तुम्हारे बिना तो मैं मर ही जाऊंगा. देखो! मैंने वर्षों के तनतोड़-परिश्रम के बाद यह सफलता अर्जित की है. अब जाकर इस सफलता को आमोद प्रमोद से भोगने का अवसर आया है. यह करोड़ों रूपये का, सुख सुविधा से भरपूर घर, मैंने तुम्हारे लिए ही तो बनाया है!, तुम यहां से मत जाओ." आत्मा बोली, "यह मेरा घर नहीं है, मेरा घर तो तुम्हारा शरीर था, स्वास्थ्य ही उसकी मजबूती थी, किन्तु करोड़ों कमाने के चक्कर में, तुमने इसके रख-रखाव की अवहेलना की है. मौज-शौक के कबाड़ तो भरता रहा, पर मजबूत बनाने पर किंचित भी ध्यान नहीं दिया. तुम्हारी गैर जिम्मेदारी ने इस अमूल्य तन का नाश ही कर डाला है." आत्मा नें स्पष्ट करते हुए कहा, "अब इसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा, कमर दर्द जैसी बीमारियों ने घेर लिया है. तनाव के कारण, ना जाने और कितनी बीमारियों का घर बन चुका है, ये तुम्हारा शरीर! अब तुम ही बताओ, क्या तुम किसी ऐसे जर्जरित घर में रहना चाहोगे, जिसके चारों ओर कमजोर व असुरक्षित दीवारें हो, जिसका ढांचा चरमरा गया हो, फर्नीचर को दीमक खा रही हो, प्लास्टर और रंग-रोगन उड़ चुका हो, ढंग से सफाई तक न होती हो, यहां वहां गंदगी पड़ी रहती हो. जिसकी छत टपक रही हो! क्या रहना चाहोगे ऐसे घर में? नहीं रहना चाहोगे ना! ...इसलिए मैं भी ऐसे आवास में नहीं रह सकती." सेठ पश्चाताप मिश्रित भय से कांप उठे! अब तो आत्मा को रोकने का, न तो सामर्थ्य और न ही साहस सेठ में बचा था. एक गहरी निश्वास छोड़ते हुए आत्मा, सेठ जी के शरीर से निकल पड़ी. मित्रो, यह कहानी आज अधिकांश लोगों की हकीकत है. सफलता परिश्रम कीजिए, किन्तु स्वास्थ्य की बलि देकर नहीं. अन्यथा सेठ की तरह मंजिल पा लेने के बाद भी, अपनी सफलता का लुत्फ उठाने से वंचित रह जाएंगे!

# हीट वेव से तेजी से बढ़े वैश्विक संकट

• पर्यावरण

डॉ. शशांक द्विवेदी

पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है. दुनियाभर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है. कहीं बहुत ज्यादा गर्मी के कारण जंगलों में आग लग रही है तो कहीं लोगों को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है. भारत के भी कई राज्यों में गर्मी और उमस से लोग बेहाल हैं. अपने ठंडे मौसम के लिए पहचाने जाने वाले यूरोप और अमेरिका भी ऐतिहासिक गर्मी का सामना कर रहे हैं. इसी बीच संयुक्त राष्ट्र ने एक डराने वाली चेतावनी जारी की है. यूएन के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन के कारण अकेले दक्षिण एशिया में तीन-चौथाई बच्चे खतरनाक गर्मी की चपेट में हैं, जिनकी संख्या करीब 46 करोड़ है.संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ के मुताबिक, मौजूदा समय में दुनिया में सबसे ज्यादा तापमान दक्षिण एशिया में है. जलवायु परिवर्तन के भयंकर असर के कारण इस क्षेत्र के तापमान में असामान्य रूप से बढ़ोतरी हो रही है. इस बढ़ते हुए तापमान का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है. एक अनुमान के मुताबिक, दक्षिण एशिया में 18 साल से कम उम्र के 76 फीसदी बच्चे भीषण तापमान वाले इलाकों में रहते हैं. इनकी तादाद करीब 46 करोड़ है. यूनिसेफ के मुताबिक, अगर वैश्विक स्तर पर बात की जाए तो हर तीन में से एक बच्चा भीषण गर्मी से प्रभावित है. दरअसल, बच्चों में जलवायु परिवर्तन के साथ अपने शरीर के तापमान को ढालने की क्षमता कम होती है. विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन इस हीटवेव की मुख्य वजह है. वहीं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (जीएचजी), जो कोयले, गैस और तेल जैसे जीवाश्म ईंधन को जलाने से होता है, वो हीट वेव को अधिक गर्म और खतरनाक बना रहा है. वैश्विक तापमान उबाल पर है. आंकड़ों से साफ है कि दक्षिण एशिया में करोड़ों बच्चों का जीवन हीट वेव और बहुत ज्यादा तापमान के कारण जोखिम में पड़ गया है. यूएन की ओर से जारी चेतावनी के मुताबिक, भारत समेत अफगानिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव और पाकिस्तान में जलवायु परिवर्तन के असर के कारण बच्चे ही सबसे ज्यादा जोखिम में हैं. अनुमान है कि दक्षिण एशिया के इन देशों में हर साल कम से कम 83 दिन 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान रहता है. विशेषज्ञों के मुताबिक, बच्चे अपने शरीर को इतने ज्यादा तापमान के मुताबिक ढालने में सक्षम नहीं होते हैं. यूएन के अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की अप्रैल में आई रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में हर साल कामकाज के दौरान करीब 19,000 लोग गर्मी के चलते मारे जा रहे हैं. आसान भाषा में समझें तो एक ऐसा बिंदु आता है जब शरीर खुद को ठंडा नहीं कर पाता है. असल में पानी की कमी से बॉडी डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाती है. जब शरीर में पानी की कमी होती है तो पानी के साथ कई जरूरी मिनरल और विटामिन की कमी भी हो जाती है. इस वजह से बॉडी के कई ऑर्गन जैसे किडनी, लंग्स और हार्ट डैमेज हो सकते हैं और उस वजह से लोगों की मौत हो सकती है. ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं. 'तीसरा ध्रुव' नाम से जाना जाने वाला हिमालय अंटार्कटिका और आर्कटिक के बाद ग्लेशियर बर्फ का तीसरा सबसे बड़ा सोर्स है. वैज्ञानिकों के अनुसार 400 से 700 साल पहले के मुकाबले पिछले कुछ दशकों में हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघले हैं. यह गतिविधि साल 2000 के बाद ज्यादा बढ़ी है. साइंस जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुए एक शोध के अनुसार इससे एशिया में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु नदी के किनारे रहने वाले करोड़ों भारतीयों पर पानी का संकट आ सकता है. ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति 'लिटल आइस एज' के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है. लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था. इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था. वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं. भारत में भी भीषण गर्मी का कहर जारी है. देश के कई इलाके हीट वेव की चपेट में हैं. इस बीच मौसम विभाग ने देश में हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी की है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत समेत मैदानी इलाकों में भीषण लू की स्थिति जारी रहने की संभावना है. पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के बहुत ज्यादा इस्तेमाल के कारण ग्लोबल वार्मिंग ने हीट वेव को ज्यादा गर्म और ज्यादा लंबा बना दिया है. इसके अलावा तूफान और बाढ़ जैसी दूसरी मौसम की चरम स्थितियों को भी तेज कर दिया है.

> साइंस जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुए एक शोध के अनुसार इससे एशिया में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु नदी के किनारे रहने वाले करोड़ों भारतीयों पर पानी का संकट आ सकता है. ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति 'लिटल आइस एज' के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है.

# लोकतंत्र के रूसी सेनानी की प्रेरक आत्मकथा

• देशांतर

एलएस हरदेनिया

रूस के बहादुर नेता एलेक्सी नवलनी ने जेल में अपनी हत्या के पहले अपनी जीवनी लिखी. जीवनी में वे अपने संघर्ष की गाथा कहते हैं और यह बताते हैं कि कैसे उनकी हत्या के अनेक प्रयास किए गए. अपने जेल के जीवन में उन्होंने अपने संस्मरण और अपने संघर्ष की गाथा लिखी है, जो दुनिया के पाठकों तक पहुंच गई है. उनकी जीवनी की गाथा का शीर्षक है ''पेट्रिओट'' (देशभक्त). इसका पहला संस्करण ही लगभग पांच लाख प्रतियों का था और जिसका प्रकाशन दुनिया के अनेक देशों में एक साथ हुआ था. नवलनी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर व्ही. पुतिन के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण आलोचक और विरोधी थे. पुतिन ने अनेक बार उन्हें मरवाने, उनको शारीरिक नुकसान पहुंचाने, बार-बार उनको गिरफ्तार करने और बार-बार उन्हें जेल में डालने के प्रयास किए. उन्हें गिरफ्तार कर आबादी से हजारों मील दूर जेल में रखा जाता था, जहां उनकी मृत्यु मात्र 47 वर्ष में हुई. उन जैसा बहादुर और साहसी व्यक्ति दुनिया के कम देशों में पाये जाते हैं. किताब के प्रकाशक ने प्रकाशन के अवसर पर कहा कि परिवर्तन को कोई नहीं रोक सकता. आज़ादी के लिए किया जाने वाला परिवर्तन मानव मात्र का अधिकार है. नवलनी ने पूरी किताब खुद ही लिखी, उसके कुछ हिस्से को उन्होंने अपनी पत्नी के सहयोग से लिखा. उनकी पत्नी किताब के संपादन में प्रकाशकों के साथ सहयोग करती रहीं और किताब की अंतिम प्रतिलिपि उनके सहयोग से ही तैयार हुई. यह महत्वपूर्ण क्रांतिकारी किताब दुनिया की 11 भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी है. किताब का रूसी संस्करण भी शीघ्र ही आने वाला है. उनके संस्मरणों का यह संघर्ष अत्यंत संवेदनशील और प्रेरणा देने वाला है. नवलनी के समर्थक और उनकी वृहत टीम के सदस्य जो आज भी संघर्षरत हैं और इसलिए वे रूसी शासकों की आंखों के कांटे हैं. यूक्रेन में जारी युद्ध के संदर्भ में उनके ऊपर पूरी नज़र रखी जा रही है.नवलनी ने इस किताब को लिखने का काम 2020 से प्रारंभ किया था. यह वह समय था, जब उनकी हत्या करने के लिए उन्हें ज़हर दिया गया था और वे इस ज़हर के दुष्प्रभाव से निकल रहे थे. उन्हें ज़हर देने की हरकत को पश्चिमी के अनेक खूफिया जानकारों ने बताया कि वह सचमुच उनको जान से मारने का प्रयास था. उनकी किताब में उनकी युवा अवस्था, एक राजनीतिज्ञ कार्यकर्ता के रूप में उनका उभार, उनका विवाह, उनका पारिवारिक जीवन, उनका राजनीतिक कैरियर, उनको मारने के विभिन्न हमलों का विवरण और उन लोगों की भी हत्या करने के प्रयास करने के विवरण शामिल हैं. 2023 में उनके विरूद्ध अनेक आरोप लगाकर उन्हें 19 वर्ष की सज़ा दे दी गई. जेल में उन्हें अनेक प्रकार से सताया जाता था-समय पर दवाइयां नहीं देना, एक ऐसे सेल में रख देना, जहां प्रकाश भी नहीं पहुंचता था. रूस आने के पहले उन्हें पूरा भरोसा था कि उन्हें जेल में डाल दिया जायेगा, परंतु दूसरे देश में रहकर संघर्ष करना उनकी आत्मा को कचोटता था. उन्हें यह कदापि अच्छा नहीं लगता था कि मैं अपने देश के बाहर रहकर तानाशाही का विरोध करूं. उन्होंने कहा कि ''मुझे यह कदापि अच्छा नहीं लगता कि मैं अपनी आस्था और अपने देश से दूर रहूं. संघर्ष यदि करना है तो अपने देश के भीतर ही रहकर किया जाना चाहिए.'' उन्होंने अपनी मृत्यु के पहले कहा ''मैं एक या दो सेकण्ड के लिए भी यह नहीं सोच सकता कि यदि मेरे सिद्धांत और मेरे उसूल सच्चे हैं तो मैं उनके लिए क्यों न सीना ताने लड़ूं और आवश्यक हो तो उसके लिए बड़े से बड़ा त्याग करने को तैयार हूं.'' नवलनी के रूस वापस आते ही पूरे देश में बड़े-बड़े प्रदर्शन हुए, परंतु उन सभी को दबा दिया गया. रूस में स्वतंत्र मीडिया को पूरी तरह से चुप करवा दिया गया और सत्ता के आलोचकों का मुंह बंद कर दिया गया. परंतु ऐसे वातावरण में भी नवलनी चुप नहीं रहे और अपनी आवाज़ उठाते रहे और यह बताने से नहीं चूके कि वे स्वतंत्र समाज के सबड़े बड़े समर्थक हैं. नवलनी जेल में रहने के बाद भी सोशल मीडिया से जुड़े रहे और तानाशाह के विरुद्ध अपनी बातें कहते रहे. उनके साथी और समर्थक रूस के शासकों के भ्रष्टाचार की पोल खोलते रहे. इस दरम्यान नवलनी अपनी जीवनी लिखते रहे. रूस के भीतर जब उनकी मृत्यु या हत्या हुई तो लाखों लोगों ने उन्हें बिदाई थी. बिदाई देने वाले जानते थे कि उन्हें गिरफ्तार किया जायेगा और उन्हें गिरफ्तार किया भी गया.

> रूस में स्वतंत्र मीडिया को पूरी तरह से चुप करवा दिया गया और सत्ता के आलोचकों का मुंह बंद कर दिया गया. परंतु ऐसे वातावरण में भी नवलनी चुप नहीं रहे और अपनी आवाज़ उठाते रहे और यह बताने से नहीं चूके कि वे स्वतंत्र समाज के सबड़े बड़े समर्थक हैं. नवलनी जेल में रहने के बाद भी सोशल मीडिया से जुड़े रहे और तानाशाह के विरुद्ध अपनी बातें कहते रहे.

### मीडिया में अन्यत्र

## बनने वाली सरकार के लिए चुनौतियां

**इस** महीने कार्यभार संभालने जा रही नई सरकार आर्थिक मोर्चे पर अपने को बहुत ज्यादा सहज स्थिति में पाएगी. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा पिछले हफ्ते जारी आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है और सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 फीसदी की बढ़त हुई है, जबकि पिछले साल इसमें 7 फीसदी की बढ़त हुई थी.इसका यह भी मतलब है कि अर्थव्यवस्था पिछले तीन साल में लगातार सात फीसदी या इससे ज्यादा की दर से आगे बढ़ी है. रिजर्व बैंक सहित कई अनुमानों से पता चलता है कि मौजूदा साल में भी वृद्धि दर सात फीसदी के आसपास रह सकती है.गौर करने की बात यह है कि सरकार के राजकोषीय मजबूती की तरफ कदम बढ़ाने के बावजूद अर्थव्यवस्था अच्छी दर से आगे बढ़ रही है.पिछले हफ्ते ही आए सरकार के वित्तीय आंकड़ों से यह पता चलता है कि कर संग्रह में अच्छी बढ़त की वजह से वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 5.6 फीसदी पर है, जबकि अंतरिम बजट के संशोधित अनुमानों में इसके 5.8 फीसदी तक रहने की बात कही गई थी.आर्थिक वृद्धि और राजकोषीय स्थिति के अलावा अगली सरकार को इस तथ्य से भी राहत मिलेगी कि महंगाई के मोर्चे पर हालत में सुधार हो रहा है, हालांकि समग्र महंगाई दर अब भी भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य से ऊपर है. इसके अलावा, बैंकों और कॉरपोरेट का बहीखाता मजबूत दिख रहा है. भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी सहज स्थिति में है जो बाह्य मोर्चे पर स्थिरता प्रदान करता है. पिछले कई वर्षों में व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के नीतिगत प्रयास सफल रहे हैं और हालत 10 साल पहले से काफी अलग है, जब राजग सरकार ने पहली बार कार्यभार संभाला था. कुछ महीने पहले ही भारत भुगतान संकट से बाल-बाल बचा है और भारतीय अर्थव्यवस्था के कई तरह के दबावों से जूझ रही थी. वैसे तो जीडीपी डिफ्लेटर और रियल व नॉमिनल ग्रोथ में अंतर के बारे में कुछ सवाल उठे हैं, लेकिन कुल मिलाकर देखें तो देश की आर्थिक मजबूती को सभी स्वीकार कर रहे हैं. नॉमिनल जीडीपी के हिसाब से देखें तो हमारी अर्थव्यवस्था पिछले वित्त वर्ष में 9.6 फीसदी बढ़ी है, जबकि इसके एक साल पहले इसमें 14.2 फीसदी बढ़त हुई थी. इसके अलावा, यह स्वीकार करना भी अहम होगा कि कोविड महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार काफी हद तक ऊंचे सरकारी खर्च की बदौलत हुआ है, जिस पर आगे अंकुश लगाने की जरूरत होगी, जब सरकार राजकोषीय मजबूती की दिशा में और कदम बढ़ाएगी. इसलिए इस तरह की सहज स्थिति को देखते हुए नई सरकार के लिए यही सलाह है कि वह जुलाई में पेश होने वाले बजट में राजकोषीय मजबूती पर आगे बढ़ते हुए इसे जीडीपी के 3 फीसदी या कम पर लाने का एक संशोधित क्रमिक मार्ग पेश करे. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## सुकून/चैन

**जब** नज़रों में उनके हम नज़र आतें है, वो ख़ुशी के चंद पल बरसों का सुकून दे जाते हैं. भूली हुई यादो, मुझे इतना न सताओ, अब चैन से रहने दो, मेरे पास न आओ. ये चैन और सुकून ऐसे शब्द हैं, जिनका प्रयोग आम बोलचाल में तो जमकर होता ही है, कवियों, शायरों और फिल्मी गीतकारों के लिए ये दोनों शब्द बहुत ही प्रिय रहे हैं. कवि और शायर जब इन शब्दों का प्रयोग करते हैं तो उनके अर्थ में चार चांद लग जाते हैं. जैसे खुदा के दिल को भी सुकून आता होगा, जब कोई गरीब चेहरा मुस्कराता होगा. सुकून और चैन दोनों लगभग एक ही अर्थ में प्रयुक्त होते हैं. सुकून अरबी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है आराम, इतमीनान, शांति, अमन, ठहराव, विराम, सन्नाटा, खामोशी, धैर्य, सब्र, तसल्ली, संतोष, संतुष्टि, कलेजे की ठंडक, क़रार. वहीं चैन तद्भव संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है आराम, सुख, मानसिक शांति, राहत, सुख भोग. सुकून का मतलब है अकेलेपन का वह एहसास, जिसमें किसी भी तरह का बाहरी हस्तक्षेप ना हो. इसी प्रकार फिर कुछ प्राप्त होने के बाद होने वाला आंतरिक एहसास सुकून कहलाता है. इंसान या मनुष्य की कोई इच्छा पूरी होने पर या एकांत में मानसिक मंथन करने पर सुकून प्राप्त होता है. बेफिक्री का समय भी सुकून महसूस कराता है. दूसरों की तरक्की देखकर जो ईर्ष्या की आग में जलता रहता है, उसे सुकून मिल ही नहीं सकता. सुकून का सीधा मतलब है- खुद ही राजा खुद ही प्रजा. हर बात, हर, चीज हर पल अपने मन के मुताबिक हो. कोई रोकने टोकने वाला नहीं हो. जिंदगी बिना किसी उलझन के और चिंता के गुजरे. सुकून या चैन से दिमाग को आराम मिल जाता है, उलझन कम हो जाती है. सुकून के कारण ज्यादा विचार दिमाग में आ सकता है और इंसान अपने कार्य को अच्छा और बेहतर कर सकता है.

# दहेज के बहाने कमाई की तरकीब

• तीर-तुक्का

एसके पाण्डेय

जैसे-जैसे समय बीतता जाता है. समाज में दहेज बढ़ता जाता है. क्या विडम्बना है ? दहेज विरोधी क़ानून भी है. दहेज विरोधी लोग भी पैदा हो गए हैं. और दिन-दिन बढ़ भी रहे हैं. लेकिन दहेज घटने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है. कुछ विद्वान कहते हैं कि दहेज कब नहीं था? दहेज पहले भी था और आज भी है. तो इसमें क्या बुराई है? इन्हें कौन समझाये कि भारतवर्ष यानी आर्यावर्त में आज का दहेज पहले कभी नहीं था. माथुर जी अपनी बेटी की पढ़ाई बंद करा दिए हैं. इनका कहना है कि बेटी जितना पढ़ी-लिखी रहेगी, उतनी ही शादी में कठिनाई होगी. इधर पढ़ाई-लिखाई में तमाम पैसा लग जायेगा. उधर दहेज में. कोई यह सुनकर कि लड़की बहुत पढ़ी-लिखी है, मुफ्त में शादी तो करेगा नहीं. यह सब कहने की बातें हैं कि लड़की पढ़ेगी तो शादी आसानी से हो जायेगी. मान लीजिए पढ़ाएं भी और कहीं ले देकर नौकरी भी मिल जाए तो भी शादी में पैसा लगेगा ही. तब भी दहेज तो देना ही पड़ेगा. और ज्यादा ही देना पड़ेगा. एक शादी में द्वार पूजा के समय पंडित जी ने कहा कि दस रुपया क्यों दे रहे हो ? कम से कम सौ रूपये तो दीजिए. दूल्हे के पिताजी तपाक से बोले कि कहीं लिखा है कि द्वार पूजा में दस नहीं सौ रूपये ही देना चाहिए. पंडित जी भी खरा जवाब दे दिए. बोले दहेज मांगना कहीं लिखा है क्या? जब देना पड़ा तो लिखा देखने लगे और जब दहेज मांगना था तब सोचा भी नहीं कि दहेज मांगना कहीं भी किसी भी ग्रन्थ में नहीं लिखा है. दहेज देने की बात तो ग्रंथों में मिलती है. लेकिन दहेज मांगने की नहीं. दहेज मांगना बुरा है. दहेज के लिए किसी को मजबूर करना बुरा है. आज के दहेज का वर्णन ग्रंथों में नहीं है. कुछ लोगों का कहना है कि दुल्हन ही दहेज है. दीगर है मानते नहीं. कहते हैं यही बहुत है. कई लोग ऐसे हैं जिन्हें दहेज मिल जाए, चाहे दुल्हन न ही मिले. एक लड़के की शादी दो लाख रुपये पर तय हुई. वह पिताजी से बोला कि दो लाख मेरे नाम से जमा कर दिया जायेगा, तभी मैं शादी करूंगा. पिताजी बोले कि दो लाख जमा कर देंगे तो बाकी का खर्चा कहां से होगा? बेटा बोला मैं कुछ नहीं जानता और मांग लेते. बाप ने अपनी श्रीमती जी से कहा कि तुम्हीं समझाओ अपने लाड़ले को. कहता है कि और मांग लेते. हमें क्या बुरा लगता था. लेकिन कोई डेढ़ लाख के ऊपर बढा ही नहीं. यही दो लाख पर किसी तरह राजी हुआ है. मां समझाने लगी. बेटा बोला यह दो लाख कुछ दिन में चार लाख और उसके बाद आठ लाख हो जायेगा. जमा करा दीजिए प्लीज ! मम्मी ने कहा तो शादी कैसे होगी ? बेटा बोला पास में पैसा रहेगा तो एक नहीं कई शादियां हो जाएंगी.



# दमदार फीचर्स के साथ आया 50 मेगा पिक्सल के सेल्फी कैमरा वाला फोन

*चीनी स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने वीवो एस 19 और वीवो एस 19 प्रो को लॉन्च कर दिया है. दोनों ही हैंडसेट स्टाइलिश डिजाइन और दमदार फीचर्स और प्रोसेसर के साथ आते हैं. कैमरा ऐसा कि बार बार मन क्लिक करना चाहे. दोनों ही फोन्स फिलहाल चीन में लॉन्च हुए हैं. अपने देश में यह कब लॉन्च होगा, फिलवक्त इसके बारे में कोई जानकारी नहीं. आइए, इनके बारे में आज करें चर्चा....*







- **इतनी है कीमत**

वीवो ने दोनों ही मॉडल्स को चार-चार कॉन्फिग्रेशन में लॉन्च किया है. इसमें 8जीबी रैम प्लस 256 जीबी का स्टोरेज बेस वेरिएंट में मिलता है. वहीं टॉप वेरिएंट में 16 जीबी रैम प्लस 512 जीबी का स्टोरेज मिलता है. वीवो एस 19 की कीमत 2500 युआन यानी लगभग 28,797 रुपए से शुरू होती है. वहीं वीवो एस 19 प्रो की कीमत 3300 युआन यानी करीब 38 हजार रुपए से शुरू होती है.

- **कलर आप्शन**

एस19 जहां ग्रे, पीच और लाइट ब्लू, इन तीन कलर ऑप्शन में आते हैं, वहीं प्रो मॉडल को कंपनी ने ग्रे, ग्रीन और लाइट ब्लू में लॉन्च किया है.

- **स्पेसिफिकेशन्स**


दोनों ही स्मार्टफोन्स में 6.78 इंच का एएमओएलइडी डिस्प्ले दिया गया है, जो 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट सपोर्ट करता है. स्क्रीन 4500 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ आती है. हालांकि, प्रो वर्जन में कर्व्ड डिस्प्ले मिलता है, जबकि स्टैंडर्ड वेरिएंट में फ्लैट स्क्रीन दी गई है.

वीवो एस19 प्रो में मीडिया टेक डाइमेंसिटी 9200 प्लस प्रोसेसर मिलता है. एस 19 की बात करें तो स्नैपड्रैगन 7 जेन 3 एसओसी दिया गया है. दोनों के कैमरे में भी काफी अंतर है. एस 19 प्रो में 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स 921 लेंस दिया गया है, जो 8 मेगापिक्सल के अल्ट्रा वाइड एंगल लेंस और 50 मेगापिक्सल के टेलिफोटो लेंस के साथ आता है.

वहीं स्टैंडर्ड वेरिएंट में 50 मेगापिक्सल प्लस 8 मेगापिक्सल का डुअल कैमरा दिया गया है. दोनों ही फोन्स में 50 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा मिलता है. वीवो एस19 में कंपनी ने 6000 मेगाहट्र्ज की बैटरी दी है, जबकि प्रो वेरिएंट में 5500 मेगाहर्टज की बैटरी मिलती है. दोनों में 80 वाट की चार्जिंग दी गई है.

# रांची के हरमू रोड को भी बुज्जी का इंतजार

**बुज्जी ऑटो वर्ल्ड में इंडियन टैलेंट का जबर्दस्त नमूना है. फ्यूचर कार का मोटिवेशन है. एआई ब्रेन से संचालित है. इन दिनों देश भ्रमण पर यह अनोखी कार निकली है और बहुत संभव है कि जल्दी ही हम इसे रांची, बोकारो, जमशेदपुर या धनबाद की सड़कों पर भी घूमते देख लें. आइए, बुज्जी के निर्माण, खर्च, फीचर्स आदि की जानकारी हासिल करें-**




दुनिया भर के सिनेमाघरों में 27 जून कोप्रदर्शित हो रही कल्कि 2898 एडी एक साइंस फिक्शन फ्यूचरिस्टिक फिल्म है. इसमें लीड रोल में 'बाहुबली' एक्टर प्रभास हैं. इस फिल्म के लिए आयोजित मेगा इवेंट में प्रभास ने इसी बुज्जी कार से ही आते नजर आए थे. दरअसल फिल्म में यह एक एनिमेटेड कार थी जो भले फिल्म तैयार होने के बाद, लेकिन अब एक साकार रूप में सामने है. यही कार फिल्म प्रमोशन के लिए पूरे देश में घूमने निकली है.

## इनकी है कल्पना

फिल्म में यह कार दरअसल हाइसु वांग की कल्पना थी. हाइसु वांग वही हैं जिन्होंने हॉलीवुड की फिल्मों 'एवेंजर्स एंडगेम', 'बैटमैन', 'गार्जियन्स ऑफ गैलेक्सी' और 'अवतार' आदि में प्रयोग किए गए वाहनों के डिजाइन बनाए हैं. प्रोडक्शन डिजाइनर ओना मिलर ने भी इस काल्पनिक कार में अपना दिमाग लगाया जो जो हॉलीवुड की 'आई, रोबोट' और 'टोटल रिकॉल' जैसी आइकॉनिक फिल्मों पर काम कर चुकी हैं.

## साकार रूप में ऐसे आई कार

इस कार को देखकर फिल्म के डायरेक्ट नाग अश्विनी को ख्याल आया कि काश यह गाड़ी असली रूप में सड़कों पर दौड़ती दिखे. ख्याल आया तो नाग ने सोशल मीडिया पर ही उद्योगपति आनंद महिंद्रा को पुकार लगाई. उन्होंने भी इस पुकार पर त्वरित प्रतिक्रिया दी. महिंद्रा ग्रुप ने फिल्म की टीम के साथ मिल कर अपने भारतीय इंजीनियर टीम की सहायता से इस कल्पना को साकार करने की व्यवस्था की. इस तरह बुज्जी कार एनिमेशन से वास्तविक स्वरूप में आ सकी. बुज्जी कार बनाने में 7 करोड़ रुपए की लागत आई है. 250 किलो की इस कार का डिजाइन किसी रेसिंग कार की तरह है. अब यह भारत की सड़कों पर घूम रही है.



## कहां से आया बुज्जी नाम

कार का नाम बुज्जी ही क्यों और कैसे. दरअसल 2008 में प्रभास की एक तेलुगू फिल्म 'बुज्जीगडू' बड़ी हिट हुई थी. फिल्म में उनके किरदार का नाम बुज्जी था. बुज्जी शब्द का सटीक तो कोई अर्थ नहीं, लेकिन क्यूटनेस के अर्थ में इसे ले सकते हैं, वैसे ही जैसे अपने झारखंड-बिहार में छुटकू, दुलरुआ आदि बोलते हैं, वैसे ही . इंग्लिश का 'क्यूटी' शब्द लगभग बुज्जी की जगह इस्तेमाल हो सकता है. तेलुगू और तमिल में लोग इस शब्द का इस्तेमाल प्यारे बच्चों को पुकारने के लिए करते हैं. फिल्म 2898 एडी में प्रभास के साथ बुज्जी क्यूट सी शैतानियां करता नजर आता है.

**भारत की सड़कों पर जल्द ही नई नवेली पोर्शे 911 कैरेरा दौड़ती दिखेगी. जी हां, जर्मनी की प्रमुख लग्जरी स्पोर्ट कार कंपनी पोर्शे ने हाल ही भारत में दो वेरिएंट में इन्हें पेश किया है और अब इनकी अधिकारिक बुकिंग भी यहां होने लगी है. अगर सब कुछ सही रहा तो इसी साल के अंत तक इन कारों की डिलीवरी शुरू हो जाएगी.**

**पोर्शे 911 कैरेरा के दो वेरिएंट हुए लॉन्च**

# रफ्तार जब होगी तेज तो पता चलेगा टायर का टेम्प्रेचर

जर्मनी की प्रमुख लग्जरी स्पोर्ट कार कंपनी पोर्शे ने हाल ही भारत में पोर्शे 911 कैरेरा को लॉन्च किया है और अब इसकी बुकिंग शुरू हो गई है. कंपनी ने इस कार के लुक और डिज़ाइन में कई बड़े बदलाव किए हैं जो कि इसे पिछले मॉडल की तुलना में ज्यादा बेहतर बनाते हैं. इसके अलावा ये कार पहले से और भी ज्यादा पावरफुल हो गई है. गौरतलब है कि इस कार को हाल ही में (29 मई को) ग्लोबल मार्केट में पेश किया था.

- **जानिए कीमत**

भारतीय बाजार में 911 कैरेरा की शुरुआती कीमत 1.99 करोड़ रुपए और कैरेरा 4 जीटीएस मॉडल की कीमत 2.75 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) तय की गई है.

- **इंजन**

911 कैरेरा रेंज में 3.6 लीटर की क्षमता का फ्लैट-सिक्स इंजन है जो 478 बीएचपी की दमदार पावर और 570 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. नए टी हाइब्रिड पावरट्रेन से लैस ये कार 8-स्पीड पीडीके ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन गियरबॉक्स के साथ आती है. इसमें एक्सल स्टीयरिंग के साथ ही ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम भी दिया गया है.

- **स्टैंडर्ड वेरिएंट के फीचर्स**

स्टैंडर्ड वेरिएंट यानी 911 कैरेरा स्पोर्ट क्रोनो पैकेज के साथ आती है जिसमें डिजिटल स्टॉपवॉच, स्पोर्ट क्रोनो क्लॉक, ब्लैक शिफ्ट पैडल्स, स्पोर्ट प्लस मोड, पीएसएम स्पोर्ट मोड, पोर्शे ट्रैक प्रीशिसन ऐप, टेंपरेचर डिस्प्ले मिलता है. तेज रफ्तार से जब आप कार चलाएंगे तो टायर के तापमान की जानकारी डिस्प्ले पर नजर आएगी. साथ ही स्पोर्ट रिस्पांस बटन और लैप टाइम की रिकॉर्डिंग जैसी सुविधाएं भी इस कार में मिलती हैं.

- **कैरेरा 4 जीटीएस के फीचर्स**

वहीं कैरेरा फोर जीटीएस में स्टैंडर्ड मॉडल की तुलना में कुछ अतिरिक्त फीचर्स भी मिलेंगे. इसमें स्पोर्ट एग्जॉस्ट (साइलेंसर) सिस्टम, जीटी स्पोर्ट स्टीयरिंग व्हील, हैंडरेस्ट पर जीटीएस का लोगो, ब्लैक्ड आउट एक्सटर्नल लोगो, ग्रे व्हील्स (आगे की तरफ 20 इंच और पीछे की तरफ 21 इंच) मिलता है. इस वेरिएंट में अधिक स्पोर्टी लुक दिखता है.



# राइड के समय मिलेगा कॉल एलर्ट

***हीरो मोटोकॉर्प की हीरो स्प्लेंडर एक्सटेक नए अवतार में स्प्लेंडर प्लस एक्सटेक 2.0 नाम से सामने आई है. पिछले वेरिएंट के मुकाबले इसके फीचर्स अधिक दमदार हैं. स्प्लेंडर प्लस एक्सटेक 2.0 की कीमत लगभग 82,911 रुपए (एक्स-शोरूम) है.***

- **यह है डिजाइन, फीचर्स**

डिजाइन की बात करें तो यह पहले जैसा ही क्लॉसिक डिज़ाइन है. नए एलईडी हेडलाइट, हाई इंटेसिटी पोजिशन लैंप,एच शेप में टेल लैंप आदि इसकी खासियत है जो रात के समय रोड प्रेजेंस को और भी बेहतर बनाते हैं. फुली डिजिटल स्पीडोमीटर, लंबी सीट, बड़ा ग्लॉव बॉक्स और यूएसबी चार्जिंग पोर्ट इसे और भी बेहतर बनाते हैं. इसमें फुली डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है. जिसमें आपको इकोनॉमी इंडिकेटर, सर्विस रिमाइंडर, साइड स्टैंड इंडिकेटर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं मिलती हैं. इस बाइक से आप अपना स्मार्टफोन कनेक्ट कर सकते हैं, जिससे राइड के समय ही आपको एसएमएस, कॉल और बैटरी अलर्ट मिलते रहेंगे.

इस बाइक को डुअल टोन पेंट के साथ पेश किया गया है. जिसमें मैटे ग्रे, ग्लॉस ब्लैक और ग्लॉस रेड शामिल है. कंपनी इस बाइक पर 5 साल या 70,000 किलोमीटर (जो भी पहले आए) तक की वारंटी दे रही है.



100 सीसी की क्षमता का सिंगल सिलिंडर इंजन दिया है जो 7.9 बीएचपी की पावर और 8.05 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. कंपनी का दावा है कि ये बाइक 73 किलोमीटर प्रतिलीटर तक का माइलेज देती है.

# झमाझम बारिश और कार का सफर

**झारखंड में 16 जून तक मानसून आने का पूर्वानुमान है. तमाम राहतों के बाद भी बारिश का मौसम कई परेशानियों का कारण बनता है. ऐसी ही एक परेशानी कार से जुड़ी है. दरअसल मानसून के दौरान वाहनों का खास ध्यान रखना होता है. बारिश के दौरान कुछ सावधानियां रखनी पड़ती है, वरना वाहन को नुकसान हो सकता है. आइए, चर्चा करें कि बारिश के मौसम में कार के लिए किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है-**



**वाइपर ब्लैड्स बदलें**

बारिश में कार निकालने से पहले वाइपर ब्लेड्स को जरूर चेक करें. यदि ये खराब हो गई हैं तो इन्हें तुरंत बदलवाएं. क्योंकि बारिश के दौरान यदि आपकी कार की वाइपर ब्लेड्स खराब रहीं तो विजिबिलिटी काफी कम हो जाएगी. इसलिए बारिश का दौर शुरू होने से पहले वाइपर ब्लैड का सही होना बेहद जरूरी है.

## ब्रेकिंग सिस्टम हो दुरुस्त



हालांकि कार की ब्रेक दुरुस्त हो, यह हर मौसम की मांग है, लेकिन बरसात के दिनों में खास तौर पर ब्रेक सिस्टम को चेक करना जरूरी होता है. कई बार देखा गया है कि इस मौसम में ब्रेक के ट्रैक्शन की क्षमता कम हो जाती है. ऐसे में अगर ब्रेक पैडल में कोई खराबी है तो उसे बदलना ही ठीक रहेगा. इससे ब्रेकिंग क्षमता बेहतर होती है.

## टायरों का रखें ध्यान



कार का पूरा भार टायरों पर ही होता है. खासकर बरसात के मौसम में गाड़ी के टायर सही स्थिति में हो, ये बहुत जरूरी है. टायर का एयर प्रेशर बिल्कुल सटीक होना चाहिए. यह कार की सुरक्षा के लिए जरूरी है. टायर में किसी तरह की लीकेज न हो, इसकी जांच कर लें.

## बैटरी और वायरिंग की जांच

किसी भी शॉर्ट सर्किट या बैटरी की दिक्कत से बचने के लिए मानसून से पहले बैटरी की अच्छी तरह जांच कर लें. यह भी आश्वस्त हो जाएं कि कार के सभी तार एवं फ्यूज एलिमेंट्स सलीके से इंसुलेटेड हैं.

## मड फ्लैप जरूर लगवाएं



मानसून के दौरान झारखंड की सड़कों का बुरा हाल होता है. जहां तहां कीचड़ गंदगी जमा रहती है. ऐसे में टायरों के पीछे मड फ्लैप का होना बेहद जरूरी है. सड़क पर जब कार तेजी से गुजरती है तो इक्ट्ठा हुआ कीचड़-पानी कार की बॉडी पर लग जाता है. ऐसे में मड फ्लैप होने से कार गंदी होने से बचती है. कार की हेडलाइट को चालू रखें

बरसात जब हो रही हो तो कार की हेडलाइट को ऑन और लो बीम में रखें, अधिकांश कार में डीआरएल होता है. इससे आने वाले ट्रैफिक नोटिस वाहनों को बेहतर तरीके से मदद मिलती है.

## कार को कवर करें




बारिश के मौसम में जब भी कार को खुले में पार्क करें, हमेशा वाटरप्रूफ कार कवर से ढकें, क्योंकि बारिश का पानी आपकी कार के महंगे पेंट को नुकसान पहुंचा सकता है और यहां तक कि सनरूफ जैसे पैनल के आसपास की रबर सील को भी नुकसान पहुंचा सकता है.

## कार में न हो लीकेज

इस मौसम में कार में किसी तरह की लीकेज तो नहीं है, इसकी जांच करनी चाहिए. अक्सर मानसून के दौरान कार के कई उपकरण से लीकेज की दिक्कत सामने आती है. ऐसे में प्री-मानसून में कार को अच्छे से चेक करें कि कोई भी लीकेज न हो.

## बरसात में भी एसी जरूरी



गर्मी ही नहीं, मौनसून के मौसम में कार के एसी की काफी जरूरत होती है. कार का एसी मानसून में डिफॉगर फीचर के लिए बेहद ही खास होता है. इसी वजह से एसी की क्षमता बेहतर होती है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# 'रोहित, विराट व सूर्या का गेंदबाजी ना करना, हमें पंगु बनाता है'

एजेंसी। नयी दिल्ली

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने टीम इंडिया का एक पुराना मुद्दा उठाया. ये मुद्दा पार्ट-टाइमर या ऑलराउंडर की कमी का है, जिससे टीम इंडिया जूझ रही है. हालांकि, ऑलराउंडर इस बार टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए तीन चुने गए हैं, जिसमें दो पेसर और एक स्पिनर है. बावजूद इसके टीम इंडिया का संयोजन इससे प्रभावित होगा, क्योंकि शीर्षक्रम के पांच बल्लेबाजों में से कोई भी गेंदबाजी नहीं करता है. इसी को लेकर इरफान पठान ने कहा है कि ये टीम इंडिया को कमजोर और हैंडीकैप बनाता है. हार्दिक पांड्या की चोट के बाद 2023 वनडे विश्व कप में भारतीय टीम पांच गेंदबाजी विकल्पों के साथ उतरी थी.



**पांड्या को पांचवें गेंदबाज के तौर पर खिलाया जाएगा:** 2024 के टी20 विश्व कप में भारतीय टीम तीन स्पिनरों के साथ उतरेगी या फिर हार्दिक पांड्या को पांचवें गेंदबाज के तौर पर खिलाया जाएगा और बल्लेबाजी में गहराई रखी जाएगी? इस पर ये बड़ा सवाल सभी के सामने है. शिवम दुबे ने वॉर्मअप मैच में गेंदबाजी की थी. उनके खेलने पर विचार मैच वाले दिन होगा. यशस्वी जायसवाल भी ओपनर के तौर पर दावेदार नहीं देखे जा रहे. इरफान पठान ने टीम कॉम्बिनेशन को लेकर बात करते हुए स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, "चुनी गई टीम में दो संयोजन हो सकते हैं. एक संयोजन में, आप बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करने के लिए अक्षर पटेल सहित छह गेंदबाजों के साथ खेल सकतेहैं. दूसरे संयोजन में, आप चार फ्रंट-लाइन गेंदबाजों के साथ खेल सकते हैंऔर शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या से गेंदबाजी की उम्मीद कर सकते हैं. टीम इंडिया के लिए एक और विकल्प एक युवा खिलाड़ी है जो नेट्स में गेंदबाजी करता है, लेकिन मैचों में गेंदबाजी नहीं की है, यशस्वी जायसवाल. शिवम दुबे ने आईपीएल के दौरान भी उल्लेख किया कि वह नियमित रूप से नेट्स में गेंदबाजी कर रहे हैं, विश्व कप में एक या दो ओवर गेंदबाजी करने की तैयारी कर रहे हैं."

### कई टीमों में टॉप ऑर्डर के बैटर गेंदबाजी करते हैं


पठान ने कहा है कि कई अन्य टीमों में टॉप ऑर्डर के बैटर गेंदबाजी करते हैं, लेकिन भारतीय टीम के साथ ऐसा नहीं है. उन्होंने कहा, "अगर हार्दिक आपको तीन से चार ओवर गेंदबाजी करने का विकल्प दे सकते हैं , तो यह समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी. हमारेअन्य बल्लेबाज, जैसे रोहित, विराट या सूर्यकुमार यादव गेंदबाजी नहीं कर सकते, जो हमें कुछ हद तक हैंडी कैप बनाता है. आदर्श रूप से, अगर इनमें से कोई भी खिलाड़ी गेंदबाजी कर सकता है, तो इससे टीम को काफी फायदा होगा. हम ऑस्ट्रेलिया की बात करते हैं, लेकिन इंग्लैंड के भी अपने शीर्ष सात खिलाड़ियों में कई ऑलराउंडर हैं, जिनमें मोइन अली, लियाम लिविंग स्टोन और विल जैक्स शामिल हैं. अधिक गेंदबाजी विकल्प होना हमेशा बेहतर होता है, और हां इस सेनेरियो में हम निश्चित रूप से हैंडीकैप हैं."

# अफगानिस्तान लक्ष्य हासिल करने को लेकर आश्वस्त : राशिद खान

एजेंसी। जॉर्जटाउन (गुयाना)

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम अनुकूल परिणाम पाने के लिए गेंदबाजों पर निर्भर नहीं है और उनके बल्लेबाजों ने बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास विकसित कर लिया है.

अफगानिस्तान अपने विश्व स्तरीय स्पिनरों पर निर्भर रहता है लेकिन अब उसके पास रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे आक्रामक बल्लेबाज भी हैं. राशिद ने टी20 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा,''यह अतीत की बातें हैं जब हमारे बल्लेबाज थोड़ा संघर्ष करते थे और हमारे गेंदबाज मैच जीतने में अहम भूमिका निभाते थे.'उन्होंने



कहा,''बाद में हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी आए और उन्होंने अफगानिस्तान के लिए खेलने का मौका पाने के लिए कड़ी मेहनत की. इसके बाद उन्होंने दुनिया भर की लीग में खेलना शुरू किया जिससे वह बेहतर होते गए.''राशिद ने कहा कि जीत दर्ज करने के लिए प्रतिभा, कौशल और सही मानसिकता का होना जरूरी है. उन्होंने कहा,''हमारी बल्लेबाजी ऐसी है जिसे देखकर हम कह सकते हैं कि अगर लक्ष्य 200 रन का है तो उसे भी हासिल किया जा सकता है.

## ब्रीफ खबरें

### रहाणे ने फिटनेस के महत्व पर जोर दिया

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सोमवार को फिटनेस पर काम करने के महत्व पर जोर दिया और अपने राज्य की टीम के खिलाड़ियों को बेहतर होने के लिए ऑफ-सत्र (जब सत्र नहीं चल रहा हो) ट्रेनिंग शिविर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया. मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने आगामी सत्र के लिए 'होम ऑफ द चैम्पियंस' थीम पर तीन महीने का शिविर शुरू किया. पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में मुंबई को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाली खिताबी जीत दिलाने वाले रहाणे ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्दे के पीछे काम करना महत्वपूर्ण है. रहाणे ने मीडिया से कहा,'यह कई युवाओं को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और विरासत को आगे बढ़ाने और सभी आयु वर्गों (टीमों) में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा.

### अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 जून को

**नई दिल्ली।** मैदान पर अपनी चतुराई के लिए पहचाने जाने वाले भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का 10 जून को विमोचन होगा. पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने सोमवार को यह घोषणा की.सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करने का वादा करती है. अश्विन ने एक बयान में कहा, ''एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है. इस पुस्तक के माध्यम से मुझे कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करने की उम्मीद है.

### कृष्णा ने ओडिशा एफसपी के साथ अनुबंध बढ़ाया

**भुवनेश्वर।** फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है.इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की. रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की. उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा.

## 12 साल बाद टी-20 विश्व कप में सुपर ओवर से हुआ फैसला

# नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में हराया

एजेंसी । ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

रूबेन ट्रम्पेलमैन की शानदार गेंदबाजी और डेविड वीज के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में हराकर टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की. ओमान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर आउट हो गई. इसके जवाब में नामीबिया की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 109 रन ही बना पाई. नामीबिया ने वीज और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की आक्रामक बल्लेबाजी की मदद से सुपर ओवर में 21 रन बनाए. वीज ने इसके बाद गेंद संभाली और ओमान को केवल 10 रन ही बनाने दिए.इससे पहले ट्रम्पेलमैन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली दो गेंदों पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने. उन्होंने 21 रन देकर चार विकेट लिए जो नामीबिया की तरफ से टी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. उन्हें वीज का अच्छा साथ मिला. जिन्होंने 28 रन देकर तीन विकेट हासिल किए .दक्षिण अफ्रीका में जन्मे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रम्पेलमैन ने मैच की पहली दो गेंदों पर सलामी बल्लेबाज कश्यप प्रजापति और ओमान के कप्तान आकिब इलियास को आउट किया. उन्होंने अपने दूसरे ओवर में एक और विकेट लिया. ओमान के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें खालिद कैल ने 39 गेंदों में सर्वाधिक 34 रन बना. उनके अलावा जीशान मकसूद ने 22 और अयान खान ने 15 रन का योगदान दिया. नामीबिया के बल्लेबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए . उसकी तरफ से जान फ्राइलिंक ने 48 गेंदों में 45 रन बनाए. उनके अलावा निकोलस डाविन (24) और इरास्मस (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए. ओमान की तरफ से मेहरान खान ने सात रन देकर तीन विकेट लिए और मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया.

नामीबिया के कप्तान इरास्मस सुपर ओवर में गेंद ट्रम्पेलमैन को सौंप सकते थे. लेकिन उन्होंने वीज के अनुभव पर भरोसा दिखाया और दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस ऑलराउंडर ने टीम को निराश नहीं किया.मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए वीज ने मैच के बाद कहा,''आज मेरी उम्र कुछ साल बढ़ गई. सुपर ओवर में बल्लेबाजी करने के कारण मुझे मदद मिली। मुझे खेल का अंदाजा था और मैं जानता था कि सुपर ओवर में मैं कुछ अच्छे शॉट लगा सकता हूं. गेंदबाजी करते हुए मुझे भरोसा था कि मैं लक्ष्य का बचाव कर सकता हूं.



**स्कोर बोर्ड**

ओमान : 109/10
नामीबिया : 109/6

जान फ्राइलिंक

**खास बातें**

- ओमान के चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंचे
- ओमान के खालिद कैल ने सर्वाधिक 34 रन बनाये

## इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

# खिताब बचाने उतरेंगे सात्विक और चिराग

एजेंसी। जकार्ता



सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी. भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है. इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है. उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे.

थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए. इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे. सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे. वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे. उनका पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा.ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी. मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने से उनका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी के खिलाफ 11-3 से आगे होने के बावजूद हारना चिंताजनक है. आन से यंग, चेन यू फी, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसी चोटी की खिलाड़ी मलेशिया ओपन में नहीं खेली थी लेकिन वे इंडोनेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे और ऐसे में सिंधू के लिए राह आसान नहीं होगी.सिंधू अगर पहले दौर में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हरा देती है तो फिर उन्हें मारिन का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी.

पुरुष एकल में भारत की निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी. लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे. क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे.इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे.विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे. पहले दौर में श्रीकांत का सामना चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से जबकि जॉर्ज का चीन के वेंग होंग यांग से होगा. महिला युगल में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई की जोड़ी के खिलाफ करेगी. त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की एक अन्य भारतीय जोड़ी का सामना चीनी ताइपे की चेंग यू पेई और सुन यू हिंग से होगा.

# अलीरेजा से हारे प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

एजेंसी। स्टवांगर (नॉर्वे)

भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा. जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली. अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई. प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना



पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए. उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा. अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं. अलीरेजा आठ अंकों के साथ चौथे और कारूआना 6.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं .

### केदार जाधव ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से की संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के बल्लेबाजी ऑलराउंडर केदार जाधव ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है. इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी.केदार जाधव ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू 2014 में किया था. उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ रांची में पहला वनडे 16 नवंबर 2014 को खेला था. 73 वनडे में जाधव ने 42.09 की औसत से 1389 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने दो शतक और छह अर्धशतक लगाए. जाधव ने 27 विकेट भी अपने नाम किए. अंतरराष्ट्रीय टी20 की बात करें तो जाधव ने नौ मैचों में 20.33 की औसत से 58 रन बनाए. आईपीएल में 93 मैचों में 22.15 की औसत से 1196 रन बनाए.

# फ्रेंच ओपन: दिमित्रोव व सिनर क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। पेरिस

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज़ को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा. दसवीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव ने आठवें वरीय हर्काज़ को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया. यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई. वह अमेरिकी ओपन, ऑस्ट्रेलियाई ओपन और विंबलडन में एक-एक बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं. सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद



शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और 2021 में फ्रेंच ओपन के उप विजेता स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा.तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौवें वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया.महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया.

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा की

**मोनाको।** एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे. इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है. वर्ल्ड एथलेटिक्स ने इसे 'अभूतपूर्व' चैंपियनशिप बताया जो 'एथलेटिक्स कैलेंडर को बदल देगी और परिभाषित करेगी कि कौन सा एथलीट सर्वश्रेष्ठ में सर्वश्रेष्ठ है.'

**आयोजन**

## टी-20 विश्वकप में आज खेले जायेंगे दो मैच

# स्कॉटलैंड के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगा इंग्लैंड

एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबडोस)

बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरूम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा.फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है. स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा. टी-20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी. केनसिंगटन ओवल में रविवार को नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबले के दौरान कुछ गेंद रुककर आ रही थी.स्कॉटलैंड के अलावा इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया और ओमान को भी जगह मिली है.सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए टीमों को अपने ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी. मेलबर्न में 2022 में पिछले टी-20 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के बाद से सफेद गेंद के प्रारूप में इंग्लैंड के लिए चीजें आसान नहीं रहीं.

**टीमें इस प्रकार हैं**

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड.

**स्कॉटलैंड :** रिची बेरिंगटन (कप्तान), मैथ्यू क्रॉस, ब्रैड करी, क्रिस ग्रीव्स, ओली हेयर्स, जैक जार्विस, माइकल जोन्स, माइकल लीस्क, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, साफ्यान शरीफ, क्रिस सोल, चार्ली टियर, मार्क वाट और ब्रैड व्हील.

*समय : मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा.*

### युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान प्रबल दावेदार

दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयान के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी. अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है.अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी.

**टीमें इस प्रकार हैं**

**अफगानिस्तान:** रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, राशिद खान (कप्तान), नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद मलिक.


**युगांडा:** ब्रायन मसाबा (कप्तान), साइमन सेसाजी, रॉजर मुकासा, कॉसमास क्येवुता, दिनेश नकरानी, फ्रेड अचेलम, केनेथ वैसवा, अल्पेश रामजानी, फ्रैंक नसुबुगा, हेनरी सेन्योंडो, बिलाल हासुन, रॉबिन्सन ओबुया, रियाजत अली शाह, जुमा मियाजी और रौनक पटेल.

**समय:** मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे (मंगलवार) से खेला जाएगा.

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का क्रूज की सैर से बदला मूड

एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप में भाग लेने के लिए जब यहां पहुंची तो वह सामान खोने, उड़ान में देरी और तेज हवाओं से परेशान रही लेकिन ऑलराउंडर एस्टन एगर ने कहा कि इसके बाद शहर के खूबसूरत समुद्र तट पर क्रूज की सैर ने खिलाड़ियों का मूड बदल दिया. ऑस्ट्रेलिया विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत पांच जून (भारतीय समयानुसार छह जून सुबह छह बजे) ओमान के खिलाफ करेगा. केट.कॉम.एयू की रिपोर्ट के अनुसार तेज गेंदबाजी के अगुआ पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क आईपीएल में खेलने के बाद कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे. इसके बाद वेस्टइंडीज जाते समय कमिंस का सामान खो गया



जिसके कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ी. कमिंस का सामान हालांकि बाद में मिल गया था.वेबसाइट के अनुसार,''उड़ान में देरी के कारण स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को भी परेशानी हुई. इस कारण इन दोनों को लॉस एंजिल्स में एक रात बितानी पड़ी. यही नहीं बारबाडोस पहुंचने के लिए उन्हें मियामी में भी एक रात गुजारनी पड़ी.'मार्कस स्टोइनिस भी अपनी किट देर से पहुंचने के कारण अभ्यास मैच में नहीं खेल पाए थे.

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस ने चटिया दियर से हिरण बरामद किया

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के मलाही थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए गंडक नदी से सटे चटिया दियर में ग्रामीणों द्वारा छुपाकर रखे एक हिरण को बरामद किया है. मलाही थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में उक्त कार्रवाई की गई. बरामद हिरण को वन विभाग को सौंप दिया गया. छापेमारी टीम में अरेराज डीएसपी, थानाध्यक्ष, पीएसआई, व चौकीदार दिनेश कुमार शामिल थे.

### खून से लथपथ मिली अधेड़ की लाश

**मुजफ्फरपुर ।** जिले में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है. ताजा मामला जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के अहियापुर चौक की है. जहां सोमवार की सुबह एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव खून से सना हुआ बरामद हुआ. स्थानीय लोगों ने डेड बॉडी देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई. जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज ले गई है. फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. पूरे मामले में पूछे जाने पर अहियापुर थानेदार इंस्पेक्टर रोहन कुमार ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति का डेड बॉडी मिला है. धारदार हथियार से हत्या की गई है.

### पत्नी से विवाद, फंदे से लटका पति, मौत

**नवादा ।** पत्नी से विवाद के बाद पति फांसी के फंदे से झूल गया. जिससे उसकी मौत हो गई. घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना इलाके के बिहटा गांव में सोमवार को घटित हुई. सूचना के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर लिया. सदर अस्पताल नवादा में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है. बिहटा गांव निवासी लक्ष्मण चौहान उर्फ लच्छू चौहान का पत्नी से कुछ विवाद हुआ था. विवाद की वजह रहा कि रात्रि में लक्ष्मण ने पत्नी से शरीर में लगाने के लिए तेल मांगा. जिसपर दोनों के बीच बहस हो गई.

# प्रदेश में 40 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से होगी गिनती

## त्रिस्तरीय सुरक्षा की होगी व्यवस्था, पहली पंक्ति में सीआरपीएफ, दूसरी में बीसैप व तीसरी में स्थानीय बल होंगे तैनात

**संवाददाता । पटना**


फाइल फोटो

देश में लोकसभा की 543 सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है. मंगलवार को मतगणना होगी. राज्यभर में 40 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जायेगी. सभी केंद्रों पर तीन परत में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है. तीनों परत में अलग-अलग स्तर के सुरक्षा बल तैनात हैं. पहली पंक्ति में ज्यादातर केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान रहेंगे. दूसरी परत में बीसैप या जिला बल के जवान और तीसरी परत में स्थानीय और जिला बल के जवान तैनात रहेंगे. जिला बल के जवान बाहरी परिसर में, बीसैप के जवान मतगणना केंद्रों के प्रवेश द्वार पर जबकि केन्द्रीय सुरक्षा बलों के जवान मतगणना स्थल पर सुरक्षा की कमान संभालेंगे. इन्हीं के जिम्मे इवीएम की सुरक्षा भी है. संवेदनशील और अधिक महत्व वाले केंद्रों पर शुरू की दो परतों में केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी. इसके लिए सभी जिलों को पर्याप्त संख्या में बल तैनात कर दिए गए हैं.

चुनाव कराने के लिए बाहर से बुलाई गई केंद्रीय सुरक्षा बलों की 153 कंपनियों को भी संबंधित जिलों में ही रोक दिया गया है. जहां केंद्रीय बलों की कमी है, वहां दूसरे स्थान या जहां संख्या अधिक है, वहां से इन्हें भेज दिया गया है ताकि मतगणना केंद्रों पर तैनाती में इनकी कोई कमी महसूस नहीं हो. इसके अतिरिक्त बीसैप के भी सभी जवानों की तैनाती आवश्यकता के अनुरूप कर दी गई है. पाटलिपुत्र और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना पटना के एएन कॉलेज में होगी.

इस दौरान बोरिंग रोड को पूरे तरीके से सील किया जाएगा. इस रास्ते पर गाड़ियों का परिचालन पूरे तरह से बंद रहेगा. यह बंदी सुबह पांच बजे से मतगणना की समाप्ति तक लागू होगा.

इस व्यवस्था से अग्निशमन, एंबुलेंस, शव वाहन, मरीजों के वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, मतगणना कार्य से जुड़े वाहनों, पास धारक वाहनों और अन्य अनिवार्य सेवा के वाहन बाहर रहेंगे. इसी तरह मतगणना कर्मी के वाहन पाटलिपुत्रा गोलंबर से बोरिंग रोड में नहीं आएंगे. इन वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सहयोग हॉस्पिटल पाटिलपुत्रा के खाली मैदान में की जायेगी. वहां से मतगणना अभिकर्ता पैदल एएन कॉलेज में आयेंगे. अभ्यर्थियों के वाहन बोरिंग रोड में तपस्या मोड़ तक आयेंगी.

## राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर ने कहा

# मीडिया में आ रहे एग्जिट पोल पर समय बर्बाद न करें

**संवाददाता । पटना**



लोकसभा चुनाव के खत्म होते ही एग्जिट पोल का सिलसिला जारी है. इस बीच सोमवार को राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर ने मीडिया में आ रही एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने सोशल साइट एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है कि आम जनता से फर्जी पत्रकारों, बड़बोले राजनेताओं और स्वयं-घोषित विशेषज्ञों की ओर से दिये जा रहे बातों और विश्लेषण पर अपना समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी है. राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर ने एक्स पर लिखा है अगली बार चुनाव और राजनीति की बात हो तो अपना कीमती वक्त खाली बैठे फर्जी पत्रकार, बड़बोले नेताओं और सोशल मीडिया के स्वयंभू विशेषज्ञों की फिजूल की बातों और विश्लेषण पर बर्बाद मत करिये. उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर दावा किया था कि नरेंद्र मोदी की एक बार फिर से सरकार बनने जा रही है.

## बुजुर्ग को टक्कर मारकर भागने के दौरान कार दुर्घटनाग्रस्त

# वाटर पार्क घूमने जा रहे पांच की मौत

**संवाददाता । औरंगाबाद**




औरंगाबाद में भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां एनएच पर क्षत्रिय नगर के पास बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े हाइवा में टक्कर मार दी. इस हादसे में कार में सवार पांच दोस्तों की मौत हो गयी. सभी रोहतास जिले के डेहरी के रहनेवाले थे और कार से गया के वाटर पार्क घूमने जा रहे थे. तभी यह हादसा हो गया. इधर, घटना को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने दुख जताया है. सीएम ने एक्स पर लिखा कि औरंगाबाद में एनएच पर सड़क हादसे में 5 लोगों की मृत्यु दुखद. मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है.

**बुजुर्ग को टक्कर मारकर भागने के दौरान हुआ हादसा :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि डेहरी की कचौड़ी गली के निवासी सनी गुप्ता अपने दोस्तों के साथ कार से गया के वाटर पार्क घूमने जा रहे थे. तभी औरंगाबाद में एनएच पर क्षत्रिय नगर के पास कार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी. इसके बाद सनी कार लेकर भागने लगा. तभी कार अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे खड़े हाइवा में घुस गयी. इस हादसे में तीन दोस्तों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जबकि दो दोस्त घायल हो गये. आनन-फानन में दोनों को जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया. जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर ने दोनों को वाराणसी के निजी अस्पताल में रेफर किया गया. जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया.

**डेहरी की कचौड़ी गली के निवासी सनी गुप्ता अपने दोस्तों के साथ कार से गया के वाटर पार्क घूमने जा रहे थे. तभी औरंगाबाद में एनएच पर क्षत्रिय नगर के पास कार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी.**

**पांच मौत के बाद मचा हाहाकार:** पांच युवकों की मौत के बाद डेहरी की कचौड़ी गली और राजपूताना मोहल्ला, काली स्थान के पास चीख-पुकार मच गयी. परिजनों की चीत्कार हर जगह सुनाई दे रही थी. मृतकों के घर से लेकर मोहल्ले तक लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. सभी लोग परिजनों को सांत्वना दे रहे थे.

### पिकअप वैन ने तीर्थाटन बस में मारी टक्कर, कई घायल, अस्पताल में भर्ती



**भागलपुर ।** जिले के बीहपुर थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 31 के सन्नकार चौक के समीप सोमवार को ओवरटेक करने के दौरान एक पिकअप ने सामने से आ रही तीर्थाटन यात्री बस को टक्कर मार दी. घटना में पिकअप पलट गई और तीर्थाटन यात्री बस पेड़ से जाकर टकरा गई. बस में सवार हलवाई और बस का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि पिकअप चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया. दुर्घटना को लेकर बस में सवार लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. पुलिस के अनुसार घटना की जानकारी जुटाई जा रही है.

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से अपराधियों ने लूटे 14 लाख रुपये

**पटना ।** पटना के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोखुलपुर गांव स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में सोमवार को दिनदहाड़े हथियार बंद अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया और लाखों रुपये लूट लिये. बैंक में घुसे बदमाशों ने पहले हथियार के बल पर कर्मियों और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया. इसके बाद तिजोरी से लगभग 14 लाख रुपये लूटकर फरार हो गये. बिहटा थाना प्रभारी ने बताया कि लूट की घटना हुई है. अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है. राशि का आकलन किया जा रहा है. मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है.

### अपराधियों ने कोर्ट जा रहे युवकों को मारी गोली

**पटना ।** पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र स्थित नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास सोमवार को दिनदहाड़े दो युवकों को अपराधियों ने गोली मार दी, जिन्हें इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है. फिलहाल दोनों युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है. मामला आलमगंज थाना क्षेत्र के एनएमसीएच के पास का है. जहां अपराधियों ने दो युवकों को गोली मारी है. एक युवक को उसके पैर में एक गोली और पीठ में दो गोली यानी कुल तीन गोली मारी गई है. दोनों युवकों की पहचान चौक थाना क्षेत्र के रहने वाले सूरज गोप और लल्लू कुमार रूप में हुई है.




**पटना।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही पूर्व संध्या पर सोमवार को पटना में बीजेपी समर्थकों ने मिठाइयां तैयार करानी शुरू कर दी.

# बेतिया में सनकी पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

**संवाददाता । बेतिया**

बेतिया से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. एक सनकी पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला. यह घटना बीते रविवार की है. चनपटिया थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में हुई हत्या की इस घटना के बाद सनसनी फैल गई. बताया जाता है कि महिला गुड़िया देवी 35 साल) का पति राजू ठाकुर मानसिक रूप से विक्षिप्त है. वह एक रूम में अकेले रहता था. रविवार को उसने अपनी पत्नी को लाठी-डंडे से इतना मारा कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई. पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस ने राजू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है.

महिला की हत्या के बाद घर में कोहराम मच गया. घर के लोग रोने-बिलखने लगे. इस मामले में महिला के बड़े बेटे आदित्य कुमार (17 साल) ने बताया कि उसके पिता पागल हो गए थे. एक रूम में हमेशा अकेले रह रहे थे. वह कहीं नहीं जाते थे. खाना बनता था और खाना खा कर वह रूम में चले जाते थे. रविवार को अचानक लाठी-डंडे से उन्होंने मां के ऊपर हमला कर दिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई. इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया. इसके बाद परिजनों को सौंप दिया.

## कारोबार

### बजाज ऑटो की बिक्री 3.55 लाख इकाई स्थिर

**नयी दिल्ली ।** बजाज ऑटो की मई में कुल बिक्री 3,55,323 इकाई पर स्थिर रही है. कंपनी ने पिछले साल मई में 3,55,148 वाहन बेचे थे. बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल घरेलू बिक्री (वाणिज्यिक वाहन सहित) पिछले महीने एक प्रतिशत घटकर 2,25,087 इकाई रह गई, जबकि मई, 2023 में 2,28,401 इकाई रही थी. समीक्षाधीन महीने में कंपनी का कुल निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 1,30,236 इकाई हो गया, जबकि एक वर्ष पूर्व मई में यह 1,26,747 इकाई था.

### कॉमविवा ने राजेश को सीईओ नियुक्त किया

**नयी दिल्ली ।** डिजिटल समाधान प्रदाता टेक महिंद्रा की अनुषंगी कंपनी कॉमविवा ने राजेश चंदिरमणी को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की. बयान के अनुसार, चंदिरमणी ने एक एक जून 2024 को पदभार संभाल लिया. चंदिरामणी ने मनोरंजन 'माओ' महापात्रा की जगह ली है. महापात्रा मई 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे. महापात्रा कॉमविवा निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवाएं देना जारी रखेंगे.

### जीई पावर इंडिया के निदेशक ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली ।** जीई पावर इंडिया के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी योगेश गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. जीई पावर इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उनका इस्तीफा जुलाई 2023 से लागू होगा. कंपनी ने कहा, निदेशक मंडल ने सोमवार को अपनी बैठक में 23 जुलाई 2024 के कारोबारी घंटों की समाप्ति से पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद से योगेश गुप्ता के इस्तीफे पर गौर किया. निदेशक मंडल ने आशीष घई को अतिरिक्त निदेशक और पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त करने का फैसला किया है. हालांकि इसके लिए अभी सदस्यों अनुमति अनिवार्य है.

## अडाणी ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों की मार्केट वैल्यू 19.24 लाख करोड़ रुपये हो गई

# गौतम अडाणी ग्रुप के शेयरों में 16% तक आयी उछाल

**भाषा । नयी दिल्ली**



### शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया

शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स करीब 2000 अंकों के ऊपर 2621 पर खुला. वहीं निफ्टी 807 अंक के ऊपर खुला. एग्जिट पोल के अनुमान सामने आने के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की तीसरी बार वापसी का अनुमान जाहिर किया गया था. बंपर तेजी के बीच शेयर बाजार नई ऊंचाईयों पर पहुंच गया. शेयर बाजार खुलने के साथ ही 2050 अंक उछलकर 76,018 के नए शिखर पर पहुंच गया. वहीं निफ्टी में भी शानदार तेजी देखी जा रही. पिछले सप्ताह शेयर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा था. इसके बाद भी सोमवार को बाजार ने अपना नया ऑल टाइम हाई बनाया. शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट देखने को मिली थी. कारोबार के बीच बैंकों और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 75 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ था. बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 75.71 अंक यानी 0.10 प्रतिशत बढ़कर 73,961.31 पर बंद हुआ था. कारोबार के दौरान यह 74,478.89 अंक के ऊपरी और 73,765.15 अंक के निचले स्तर पर भी रहा था. इस तरह सूचकांक में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया था.

### बंपर उछाल

- अडाणी पोर्ट्स 9% रिटर्न के साथ मुनाफे में रहा
- अडाणी एंटरप्राइजेज में 7% की बढ़त दर्ज की गई

नई सरकार के गठन को लेकर सिर्फ आमलोग ही नहीं, बल्कि शेयर बाजार को भी बेसब्री से इंतजार रहता है. इसलिए लोकसभा चुनाव का जब एक्जिट पोल आया तो उसका सीधा असर बाजार पर पड़ा. सोमवार को शेयर बाजार में तेजी रही. इस बीच गौतम अडाणी की कंपनियों के स्टॉक्स में बंपर उछाल रहा. अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में 16% तक का रिकॉर्ड उछाल आया.


एग्जिट पोल में मोदी सरकारी की जीत की चर्चाओं के बीच शेयर बाजार में सुबह से तेजी रही. इसका असर अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों पर भी रहा. अडाणी ग्रुप की सभी 10 लिस्टेड कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में करीब 1.4 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ. इससे ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 19.24 लाख करोड़ रुपये हो गई.

निवेशकों को उम्मीद है कि आने वाले समय में शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है. बाजार में तेजी के बीच अडाणी पॉवर के शेयर में सबसे ज्यादा उछाल रहा. बीते छह महीनों में दोगुना हो चुका अडाणी पावर सबसे ज्यादा मुनाफे में रहा. स्टॉक ने 16 प्रतिशत की बढ़त के साथ बीएसई पर 875 रुपये के नए 52-सप्ताह के उच्च स्तर को छुआ. निफ्टी 50 पैक में अडाणी पोर्ट्स 9% रिटर्न के साथ सबसे ज़्यादा मुनाफे में रहा. इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज में 7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई.

इसके अलावा अडाणी ग्रुप की कंपनियों अडाणी टोटल गैस, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और अडाणी ग्रीन में भी अच्छी बढ़त देखी गई. ये सभी स्टॉक 7 से 8 प्रतिशत उछाल के साथ कारोबार किये. अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयर अब हिंडनबर्ग से पहले के स्तर के करीब पहुंच रहे हैं. शेयरों ने अपने नुकसान की भरपाई कर ली है. वित्त वर्ष 2024 में अडाणी समूह का कर पश्चात लाभ (पीएटी) 55% बढ़कर 30,768 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इसका ईबीआईटीडीए साल-दर-साल 40% बढ़कर 660 अरब रुपये हो गया. इधर जेफरीज ने अडाणी एंटरप्राइजेज (लक्ष्य मूल्य 3,800 रुपये), अडानी पोर्ट्स (लक्ष्य मूल्य 1,640 रुपये) और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस (लक्ष्य मूल्य 1,365 रुपये) को खरीदने की सलाह दी. पिछले हफ्ते सीएलएसए ने 54 स्टॉक की लिस्ट में अडाणी पोर्ट्स, अडाणी एंटरप्राइजेज, एसीसी और अंबुजा सीमेंट को शामिल किया था. इस सूची में पीएसयू और कई अन्य कॉरपोरेट्स से जुड़ी कंपनियां भी शामिल हैं. जिन्हें पीएम मोदी की नीतियों का प्रत्यक्ष लाभार्थी माना जाता है.

# जापान एयरलाइंस ने इंडिगो के साथ किया समझौता

**एजेंसी । मुंबई**


▪ जापान एयरलाइंस वर्तमान में तोक्यो से दिल्ली और बेंगलुरु के लिए अपनी सेवाएं दे रही हैं

जापान एयरलाइंस ने इंडिगो के साथ 'कोडशेयर' समझौता किया है. इससे जापान की विमानन कंपनी को घरेलू एयरलाइन नेटवर्क के 14 गंतव्यों तक सेवाएं विस्तारित करने में मदद मिलेगी. जापान एयरलाइंस वर्तमान में तोक्यो से दिल्ली और बेंगलुरु के लिए अपनी सेवाएं संचालित करती है.

वह हनेदा हवाई अड्डे से राष्ट्रीय राजधानी के लिए दैनिक उड़ान सेवाएं, जबकि नारिता हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करती हैं. बयान में कहा गया, जापान एयरलाइंस (जेएएल) और इंडिगो ने कोडशेयर साझेदारी पर सहमति व्यक्त की है. इससे जापान और भारत के बीच अधिक यात्रा विकल्प उपलब्ध होने से लोगों को फायदा होगा.

## बायजूस कर्मचारियों का हाल

# मई महीने के वेतन का प्रबंध कारोबारी कमाई से होगा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजूस ने अपने कर्मचारियों के मई महीने के वेतन का प्रबंध महीने की कारोबारी कमाई से किया है. कंपनी से जुड़े सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी. कंपनी के संस्थापकों को पिछले साल कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने के लिए ऋण जुटाने हेतु अपना घर गिरवी रखना पड़ा था. एक सूत्र ने कहा, बायजूस के कर्मचारियों के लिए मई महीने का वेतन जुटा लिया गया है और उसका भुगतान कर दिया जाएगा. यह बायजूस के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वेतन का भुगतान कंपनी की इस महीने की कारोबारी कमाई से किया गया है. कंपनी ने पिछले महीने वेतन खर्च वहन करने के लिए विभिन्न ऋण जुटाए थे, क्योंकि वह फरवरी में राइट्स के जरिए जुटाई गई 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का इस्तेमाल नहीं कर पाई थी. एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई छह जून को होनी है.

## पीएमआई सर्वेक्षण — सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई

# मई में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में गिरावट

- मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था. निर्यात में 13 वर्षों में सबसे अधिक वृद्धि

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा. सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई. मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था. मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था. पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है.

एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा, विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही. दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है. सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है. कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है.

अंतरराष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है. साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई. एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है.

### 28 पैसे की बढ़त के साथ 83.14 प्रति डॉलर पर

**मुंबई ।** 'एग्जिट पोल' में सत्तारूढ़ भाजपा की एक बार फिर सरकार बनने के अनुमानों से उत्साहित स्थानीय शेयर बाजारों के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने के बीच सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे की मजबूती के साथ 83.14 पर बंद हुआ. यह रुपये का दो माह का उच्चस्तर है. स्थानीय मुद्रा में इस बड़े सुधार के पीछे मजबूत घरेलू व्यापक आर्थिक आंकड़ों, विदेशी पूंजी की आवक और अमेरिकी मुद्रा में आई आंशिक कमजोरी जैसे सकारात्मक कारकों की भूमिका रही.

## पीवी सिंधु बनीं ब्रांड एंबेसडर

# खिलाड़ी ने ग्रीनडे के 'बेटर न्यूट्रिशन' ब्रांड में निवेश किया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु ने ग्रीनडे के 'बेटर न्यूट्रिशन' ब्रांड में निवेश किया है और वह उसकी ब्रांड एंबेसडर भी होंगी. एक बयान में यह जानकारी दी गई. बेटर न्यूट्रिशन' ब्रांड का मकसद 'बायोफोर्टिफाइड' (जैव-प्रबलित) खाद्य पदार्थों के जरिए भारत में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करना है. इसके तहत कंपनी बायोफोर्टिफाइड आटा, चावल, बाजरा, रागी और मक्का उपलब्ध कराती है. सिंधु ने बयान में कहा, मैं ऐसे ब्रांड के साथ सहयोग करके खुश हूं जो हमारे देश में पोषण की कमी के गंभीर मुद्दे से निपटने की दिशा में काम करता है. ग्रीनडे की स्थापना भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) के पूर्व छात्र रस्तोगी और ऐश्वर्या भटनागर ने की है. कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रस्तोगी ने कहा, भारत में पोषण की कमी एक गंभीर चिंता का विषय है, जहां 50 प्रतिशत से अधिक आबादी जिंक, आयरन और प्रोटीन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की कमी से पीड़ित है.

## ब्रीफ खबरें

### पुलवामा में सुरक्षा बलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में निहामा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया. उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी और मुठभेड़ शुरू हो गई.

### अज्ञात हमलावरों ने की पुलिसकर्मी की हत्या

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में अज्ञात हमलावरों ंने एक पुलिस जवान की धारदार हथियारों से हत्या कर दी. पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात गादीरास थाना क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने प्रधान आरक्षक सोढ़ी लक्ष्मण की धारदार हथियार से हत्या कर दी. उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है कि लक्ष्मण गांव में आयोजित मेले में गए थे, उसी समय कुछ लोगों ने उनकी गर्दन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया.

### छत्तीसगढ़ : अंबिकापुर के होटल में लगी आग

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहर के एक होटल में सोमवार को आग लग गई. पुलिस के मुताबिक, इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित राधे कृष्णा होटल में अचानक आग लग गई व आग की लपटें होटल से लगे खेल सामानों की दुकान तक फैल गई. सोशल मीडिया पर जारी घटना की तस्वीरों में परिसर से गहरा धुआं उठता दिखाई दे रहा है. आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है.

### उप्र : गंगा नदी में नहाने गए तीन युवक लापता

**बिजनौर।** जिले में गंगा के रावली घाट पर नहाने गये तीन युवक लापता हो गए, जिसके बाद गोताखोर तीनों की तलाश कर रहे हैं. पुलिस ने सोमवार को बताया कि गंगा नदी के रावली घाट पर नहाने गए तीन युवकों के गहरे पानी में चले जाने से डूबने की आशंका है. बिजनौर कोतवाली सुशील कुमार ने बताया कि घटना रविवार शाम की है, जब चार युवक बिलाल (25), अरशद (23), शाहनवाज (25) और जुनैद (24) गंगा नदी में नहाने गए थे, और गहरे पानी में चले गए.

### दलाई लामा घुटने के इलाज के लिए अमेरिका जाएंगे

**धर्मशाला (हिप्र)।** तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा घुटने के इलाज के लिए इस महीने अमेरिका जाएंगे. उनके कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी. दलाई लामा के सचिव त्सेतेन सम्दुप छोएकयापा ने एक बयान में कहा,20 जून के बाद अगले नोटिस तक आम लोगों से मुलाकात समेत कोई कार्यक्रम नहीं होगा. इसमें कहा गया है, दलाई लामा अपने घुटनों के इलाज के लिए अमेरिका की यात्रा करने वाले हैं. उनके धर्मशाला लौटने पर ही नियमित कार्यक्रम बहाल होंगे.

### वॉशिंगटन पोस्ट के कार्यकारी संपादक ने इस्तीफा दिया

**न्यूयॉर्क।** द वॉशिंगटन पोस्ट ने रविवार को कहा कि सैली बजबी ने समाचार पत्र के कार्यकारी संपादक पद से इस्तीफा दे दिया है. बजबी तीन वर्षों तक अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में से एक द वॉशिंगटन पोस्ट की कार्यकारी संपादक रहीं. द वॉल स्ट्रीट जर्नल के पूर्व प्रधान संपादक मैट मुरे इस वर्ष के राष्ट्रपति चुनाव तक द वॉशिंगटन पोस्ट के कार्यकारी संपादक का पद संभालेंगे. चुनाव के बाद टेलीग्राफ मीडिया ग्रुप के वर्तमान उपसंपादक रॉबर्ट विनेट यह पद संभालेंगे.

### पालघर के गोदामों में लगी आग, प्रतिष्ठानों को नुकसान

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक औद्योगिक परिसर में प्लास्टिक का सामान बनाने वाली कंपनी में आग लग गई, जिससे इकाई और आसपास के कुछ अन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा. अग्निशमन अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आग अचोले इलाके में स्थित कंपनी में रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे लगी.

---

चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस : लोकसभा चुनाव 2024 में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया

# 64 करोड़ मतदाताओं ने वोट देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया : सीईसी

एजेंसा । नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में लोकसभा चुनाव 2024 को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया. 64 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इनमें 31 करोड़ से ज्यादा महिला मतदाता शामिल हैं. सीईसी ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया.

**आयोग ने सभी मतदाताओं का खड़े होकर अभिनंदन किया :** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सात चरणों की चुनाव प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी. साथ ही निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का खड़े होकर अभिनंदन किया.



प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य.

### 85 वर्ष से ऊपर वाले मतदाताओं ने घर बैठे वोट दिया

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हमने बुजुर्गों के घर जाकर उनका वोट लिया है. कहा 85 वर्ष से ऊपर के उम्र वाले मतदाताओं ने घर बैठे वोट दिया. लगभग 1.5 करोड़ मतदानकर्मियों और सुरक्षा कर्मियों की आवाजाही के लिए 135 विशेष ट्रेनों, चार लाख वाहनों और 1692 फ्लाट्स की सहायता ली गयी.

**जम्मू-कश्मीर में चुनाव जल्द कराएंगे :** आयोग ने कहा कि वह जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू करेगा. जम्मू एवं कश्मीर में मतदान प्रतिशत से निर्वाचन आयोग बहुत उत्साहित है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लोगों की उत्सुकता को दर्शाता है. बहुत जल्द जम्मू एवं कश्मीर में विस चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे.

### सोमवार व शुक्रवार को मतदान नहीं कराया जाना चाहिए

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने माना कि सोमवार और शुक्रवार को मतदान नहीं कराया जाना चाहिए, क्योंकि इन दिनों के बीचच काफी लंबा अंतर हो जाता है. चुनाव आयोग से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शुक्रवार और सोमवार की बात बिल्कुल सही है. यह भी हमारे लिए सीखने वाली बात है. चुनाव गर्मी से पहले होने चाहिए. मतदान सोमवार और शुक्रवार को नहीं कराए जाने चाहिए. हमने विधानसभा चुनावों में ऐसा ही किया था, लेकिन यह इतनी बड़ी प्रक्रिया है कि हम इस बार इसे नहीं कर पाए. चुनाव आयुक्त ने इसके लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों, परीक्षाएं और सुरक्षा बलों के मूवमेंट को जिम्मेदार ठहराया .लापता जेंटलमैन वापस आ गए हैं निर्वाचन आयुक्तों को सोशल मीडिया पर कुछ मीम में लापता जेंटलमैन नाम दिए जाने के संदर्भ में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि हम हमेशा यहीं थे, कभी नदारद नहीं रहे. उन्होंने कहा कि अब मीम बनाने वाले कह सकते हैं कि लापता जेंटलमैन वापस आ गए हैं. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित करने के लिए अपनाई जाने वाली मतगणना प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत है. यह घड़ी की सटीकता के समान काम करती है. सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी. उसके आधे घंटे बाद ही हम ईवीएम की गिनती शुरू कर देंगे. इसमें कोई संदेह नहीं है.

### आयोग ने जयराम रमेश का अनुरोध ठुकराया

कांग्रेस नेता जयराम रमेश के अनुरोध को चुनाव आयोग ने सिरे से ठुकरा दिया है और कहा है कि आज शाम ही वो आरोपों के सबूत पेश करें. बता दें कि जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया था कि अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त होने के बाद देश भर के 150 जिलाधिकारियों को फोन किया था. अपने इस आरोप के सबूत के लिए जयराम रमेश ने एक सप्ताह का समय मांगा था. अब आयोग ने कहा है कि आपको एक सप्ताह का समय नहीं दिया जाएगा, आप सोमवार शाम ही सबूत पेश करें.

### प्रेम सिंह तमांग को एसकेएम विधायक दल का नेता चुना गया

**गंगटोक ।** प्रेम सिंह तमांग को सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) विधायक दल का नेता चुन लिया गया है, जिससे उनके सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने का रास्ता साफ हो गया है. मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर रविवार रात हुई विधायक दल की बैठक में पार्टी के सभी 31 नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित थे. एसकेएम के एक बयान के अनुसार, बैठक में पार्टी महासचिव अरुण उप्रेती ने विधायक दल के नेता के तौर पर तमांग के नाम का प्रस्ताव रखा और सांघा से विधायक सोनम लामा ने इसका अनुमोदन किया. इसके बाद तमांग को निर्विरोध विधायक दल का नेता चुन लिया गया. बयान के अनुसार, पार्टी नेताओं ने तमांग को नेता चुने जाने पर बधाई दी और उनके नेतृत्व में समर्पण के साथ काम करने का संकल्प जताया. रविवार को हुई मतगणना में एसकेएम ने विधानसभा चुनाव में राज्य की 32 में से 31 सीट पर जीत हासिल की है.

---

भारत को 'विकसित' बनाने के लिए संकल्प से काम करना होगा

# भारत की ओर आशाओं से देख रहा विश्व : नरेंद्र मोदी

एजेंसियां । भाषा

नयी दिल्ली, तीन जून (भाषा) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से पुरानी सोच और मान्यताओं का पुनर्मूल्यांकन और पेशेवर निराशावादियों के दबाव से समाज को मुक्त करने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष के 25 वर्षों में विकसित भारत की नींव निश्चित तौर पर रखी जानी चाहिए. उन्होंने एक लेख में कहा, 21वीं सदी का विश्व अनेक आशाओं से भारत की ओर देख रहा है. और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव करने होंगे. हमें सुधार के संबंध में अपनी पारंपरिक सोच को भी बदलने की जरूरत है. भारत सुधारों को सिर्फ आर्थिक सुधारों तक सीमित नहीं कर सकता. प्रधानमंत्री ने यह लेख एक जून को कन्याकुमारी से दिल्ली की हवाईयात्रा के दौरान लिखा था. लोकसभा चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद वह 30 मई को आध्यात्मिक प्रवास पर कन्याकुमारी पहुंचे थे. मोदी ने लोगों से जीवन के हर पहलू में सुधार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया.

**देश के लिए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का दृष्टिकोण रखना होगा :** सोमवार को कई अखबारों में प्रकाशित इस लेख में मोदी ने कहा कि भारत के सुधार 2047 त क विकसित भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि सुधार किसी भी देश के लिए कभी भी एक-आयामी प्रक्रिया नहीं हो सकती. इसलिए, मैंने देश के लिए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म (सुधार, निष्पादन और परिवर्तन) का दृष्टिकोण रखा है. सुधार की जिम्मेदारी नेतृत्व की है. उसी के आधार पर हमारी नौकरशाही काम करती है और जब लोग जनभागीदारी की भावना के साथ जुड़ते हैं तो हम बदलाव होते देखते हैं. यह लेख लोकसभा चुनावों की मतगणना से एक दिन पहले प्रकाशित हुआ है. आखिरी चरण के मतदान के बाद आए एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया है कि भाजपा भारी बहुमत के साथ फिर से सत्ता में आ रही है और मोदी लगातार तीसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे. फिर से सत्ता में आने पर अपनी सरकार के एजेंडे की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा, हमें अपने देश को 'विकसित भारत बनाने के लिए उत्कृष्टता को मूल सिद्धांत बनाना चाहिए. हमें सभी चार दिशाओं यानी स्पीड, स्केल, स्कोप और स्टैंडर्ड में तेजी से काम करने की आवश्यकता है. विनिर्माण के साथ-साथ, हमें गुणवत्ता पर भी ध्यान देना चाहिए और जीरो डिफेक्ट, जीरो इफ़ेक्ट (शून्य दोष, शून्य प्रभाव) के मंत्र का पालन करना चाहिए.

उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में, हमें पुरानी सोच और विश्वासों का पुनर्मूल्यांकन करने की भी आवश्यकता है. हमें अपने समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से मुक्त करने की आवश्यकता है. हमें याद रखना चाहिए कि नकारात्मकता से मुक्ति सफलता प्राप्त करने की दिशा में पहला कदम है. सफलता सकारात्मकता की गोद में खिलती है. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की असीम और शाश्वत शक्ति में उनकी आस्था, भक्ति और विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है और पिछले 10 वर्षों में, उन्होंने देश की क्षमता को और भी अधिक बढ़ते देखा है तथा इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया है. जैसे हमने 20वीं सदी के चौथे और पांचवें दशक का उपयोग स्वतंत्रता आंदोलन को नई गति प्रदान करने में किया, वैसे ही हमें 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में विकसित भारत की नींव रखनी चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम एक ऐसा समय था जिसने महान बलिदान का आह्वान किया. वर्तमान समय सभी से महान और निरंतर योगदान की मांग करता है.



### पीएम मोदी ने करुणानिधि की श्रद्धांजलि अर्पित की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी और तमिलनाडु व तमिल लोगों के विकास के लिए किए गए उनके कार्यों के लिए उन्हें याद किया. मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं कलैगनार करुणानिधि जी को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. सार्वजनिक जीवन में लंबे वर्षों के दौरान उन्होंने तमिलनाडु और तमिल लोगों के विकास की दिशा में काम किया. उन्होंने कहा, विद्वतापूर्ण स्वभाव के लिए व्यापक रूप से उनका सम्मान किया जाता है. मुझे उनके साथ हुई कई वार्ताएं याद हैं, जिनमें वह समय भी शामिल है, जब हम दोनों अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री थे.

### करुणानिधि को 100वीं जयंती पर नमन



करुणानिधि की 100वीं जयंती पर नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी.

### भाजपा के दो उम्मीदवारों ने कोर्ट का रुख किया

**कोलकाता।** भाजपा के दो उम्मीदवारों और पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनावों में मतगणना में शामिल होने से रोकने के लिए उनपर फर्जी पुलिस मुकदमे दाखिल करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया. न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने याचिका दाखिल करने की मंजूरी देते हुए कहा कि मामले पर अपराह्न दो बजे के बाद सुनवाई होगी. झाड़ग्राम से भाजपा उम्मीदवार प्रणत टुडू और बशीरहाट से पार्टी प्रत्याशी रेखा पात्रा ने कथित तौर पर उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को लेकर न्यायमूर्ति सिन्हा की पीठ का दरवाजा खटखटाया.

### सतना में कार पलटने से चार की मौत, दो घायल

**सतना (मध्य प्रदेश)।** सतना जिले में एक कार पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए. एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के सतना-रीवा मार्ग पर मनकारी गांव के पास हुई. नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद मनकारी मोड़ पर वाहन पलट गया. उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान शिबू तिवारी, शिव पांडे, नितिन और शानू खान के रूप में हुई है. अधिकारी ने बताया कि सतना जिला अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद दो घायलों को रीवा रेफर कर दिया गया. पुलिस ने बताया कि सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे.

### अमेरिका में भारतीय छात्रा हुई लापता

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में पिछले सप्ताह से 23 वर्षीय एक भारतीय छात्रा के लापता होने का ताजा मामला सामने आया है और पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए आम लोगों से भी मदद मांगी है. पिछले काफी समय से भारतीय विद्यार्थियों के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं. पुलिस के अनुसार कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन बेर्नार्डिनो (सीएसयूएसबी) की छात्रा नितीशा कंदुला 28 मई को लापता हुई थी. सीएसयूएसबी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि नितीशा को आखिरी बार लॉस एंजिलिस में देखा गया था और 30 मई को उसके लापता होने की सूचना पुलिस प्रमुख जोन ग्यूटीरेज को दी गई.

### चलती ताज एक्सप्रेस में लगी आग, यात्रियों को नुकसान नहीं



दिल्ली में चलती ट्रेन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. सूचना के मुताबिक आग ताज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12280 की तीन बोगियों में भीषण आग लगी. गनीमत रही कि इस हादसे में किसी यात्री को नुकसान नहीं हुआ है. आग कैसे लगी इस बात की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है.

### बीआरएस नेता कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में बीआरएस की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत सोमवार को तीन जुलाई तक बढ़ा दी. कविता के खिलाफ पहले जारी एक पेशी वारंट की तामील करते हुए उन्हें अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी. अदालत ने 29 मई को मामले में बीआरएस नेता के खिलाफ आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए वारंट जारी किया था. अदालत ने इस मामले में तीन सह-आरोपियों प्रिंस, दामोदर व अरविंद सिंह को जमानत दे दी. ईडी की जांच के दौरान तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया था.

## भूकंप से हिला इशिकावा, पांच मकान ढहे

एजेंसी । टोक्यो

**नोतो प्रायद्वीप के उत्तरी हिस्से में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया**

जापान का उत्तर मध्य क्षेत्र इशिकावा एक जनवरी को आए शक्तिशाली भूकंप से हुई तबाही से अभी पूरी तरह उबर भी नहीं पाया है और सोमवार को इस प्राकृतिक आपदा ने इसे एक बार फिर दहला दिया. भूकंप के झटकों से यहां मामूली नुकसान की खबर है.

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, नोतो प्रायद्वीप के उत्तरी हिस्से में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कुछ मिनट बाद 4.8 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया और फिर अगले दो घंटे में कम तीव्रता वाले भूकंप के कई झटके महसूस किये गये. एजेंसी के मुताबिक, फिलहाल सुनामी का कोई खतरा नहीं है. इशिकावा प्रांत के अधिकारियों के मुताबिक, वाजिमा शहर में एक जनवरी को आए भूकंप से क्षतिग्रस्त हुए पांच मकान भूकंप की वजह से ढह गये, लेकिन अब तक किसी के घायल होने या फिर अन्य प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है.

अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के केंद्र से करीब 100 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में स्थित सुबाता शहर में भूकंप को लेकर सूचना जारी कर दी गयी. उन्होंने बताया कि शहर में 60 वर्ष की एक महिला अपने बिस्तर से गिर गई हालांकि उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई है. एजेंसी के भूकंप विज्ञान व सुनामी विभाग के अधिकारी सतोषी हरादा ने बताया कि सोमवार को आया भूकंप एक जनवरी को आए 7.6 तीव्रता वाले भूकंप के बाद का झटका हो सकता है. भूकंप के झटके भले ही हल्के रहे लेकिन हरादा ने क्षेत्र की जनता से सतर्क रहने का आग्रह किया है. उन्होंने विशेषतौर पर उन लोगों से सावधानी बरतने को कहा है, जो पहले आए भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हुई इमारतों के निकट रह रहे हैं. वेस्ट जापान रेलवे कंपनी के मुताबिक, शिंकानसेन सुपर-एक्सप्रेस ट्रेन और अन्य ट्रेन सेवाओं को सुरक्षा जांच के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया, लेकिन उनमें से अधिकतर को फिर से शुरू कर दिया गया.


---

**नई शुरुआत** व्हाइट हाउस में रहने के दौरान ट्रंप ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की थी

# ट्रंप टिकटॉक से जुड़े, 11 लाख से अधिक फॉलोअर जुटाए

एजेंसी । न्यूयॉर्क

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे डोनाल्ड ट्रंप लोकप्रिय वीडियो एप 'टिकटॉक' से जुड़ गए हैं, जिस पर उन्होंने व्हाइट हाउस में रहने के दौरान प्रतिबंध लगाने की कोशिश की थी. वह टिकटॉक से ऐसे समय में जुड़े हैं, जब उन्हें अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत दोषी पाया गया है. इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए.



ट्रंप ने टिकटॉक पर एक वीडियो में कहा, यह एक सम्मान है. इस वीडियो में उन्हें शनिवार रात को न्यूजर्सी में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप मुकाबले में प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए और सेल्फी खिंचवाते हुए देखा गया. रविवार सुबह तक ट्रंप ने इस सोशल मीडिया मंच पर 11 लाख से अधिक फॉलोअर जुटा लिए और उनके पोस्ट को 10 लाख से अधिक लोगों ने पसंद किया और 2.4 करोड़ लोगों ने उसे देखा.

**खास बातें**

- हाल ही में पॉर्न स्टार मामले में ट्रंप दोषी पाये गये थे
- उनके पोस्ट को 10 लाख से अधिक लोगों ने पसंद किया

### युवा दर्शकों तक लगातार पहुंचने का प्रयास

ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन च्युंग ने उनके टिकटॉक से जुड़ने के बारे में एक बयान में कहा, हम किसी भी मोर्चे पर अपनी उपस्थिति नहीं छोड़ेंगे और यह ट्रंप समर्थक और बाइडन रोधी सामग्री देखने वाले युवा दर्शकों तक लगातार पहुंचने का प्रयास है. राष्ट्रपति जो बाइडन ने अप्रैल में एक विधेयक पर हस्ताक्षर किये थे, जिससे अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लग सकता है. हालांकि, उनका चुनाव प्रचार अभियान फरवरी में टिकटॉक से जुड़ गया था और उसने इन्फ्लूएंसर्स के साथ काम करने का प्रयास किया है. टिकटॉक का मालिकाना हक बीजिंग स्थित कंपनी बाइटडांस के पास है. अमेरिका में करीब 17 करोड़ लोग इसका इस्तेमाल करते हैं जिनमें से ज्यादातर युवा हैं. ट्रंप ने राष्ट्रपति रहते हुए टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश करते हुए कहा था कि चीनी कंपनियों द्वारा विकसित और मालिकाना हक वाले मोबाइल एप का अमेरिका में प्रसार राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है. टिकटॉक द्वारा मुकदमा करने के बाद अदालतों ने उनके इस कदम को रोक दिया था.

## असम बाढ़ : तीन और लोगों की मौत, 5.35 लाख लोग प्रभावित

भाषा । गुवाहाटी

असम में बाढ़ के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है और बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन और लोगों की मौत हो गई. राज्य में कई नए इलाके जलमग्न हो गए हैं. हालांकि एक आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या में मामूली कमी आयी है. इसमें कहा गया है कि राज्य में नदियां अब भी उफान पर हैं और विभिन्न इलाकों में प्रभावित लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है. असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के एक बुलेटिन में रविवार रात को बताया गया कि बाढ़ से 13 जिलों में 5,35,246 लोग अब भी प्रभावित हैं. शनिवार को 10 जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 6,01,642 थी. कछार में दो और नागांव में एक व्यक्ति की मौत होने के साथ ही 28 मई से लेकर अब तक बाढ़ और तूफान में मारे गए लोगों की संख्या 18 हो गयी है.

एएसडीएमए के बुलेटिन के अनुसार, तीन प्रमुख नदियां - कोपिली, बराक और कुशियारा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. विभिन्न जिलों में 39,000 से अधिक विस्थापित लोगों ने 193 राहत शिविरों में शरण ली है. इसके साथ ही 82 अन्य राहत वितरण केंद्र भी बनाए गए हैं. एनडीआरएफ, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) समेत कई एजेंसियां और स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव अभियान चला रहा है जबकि प्रभावित इलाकों में चिकित्सा दलों को भी तैनात किया गया है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)